ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • श्रावण शुक्ल पक्ष 07 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 24 जुलाई 2023 • वर्ष-29 • अंक-278 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



हर किसी को अपने फैसले लेने की ... पेज 10 पर

NEWS इन ब्रीफ

### एटीएस ने कालू लामा गिरोह के अपराधी शुभम विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया

**रांची।** एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) और रांची पुलिस ने संयुक्त रूप से कारवाई करते हुए कालू लामा (मृत) गिरोह के अपराधी शुभम विश्वकर्मा को एटीएस पकड़ लिया है। जानकारी के मुताबिक, एटीएस की टीम ने शुभम विश्वकर्मा को शनिवार रात हरमू रोड स्थित मुक्ति धाम के पास से पकड़ा है। पकड़े गये अपराधी से एटीएस की टीम पूछताछ कर रही है। उल्लेखनीय है कि 27 जनवरी 2022 को मोरहाबादी मैदान के पास अपराधी कालू लामा पर लव कुश शर्मा गिरोह के अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी। कालू लामा के गर्दन में गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गयी थी। जबकि दूसरे अपराधी शुभम विश्वकर्मा को गंभीर हालात में रिम्स भर्ती कराया गया था।

### ऑटो चालक ने रुपये नहीं देने पर मालकिन को मारी गोली

**दुमका।** दुमका नगर थाना क्षेत्र से शनिवार की रात करीब दो बजे एक महिला को गोली मारने का मामला सामने आया है। यहां हांसदा क्लीनिक के सामने मांझी टोला में पैसा नहीं देने पर ऑटो चालक रूपलाल हांसदा ने संगीता किस्कू (35) को गोली मार दी। गोली महिला के पेट में लगी है। आसपास के लोगों ने गंभीर हालत में महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उसे धनबाद रेफर कर दिया। मांझी टोला की रहने वाली महिला अपने बेटे और बेटी के साथ रहती है। उसका एक ऑटो है, जिसे जामा थाना क्षेत्र के असंथर गांव का रहने वाला रूपलाल हांसदा चलाता है। रूपलाल रोज शाम को ऑटो महिला के घर पर लगाने के बाद अपने गांव चला जाता है। कभी कभार देर होने पर मालकिन के घर में भी रुक जाता है। पुलिस का कहना है कि रात को नशे में धुत ऑटो चालक ने महिला से पैसों की मांग की थी। महिला ने पैसे देने से इंकार किया तो दोनों में कहासुनी हो गई। इसके बाद चालक महिला के पेट में गोली मारकर भाग गया। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े और महिला को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। थाना प्रभारी अरविंद कुमार का कहना है कि महिला को बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया है। आरोपित की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

## झारखंड में 29 जुलाई तक रुक-रुक कर होगी बारिश



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के अधिकांश जिलों में हवा के साथ रुक-रुक बारिश हो रही है। लंबे अंतराल के बाद झारखंड में मानसून सक्रिय हुआ है। इसी वजह से बारिश हो रही है। पूरे राज्य में बारिश होने से तापमान में गिरावट आयी है। राज्य में गोड्डा और पाकुड़ ऐसे हैं, जहां का तापमान 35 डिग्री से ऊपर है। राजधानी रांची का तापमान 28 डिग्री है। रांची में रविवार सुबह से ही काले बादल छाए हुए हैं। बीच-बीच में हल्की बारिश भी भी हो रही है। मौसम में ठंडापन आ गया है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने रविवार को बताया कि बंगाल की खाड़ी में लो-प्रेशर होने के कारण 29 जुलाई तक झारखंड में अच्छी वर्षा देखने को मिलेगी। इसका असर राजधानी में भी दिखेगा। करीब-करीब पूरे राज्य में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो रही है। चाईबासा जिले में कई स्थानों पर तेज बारिश भी हुई। सबसे अधिक चाकुलिया में करीब 97 मिमी के आसपास बारिश हुई। शनिवार को राजधानी रांची में रुक-रुक कर बारिश होती रही। यहां करीब सात मिमी बारिश हुई है। मौसम केंद्र के अनुसार 29 जुलाई तक राज्य में मौसम इसी तरह रहेगा। कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होती रहेगी।

## श्रावणी मेला ड्यूटी में प्रतिनियुक्त 506 पुलिसकर्मी पुरस्कृत, 39 निलंबित

**देवघर।** झारखंड के विभिन्न जिलों से देवघर श्रावणी मेला के दौरान प्रतिनियुक्ति बेहतर काम करने वाले पुलिसकर्मी को पुरस्कृत किया गया। साथ ही ड्यूटी में लापरवाह और अनुशासनहीनता पुलिसकर्मियों को निलंबित होना पड़ रहा है। मेला ड्यूटी में प्रतिनियुक्त 506 पुलिसकर्मी ऐसे हैं, जिन्हें बेहतर काम करने के लिए पुरस्कृत किया गया जबकि अस्थाई टीओपी, रूट लाइन और विधि व्यवस्था में लगे 39 पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है। मेला के लिए बनाए गए अस्थायी ओपी, यातायात ओपी और रूट लाइनिंग में तैनात कई पुलिसकर्मी अनुपस्थित होने, शराब पीकर ड्यूटी करने, लोगों को भड़काने सहित कई आरोप में पुलिसकर्मी निलंबित किये गये हैं। निलंबित होने वाले जवानों में रांची, बोकारो, धनबाद, सिमडेगा, गिरीडीह, लोहरदगा, जामताड़ा, गढ़वा, देवघर, विशेष शाखा, प्रशिक्षण केंद्र नेतरहाट के पुलिसकर्मी शामिल हैं। बोकारो और सिमडेगा के सबसे अधिक पुलिसकर्मी निलंबित हुए हैं। इसमें शामिल विभिन्न जिले से मेला ड्यूटी में प्रतिनियुक्त सभी पुलिसकर्मी को 1000 रुपये से पुरस्कृत किया गया। एसआई विजय कुमार किण्डो, आरक्षी निरंजन उरांव, अनिल कुमार साहू, राजू साहू और अमर कुमार का नाम शामिल हैं।

### ये पुलिसकर्मी हुए निलंबित

आरक्षी सत्येंद्र कुमार, रांची जिलाबल ,एएसआई उग्रीव पासवान, रांची जिलाबल ,आरक्षी बिरसु ऊराव, बोकारो जिलाबल ,आरक्षी उमेश कुमार बोकारो जिला बल, आरक्षी सुमंत यादव बोकारो जिलाबल , आरक्षी चंदन कुमार सांडिल्य, बोकारो जिला बल, आरक्षी पप्पू कुमार यादव जैप-03 गोविंदपुर धनबाद, आरक्षी मो शाहीद अंसारी, धनबाद जिला बल, आरक्षी दुखराज ऊराव धनबाद जिला बल, एएसआई अक्षयवर राम, सिमडेगा जिलाबल, हवलदार अनुज कुमार सिमडेगा जिला बल, हवलदार अनुज कुमार सिमडेगा जिला बल, आरक्षी अशोक कुमार दिग्वार सिमडेगा जिलाबल ,आरक्षी शम्भू कुमार, गिरीडीह जिलाबल ,आरक्षी अरशद अजीज, गिरिडीह जिलाबल ,आरक्षी सुखनाथ प्रधान लोहरदगा जिलाबल ,आरक्षी बुदीराम बास्की, जामताड़ा जिलाबल , एएसआई सुशांत लकड़ा गढ़वा जिला बल,आरक्षी अमित गौरव, देवघर जिलाबल ,आरक्षी पतरस मलतो जैप-5, आरक्षी फैयाज अहमद, विशेष शाखा, आरक्षी विनोद कुमार महतो प्रशिक्षण केंद्र नेतरहाट।

## कोबरा ने डंसा, सांप को बोरी में बंद कर पहुंच गया अस्पताल



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के रेहला में एक अजब गजब मामला प्रकाश में आया है। मामला शनिवार शाम की है। रेहला थाना क्षेत्र के बी- मोड़ के पास गोदरमाना गांव में साहब भुइयां के घर में सांप घुस गया। उसे निकालने के लिए अन्य लोगों को बुलाया गया। इस बीच साहब भुइयां सांप को पकड़ लिया। पकड़ते ही उसे सांप ने डस लिया। उसकी हालत बिगड़ती गई । घर के लोग घबरा कर चीख पुकार करने लगे। इसी दौरान उस व्यक्ति के पुत्र ने सांप को जाते देख उसे पकड़कर बोरी में रख लिया और उसे सदर अस्पताल लेकर पहुंच गया। पहले जड़ी बूटी देकर उस व्यक्ति का इलाज किया जा रहा था। स्थिति बिगड़ते देख वह पूरे परिवार के साथ मेदिनीनगर स्थित सदर अस्पताल पहुंचा, और डॉक्टर से बोला कि जिस सांप ने मेरे पिता को काटा है। मैं उसे बोरी में बंद कर-के साथ ले आया हूं। सांप को देखते ही डॉक्टर सहित अस्पताल में हड़कंप मच गया। सांप को देखने के लिए अस्पताल के कर्मचारी, मरीज के परिजनों की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस व वन विभाग को दी गई। सूचना मिलने पर वन विभाग के कर्मी सदर अस्पताल आकर सांप को अपने कब्जे में लिया और जाकर जंगल में छोड़ दिया। सांप ने उक्त व्यक्ति के उंगली में काट लिया है। समाचार भेजने तक उसका इलाज मेदिनीनगर सदर अस्पताल में चल रहा है।

### इंडियन योग एसोसिएशन का कार्यक्रम आयोजित

# योग विश्व को भारत का अमूल्य उपहार : राज्यपाल




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि योग सदियों से किया जाता रहा है। इसकी जड़ें हमारी भारतीय विरासत में गहरी हैं और यह अब वैश्विक बन गई है तथा इसे दुनिया भर में लाखों लोगों ने अपनाया है। यह पूरे विश्व को भारत का एक अमूल्य उपहार है। राज्यपाल रविवार को आईएमए में इंडियन योग एसोसिएशन-झारखंड स्टेट चैप्टर की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि योग केवल शारीरिक आसन या व्यायाम नहीं है, यह एक समग्र जीवनशैली है जो हमें स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है, तनाव को कम करता है और विचारों में स्पष्टता लाता है। इसे भावी पीढ़ियों तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वैश्विक मंच पर योग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके उल्लेखनीय पहल से संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया तथा इससे पूरे विश्व में योग के प्रति जागरुकता में वृद्धि हुई। राज्यपाल ने कहा कि हमारे देश में बहुत से लोग मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित है, जो अन्य बीमारियों को भी जन्म देती है। बदलते जीवनशैली के कारण युवाओं में भी विभिन्न व्याधियां देखने को मिल रही हैं। ऐसे में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है, यह जीवन में अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने सभी से योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने का आह्वान किया। इसे अपनाकर लोग अपनी सेहत पर इसके गहन सकारात्मक प्रभाव का अनुभव कर सकते हैं। इंडियन योग एसोसिएशन झारखंड स्टेट चैप्टर के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में योग को लेकर कई महत्वपूर्ण बातें बताई गई। योग के जरिए कौन-कौन से रोगों को दूर किया जा सकता है। इसे लेकर भी कार्यक्रम में जानकारियां दी गईं।

## सशस्त्र बलों में 11 हजार अधिकारियों की कमी, मेजर; फ्लाइट लेफ्टिनेंट के पद खाली

**नई दिल्ली।** भारतीय थल सेना वायु सेना और नौसेना में 11 हजार से अधिक ऑफिसर की कमी है। खाली पड़े इन पदों में आधे से अधिक इंडियन आर्मी से संबंधित हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक सेना में मेजर और कैप्टन जैसे रैंक के अधिकारियों की कमी है। वहीं भारतीय वायु सेना में स्क्वाड्रन लीडर और फ्लाइट लेफ्टिनेंट जैसे महत्वपूर्ण अधिकारियों की कमी है। इसी तरह भारतीय नौसेना में लेफ्टिनेंट कमांडर रैंक के अधिकारियों समेत अन्य कई अधिकारियों की कमी है। तीनों सेनाओं में कुल 11,266 अधिकारियों की कमी है। खाली पड़े इन पदों को लेकर रक्षा मंत्रालय का कहना है कि कोविड महामारी के दौरान अधिकारियों की कम भर्ती हुई थी। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक कोरोना काल में अधिकारियों की कम भर्ती होना भी भारतीय सेना, वायु सेना और नौसेना में मेजर और कैप्टन और समकक्ष और अन्य रैंक के अधिकारियों की कमी का एक बड़ा कारण है। रक्षा मंत्रालय ने इस संदर्भ में संसद को लिखित जानकारी में बताया कि भारतीय थल सेना में 68 सौ से अधिक अधिकारियों के पद खाली हैं। थल सेना में मेजर स्तर के 2,094 और कैप्टन स्तर के 4,734 अधिकारियों की कमी है। वहीं भारतीय वायुसेना की बात करें तो वायु सेना में 881 स्क्वाड्रन लीडर और 940 फ्लाइट लेफ्टिनेंट की कमी है। वायु सेना के लिहाज से अधिकारियों के यह पद बहुत महत्वपूर्ण है। थल सेना और वायु सेना की तरह नौसेना में भी अधिकारियों के पद रिक्त हैं। नौसेना में लेफ्टिनेंट कमांडर और उससे नीचे के रैंक के 2,617 अधिकारियों की कमी है। रक्षा मंत्रालय का स्पष्ट कहना है कि कोविड-19 महामारी के दौरान अधिकारियों की कम भर्ती इस कमी का मुख्य कारण रहा है। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट के मुताबिक तीनों सेनाओं वायु सेना, नौसेना और थलसेना में कोरोना के दौरान अधिकारियों की नियुक्ति पर प्रभाव पड़ा है। इसके अलावा रक्षा मंत्रालय का कहना है कि 'शॉर्ट सर्विस कमीशन' (एसएससी) जैसे सहायक कैडरों में भी कम भर्ती होना भी अधिकारियों की इस कमी के लिए जिम्मेदार है। गौरतलब है कि सेनाओं में अधिकारियों भर्ती कई माध्यम से की जाती है। उनमें से एक माध्यम एसएससी है, जहां कैडेट 11 महीने के प्रशिक्षण के बाद पास होकर अधिकारी बनते हैं और 10 से 14 साल के निश्चित कार्यकाल के लिए बलों में सेवा करते हैं। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि अधिकारियों की कमी को पाटने के लिए वह इन पदों पर अधिकारियों की पुनः नियुक्ति जैसी किसी वैकल्पिक रणनीति पर विचार नहीं कर रहा है, लेकिन सेना में 'शॉर्ट सर्विस' प्रविष्टि को और अधिक आकर्षक बनाने पर विचार किया जा रहा है। हालांकि इस सब के बीच एक सकारात्मक बात यह है कि रक्षा मंत्रालय राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में महिला उम्मीदवारों की भर्ती वर्ष 2022 से शुरू कर चुका है। वर्ष 2022 से लेकर अब तक 57 महिला कैडेटों को एनडीए के माध्यम से भर्ती किया जा चुका है। एनडीए महिला कैडेट की संख्या में हरियाणा सबसे आगे है।

## युवा किसान की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

**खूंटी।** मारंगहादा थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात कांडे तुबिद गांव में चमरा मुंडा उर्फ चमरू ( 25) की अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। अपराधियों ने चमरू को छह गोलियां मारी। जानकारी के अनुसार चमरा मुंडा खेत में सिंचाई कर शनिवार रात लगभग आठ बजे अपने घर लौट रहा था। घर से महज तीन सौ मीटर की दूरी पर अज्ञात अपराधियों ने उसे गोलियों से छलनी कर दिया। बताया गया गोली लगने से चमरा मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वजन उसे सदर अस्पताल खूंटी ले कर आये, पर उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया, पर रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक चमरा मुंडा की गर्भवती पत्नी पिंकी बॉबी तिडू ने पुलिस को बताया कि वह रात को लगभग आठ बजे अपने पति कें खेत से लौटने का इंतजार कर रही थी। घर से महज कुछ दूरी पर अपराधियों ने चमरा मुंडा को गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर पत्नी जब बाहर निकली, तब तक अपराधी फरार हो चुके थे और चमरा मुंडा जमीन पर गिरा पड़ा था। पिंकी ने पुलिस को बताया कि उसके घर से लगभग तीन सौ मीटर की दूरी पर रात को पांच-छह लोग खड़े थे, लेकिन वह उनके इरादों को भांप नहीं सकी। अंधेरा के कारण वह उन लोगों को पहचान नहीं पाई।

पुलिस ने रविवार को सदर अस्पताल खूंटी में शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया। इस संबंध में एसडीपीओ अमित कुमार ने कहा कि पुलिस हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है। फिलहाल हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

## नशे में धुत पति ने की टांगी से काटकर पत्नी की हत्या



नवीन मेल संवाददाता

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पाण्डेयटांड के बिचली नदी समीप रोगो टांड में नशे में धुत एक शराबी पति ने अपनी पत्नी की हत्या टांगी से वार कर कर दी। मृतका की पहचान रीना देवी (45) के रूप में हुई। पुलिस ने शव को उसके घर से बरामद करने के साथ आरोपी पति राजदेव उर्फ राजो भुइयां को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में प्रयुक्त टांगी, खून से सने कुछ कपड़े व घटनास्थल से मिट्टी में लगा खून पुलिस ने बरामद करने के साथ आरोपी को हिरासत में लेकर मामले से जुड़ी बिंदुओं पर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, तो थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव व एसआई विजय कुमार गुप्ता दलबल के साथ पाण्डेटांड़ पहुंचकर घटना की जानकारी ली। इस दौरान आरोपी पति पहले पुलिस को इधर उधर की बातों में भटकाता रहा, लेकिन कड़ाई से पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर घर में छिपा कर रखे हत्या में प्रयुक्त टांगी व खून से रंगे कपड़ा को बरामद किया। पुलिस ने शव को पोसटमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

चिंताजनक

### पलामू में सिंचाई परियोजनाओं का काम अधूरा

# सुखाड़ की दहलीज पर पलामू, हाहाकार

### सवा लाख हेक्टेयर जमीन प्यासी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू झारखंड में बारिश के हालात को देखते हुए एक बार फिर से सुखाड़ की चर्चा जोरों पर है। राज्य के कई ऐसे जिले हैं जहां बारिश औसत से बेहद ही कम हुई है, लेकिन राज्य के कुछ ऐसे भी इलाके हैं जो प्रत्येक दो वर्षों में सुखाड़ का सामना करते हैं। यह इलाका है पलामू प्रमंडल का। पलामू प्रमंडल में धान की खेती को लेकर कई बड़ी सिंचाई परियोजनायें शुरू हुई थी। दशकों बीत गये, लेकिन आज भी यह सिंचाई परियोजना पूरी नहीं हुई है। सिंचाई परियोजना का काम अधूरा रहने से अकेले पलामू जिला में 1.32 लाख हेक्टेयर जमीन अब तक प्यासी है। यह जमीन सिंचाई के लिए सिर्फ और सिर्फ प्रकृति पर निर्भर है। वर्ष 2022 के बाद 2023 में भी पलामू में औसत से बेहद कम बारिश हुई है। जुलाई महीने में 70 प्रतिशत से भी कम बारिश हुई है। नतीजा है कि पलामू के इलाके में अभी तक धनरोपनी भी शुरू नहीं हुई है। वर्ष 2022 में पलामू के सभी प्रखंडों को सुखाड़ घोषित किया गया था। बताते चलें कि पलामू प्रमंडल का इलाका बिहार के मगध से सटा हुआ है, जो धान के कटोरा के नाम से जाना जाता है। अविभाजित बिहार में कई बड़ी सिंचाई परियोजनाएं शुरू हुई थी। जिनसे पलामू प्रमंडल के इलाके में भी सिंचाई होनी थी, लेकिन राज्यों के आपसी विवाद और तकनीकी कारणों के कारण कोई भी सिंचाई परियोजना पूरी नहीं हुई है। 70 के दशक में शुरू हुई सिंचाई परियोजनाओं पर अब तक अरबों रुपए खर्च हो गये हैं, लेकिन आज तक परियोजना का काम पूरा नहीं हुआ। बिहार के मगध और पलामू प्रमंडल को ध्यान में रखकर उत्तर कोयल नहर परियोजना (मंडल डैम), बटाने सिंचाई परियोजना, औरंगा और कनहर सिंचाई परियोजना शुरू की गई थी। इन परियोजनाओं पर डेढ़ हजार करोड़ से भी अधिक खर्च हो चुके हैं, लेकिन अभी तक सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पाया। कोयल नहर परियोजना की पीएम ने रखी थी आधारशिला, पर काम शुरू नहीं हुआ। वर्ष 2019 देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर कोयल नहर परियोजना के तहत अधूरे मंडल डैम के कार्यों को पूरा करने की आधारशिला रखी थी, लेकिन आज तक इस परियोजना पर कार्य शुरू नहीं हुआ है। मंडल डैम के पूरा होने के बाद 390324 एकड़ जमीन में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होती। पलामू में 49000 एकड़ जमीन में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होती। मंडल डैम में 1160 मिलियन घन पानी मीटर जमा होगा और यहां से करीब 96 किलोमीटर की दूरी तय कर मोहम्मदगंज भीम बराज पहुंचेगा और यहां से नहर के माध्यम से बिहार के गया औरंगाबाद को पानी मिलेगा।

## माओवाद प्रभावित सिमडेगा में युवाओं के लिए पुलिस अंकल की ट्यूटोरियल क्लासेज




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** जिन वर्दी वालों पर कानून का इकबाल कायम रखने की जिम्मेदारी है, वो जब बंदूक और डंडा छोड़ हाथों में कलम और चॉक पकड़ते हैं तो कितना बड़ा कमाल कर सकते हैं, इसकी मिसाल देखनी हो तो सिमडेगा आइए। झारखंड के इस नक्सल प्रभावित जिले में पुलिस के लोग अपनी व्यस्त और सख्त ड्यूटी से वक्त निकालकर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के लिए 16 जगहों पर ट्यूटोरियल क्लास चला रहे हैं। पुलिस अंकल ट्यूटोरियल क्लास के नाम से चल रहे इन सेंटरों में पढ़ाई कर इस साल तकरीबन डेढ़ हजार छात्र-छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा में कामयाबी हासिल की है। इनमें से 630 स्टूडेंट्स ने तो फर्स्ट क्लास के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की है। पुलिस अंकल ट्यूटोरियल क्लासेज की यह मुहिम पिछले चार सालों में चल रही है। इन सेंटर्स में पढ़कर अब तक ढाई हजार छात्र-छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन किया है। ये उन इलाकों के बच्चे हैं, जहां से बड़े पैमाने पर ह्यूमन ट्रैफिकिंग होती रही है। माओवादी और दूसरे नक्सली संगठनों के लिए ये पिछड़े इलाके बेहद मुफीद रहे हैं। ऐसे में सिमडेगा जिला पुलिस की इस पहल के सकारात्मक नतीजे सामने आ रहे हैं। सिमडेगा के एसपी सौरभ कुमार के मुताबिक वर्ष 2022 में 15 जगहों पर चलाई गई पुलिस अंकल ट्यूटोरियल क्लासेज में कुल 1643 बच्चों ने पढ़ाई की। इनमें से 91 प्रतिशत बच्चे सफल रहे। उत्तीर्ण होने वाले कुल 1488 बच्चों में 630 को फर्स्ट और 741 को सेकेंड क्लास में सफलता मिली। 78 बच्चे थर्ड और 39 बच्चे मार्जिनल अकों के साथ सफल रहे। सफल हुए बच्चों में कई ऐसे गांवों-मुहल्लों के हैं, जहां अब भी गिने-चुने लोग ही मैट्रिक पास हैं। कई बच्चे ऐसे भी थे, जो घर-परिवार की कमजोर माली हालत या जागरूकता की कमी के चलते सातवीं-आठवीं आते-आते ड्रॉपआउट हो चुके थे। सफल स्टूडेंट्स में लड़कियों की संख्या ज्यादा है। ट्यूटोरियल क्लासेज के सफल स्टूडेंट्स में प्रीति कुमारी टॉपर रही, जिसे 500 अंकों की परीक्षा में 463 अंक हासिल हुए।

## NEWS इन ब्रीफ

### राजद नेता को ग्रामीणों ने साथ देने का दिया भरोसा

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह राजद नेता नरेश प्रसाद सिंह को विश्रामपुर के दर्जी मुहल्ला के ग्रामीणों ने माला पहनाकर व पगड़ी बांध कर सम्मानित किया है। वहीं लोगो ने एक विश्वास के साथ दृढ़ संकल्पित होकर आगामी चुनाव में श्री सिंह के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का भरोसा दिया है। वहीं सम्मान से अभिभूत श्री सिंह ने कहा कि आप लोगो का अगर साथ मुझे मिला तो निश्चित ही विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र का काया कल्प होगा। मौके पर पेंटर जिलानी, मसिर खलीफा, मेहदी हसन, मिन्हाज आलम, तस्लीम अंसारी सहित मुस्लिम समुदाय के कई लोग मौजूद थे।

### कांवड़ियों का जत्था देवघर रवाना

**विश्रामपुर।** नगर परिषद के वार्ड तीन से कांवरियों का जत्था सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय के नेतृत्व में रविवार को देवघर के लिए रवाना हुआ। इससे पहले कांवरियों ने कुल देवता, ग्राम देवता, रेहला महावीर मंदिर और प्राचीन देवस्थल बाबा योगीबीर घाम पर जाकर विशेष पूजा अर्चना किया। सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय ने कहा कि बाबा धाम में भगवान भोले से क्षेत्र के हरियाली खुशहाली का दुआ मांगेंगे। बाबाधाम जाने वालों में पप्पू दुबे, राजीव पांडेय, दीपक पांडेय, चिंटू पांडेय, रामपुकार पांडेय, वेदव्यास पांडेय, अगस्त पांडेय, अरुण तिवारी, बंटी दुबे, पियूष दुबे, बिक्की दुबे, हेमलता दुबे, मंजू पांडेय, मिंटू कुमार, चिंटू कुमार सहित कई लोगों के नाम शामिल हैं।

### `केतात में किया पौधरोपण, संरक्षण का लिया संकल्प

**विश्रामपुर।** प्रखंड अंतर्गत केतात गांव में बाबा मकरंद सेवा समिति द्वारा रविवार को पौधारोपण अभियान चलाया गया। इसके तहत श्मशान घाट, पोखरा व मंदिर प्रांगण में एक सौ से भी ज्यादा इमारती, औषधीय व छायादार वृक्ष का पौधा लगाया गया। बाबा मकरंद सेवा समिति ने पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया। समिति के अध्यक्ष अभिषेक कुमार चौबे ने बताया कि पिपल, बरगद, बर, आवला, रुद्राक्ष आदि का पौधा लगाया गया है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन हेतु पौधारोपण बेहद जरूरी है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में काम से काम दस पौधा जरूर लगाना चाहिए। मौके पर समिति के सचिव रवि भुषण चौबे, कोषाध्यक्ष नितिन मिश्रा, शिक्षक राजेश चौबे, युवा नेता नवीन चौबे, प्रवीन चौबे, प्रवीर चौबे, अवध किशोर चौबे, मनीष चौबे, मुकेश चौबे, कांग्रेसी नेता विजय चौबे, वरीय भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, समाजसेवी महेन्द्र चौबे, बंबू चौबे, चन्दन तिवारी, हितेश चौबे, राम ब्यास चौबे, मनोज चौबे, रितेश चौबे, सांतनु चौबे, बालमुकुंद चौबे, दिलीप चौबे, सत्यप्रकाश चौबे, अखिलेश चौबे, रविशंकर चौबे, राजू चौबे सहित समिति के सभी सदस्य और काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### छह लोगों पर बिजली चोरी करने पर प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर बाजार के निजी विद्यालय, मरघटिया रोड के किड जॉन पब्लिक स्कूल में खुलेआम बिजली चोरी करते विभागीय अधिकारियों ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी में रविवार की शाम पकड़ा है। कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय परिसर में बिना किसी वैध विद्युत कनेक्शन और ऊर्जा मीटर के अवैध टोका लगाकर ऊर्जा की चोरी किया जा रहा था। गुप्त सूचना पर छापेमारी दल ने कार्यवाई करते हुए हैदरनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। इसमें विद्यालय संचालक इमरान खान पर 40000 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। हैदरनगर के बंशी पर के सुलेमान अंसारी पर 6000, संड़ेया के अंबिका पाल पर 10000 और तपेश्वर पाल पर 6000, सफीडीह के अनिल प्रजापति पर 6000 व विलासपुर निवासी परसुराम सिंह पर 10000 कुल 76000 का जुर्माना लगाया गया है।

# भुड़ली पहाड़ की चोटी पर होगी भगवान इंद्र की पूजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड परिसर के समीप स्थित रविवार को प्राचीन काल से अवस्थित भुड़ली पहाड़ कि चोटी पर इंद्र पूजा का आयोजन किया गया। जिसमे वर्षा के देव कहे जाने वाले भगवान इंद्र की पूजा प्रोहित अचितानंद पाण्डेय के मुख से पूरे वैदिक मंत्रों उच्चारण के बीच संपन्न हुई। वहीं पूजा कमिटी के आयोजक सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पाण्डेय ने कहा कि सनातन संस्कृति में लोग अपने जीवन के मूल आधार को जानते और समझते हैं। इन्हीं पेड़, पर्वत, पानी और हवा से सारी सृष्टि में जीव व्याप्त है। अतः इन्हें संरक्षण कर के ही हम आने वाले जनरेशन को एक अच्छा कल दे सकते हैं। मौके पर विजय पांडेय, राजू पाण्डेय, रामजी ठाकुर, सुनील राम, चंदन चौबे सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।



# कई बुनियादी समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** पाटन प्रखण्ड के पूर्वी क्षेत्र के पांच पंचायत कसवाखाड़, पचकेड़िया, रुदीडीह, महुलिया, नावाखास के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य सहित क्षेत्र के ग्रामीणों ने स्थानीय कई बुनियादी समस्याओं को लेकर रुदीडीह पंचायत के दीपोवा दुर्गा मंडप में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता रुदीडीह पंचायत के मुखिया मधुबाला देवी ने किया। संचालन पूर्व मुखिया टीपी मेहता किया। बैठक में स्थानीय जन समस्याओं को उठाते हुए टीपी मेहता ने कहा कि पाटन से नावाजयपुर पीडब्लूडी आजादी के 77 साल के बाद भी पाटन के पूर्वी क्षेत्र के पांच पंचायत जनप्रतिनिधियों के उपेक्षा का दंश झेल रहा है। बैठक में नावाखास के मुखिया मनोज राम, पूर्व मुखिया चन्द्रदेव सिंह, कसवाखाड़ के मुखिया पति हरेन्द्र सिंह चेरो, पचकेडिया मुखिया प्रतिनिधि भरत मांझी, भाजपा के पिंकी विश्वकर्मा, प्रखण्ड प्रमुख पति शक्ति शंकर गुप्ता, राम प्रबेश सिंह, आदि स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं पूर्वी क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित थे।

# चोरी की योजना बना रहे पांच अपराधी गिरफ़्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** थाना प्रभारी अक्षय कुमार के नेतृत्व में मोहम्मदगंज पुलिस ने सूचना के आधार पर थानान्तर्गत कादल कुर्मी मोहम्मदगंज मुख्य पथ में भीम चूल्हा स्थल के पास से अपराध, चोरी की योजना बनाते 5 अपराधियों को शनिवार की रात्रि गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान सभी ने थानान्तर्गत कादलकुर्मी गांव स्थित पंचायत सचिवालय में बीते 19 जून को चोरी की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार किया है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने बताया कि 22 जुलाई की रात्रि भीम चूल्हा स्थल से संदेहास्पद 5 लोगों को पकड़ा गया है। सभी ने कादलकुर्मी पंचायत सचिवालय में चोरी की घटना में शामिल की स्वीकारोक्ति के बाद निशानदेही पर चोरी हुए 5 पंखा,1 मोटर व वाईफाई मशीन को जब्त कर लिया गया है। पुलिस लगातार उक्त चोरी की घटना के उदभेदन में लगी हुई थी। उक्त केस में सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर ली गई है और चोरी हुए सभी सामान को भी जब्त कर लिया गया है। थाना प्रभारी श्री कुमार ने बताया कि अरविंद कुमार रवि, बिट्टू कुमार, धनंजय कुमार पासवान, अंकेश कुमार रवि, निकाश कुमार सभी अभियुक्त गढ़वा जिला के मझिआंव थानान्तर्गत मोरबे गांव के रहनेवाले हैं। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर जेल भेज दिया गया है। इस अभियान में थाना प्रभारी अक्षय कुमार के अलावा ए एस आई बिपिन ठाकुर सहित पुलिसकर्मी शामिल थे।

# अर्धनिर्मित सिंचाई परियोजना की बाबत 21 सदस्यीय दल मिलेगा मंत्री से



### नॉर्थ कोयल नहर जीरो आर डी योजना

वर्ष 2008 में ही इसी विधानसभा के मोहम्मदगंज से नॉर्थ कोयल नहर के जीरो आर डी से एक और लिफ्ट कैनाल निकालने का टेंडर निकाला गया था। वहीं सूखे पड़े कैनाल परियोजना को पुनर्जीवित कर देता। परन्तु यह योजना आजतक फाइलों में ही दबा हुआ है।

### हरिहरगंज बटाने नदी सिंचाई परियोजना

अस्सी के दशक में बने इस सिंचाई परियोजना में डूबे किसानों की भूमि की पूरी मुवाबजा राशि नहीं मिलने के कारण विस्थापित परिवार डैम का फाटक बंद नहीं होने दे रहे हैं। जिसके चलते सारा पानी बेकार बह जा रहा है।

### अमकर सिंचाई परियोजना पिपरा

तीन दशक पुरानी सिंचाई योजना है परंतु सरकार और संवेदक के बीच कुछ तकनीकी पेंच फंसने की वजह से इस अर्धनिर्मित डैम का पानी बेकार बह जा रहा है। उपरोक्त योजनाओं को गति देने के लिए प्रतिनिधिमंडल जल शक्ति मंत्री से मुलाकात करेंगी। प्रतिनिधिमंडल में भुनेश प्रसाद सिंह, लालधन ठाकुर, महेन्द्र रजवार, विन्देश्वरी यादव, बुटन यादव, अजय सिंह, मनोज शर्मा, लालबहादुर सिंह, राजीव रंजन मेहता, डबल सिंह, सत्यनारायण यादव, अमित सिंह, धिरेन्द्र बैठा तथा अन्य स्थानीय किसान शामिल हैं।

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद विस क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न अर्धनिर्मित सिंचाई परियोजना जो बर्षो से लंबित पड़े हैं। उसको पूरा करवाने हेतु भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कर्नल संजय कुमार सिंह के नेतृत्व एक 21 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल सोमवार को गरीब रथ ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना होकर माननीय जल शक्ति मंत्री भारत सरकार गजेंद्र सिंह शेखावत को मांग पत्र सौंपेंगे । तथा सिंचाई परियोजना स्वीकृत कराने की मांग रखेंगे। विदित हो कि कर्नल संजय सिंह के द्वारा माननीय जल शक्ति मंत्री से मिलने का समय मांगा था। मंत्रालय के तरफ से 26 जुलाई का समय दिया गया है। इसके पूर्व कर्नल संजय सिंह अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ वर्षो लंबित इन सभी सिंचाई परियोजना का स्थल निरीक्षण किया। उसी क्रम में आज कुंडपर घाघरा सिंचाई योजना स्थल निरीक्षण करते हुए कर्नल संजय सिंह ने पत्रकारों को बताया कि ऐसे कई सिंचाइ परियोजना जो वर्षो से लंबित हैं जिसे पूर्ण हो जाना चाहिए था। लेकिन यहां के जनप्रतिनिधियों एवं सरकार के उदासीन रवैया के कारण ये सभी योजनाएं अधर में लटकी हुई हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के पूरा होने से हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में हरित क्रांति तथा भूजल स्तर भी ऊपर आता। जिससे पेयजल की समस्या खत्म होती। कुंड पर घाघरा के समीप स्थित जलप्रपात के पानी को बांधकर एक छोटी कैनाल निकालने से तकरीबन तराई में स्थित हजारों एकड़ भूमि सिंचित हो सकती है।

# गोली लगा युवक अस्पताल से गायब एमएमसीएच अस्पताल में मची सनसनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मेदिनीनगर के एमएमसीएच अस्पताल में करीब 4 :20 बजे सनसनी मची गई। दरअसल, अस्पताल में आए गोली लगे एक 28 वर्षीय युवक फरार हो गया है। वह अस्पताल से भाग निकला है। पुलिस को उसके फरार की जानकारी मिलते ही पुलिस उसकी तलाशी में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक एमएमसीएच अस्पताल में करीब 4: 20 बजे दो युवक इलाज के लिए अस्पताल में पहुंचते हैं। इमरजेंसी का पर्ची कटवा कर इलाज के लिए अस्पताल के अन्दर जाते हैं, इलाज के दौरान युवक ने स्वास्थ्य कर्मी को बताया कि बरवाडीह से बहन के घर से आने के दौरान रास्ते में किसी ने हमें गोली मार दी। स्वास्थ्य कर्मी ने इसकी सूचना पुलिस को दी।




जैसे ही गोली लागे युवक और उनके साथ एक सहयोगी को पता चला कि पुलिस अस्पताल में आने वाली है। वैसे ही दोनों युवक ने अस्पताल से चकमा देकर फरार हो गए हैं। पर्ची के अनुसार गोली लागे युवक का नाम संदीप बताया जा रहा है। इधर पुलिस को जानकारी मिलते हीं मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। पुलिस युवक की पता लगाने में जुटी है कि नक्सली है या नहीं। टाउन थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया है कि बरवाडीह के रहने वाले एक युवक की गोली लगी है। युवक अस्पताल से भागा नहीं है युवक सीटी स्कैन कराने बाहर गया था। अभी पुलिस के देखरेख में एमएमसीएच अस्पताल में ही युवक का इलाज चल रहा है।

### कई सालों से पलामू अकाल, सुखाड़ की चपेट में

# पानी के अभाव में मरने लगा है धान का बिचड़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बजार।** पलामू जिले में पिछले कई सालों से वर्षा अच्छी नहीं होने से किसानों की चेहरे पर साफ उदासी झलक रही है। किसान पानी को लेकर आसमान की ओर निहारते नजर आ रहे हैं। ऐसे में लोग हर साल काम की तलाश में अपना घर द्वार को छोड़कर दूसरे राज्य काम की तलाश में जाने के लिए विवश हैं। इस वर्ष भी अच्छी तरह से वर्षा नहीं होने से चारों तरफ खेत सूखे नजर आ रहे हैं। ज्यादातर किसान पानी की आस छोड़ चुके हैं। हर साल अकाल सुखाड़ का असर सीधा किसान पर ही पड़ता है। ऐसे में सरकार को चाहिए किसानों के हित में सराहनीय कदम उठाये। जिससे किसान को ज्यादातर अकाल सुखाड़ का मार झेलनी ना पड़े।



### पाटन चौक पर जिला परिषद ने की 46 दुकानों की बिक्री

**पाटन।** जिला परिषद अंतर्गत पाटन लोहिया चौक पर स्थित 2005-06 में बनी स्थायी 46 दुकानों को अधिकांश दुकानों को लाखो रुपये में बिक्री कर दिये हैं। तथा शेष बचे आधा दर्जनों जिला परिषद दुकानों को अवैध रूप से लाखों पगड़ी बतौर राशि लेकर रेंट पर लगाकर व्यक्तिगत रूप से रेंट पर लगा दिया है। जबकि दुकान आवंटित गैर व्यवसायिक व्यक्तियों द्वारा दुकान का राजश्व 16 साल से सरकारी खाता में नहीं जमा कराया जाता है और नहीं दुकान रेंट निर्धारण के लिए इतने सालों बाद जिला परिषद प्रक्रिया अपनाई है। 2006 में तत्कालिक विधायक एवं गैर व्यवसायिक प्रभावशाली लोगों के गठजोड़ से स्थानीय व्यवसायिक को उपेक्षा कर नवनिर्मित जिला परिषद की दुकान अपने नाम पर आबंटित करा लिये व्यक्तियों ने कालांतर में दुकानों को बिक्री कर दिया तथा कुछ लोग रेंट पर लगाकर प्रति माह रेंट हजारो में वसूली कर रहे है।

**क्या कहते है जिला परिषद :** दुकान की बिक्री एवं रेंट पर लगाये जाने की बारे में जिला परिषद की बैठक में प्रस्ताव लाया गया है। तत्कालीन डीडीसी मेधा भारद्वाज ने दुकानों को जांच सदर एसडीओ ने करवायी थी। जिसमें पुष्टि हुई थी की आवंटित दुकान बिक्री कर दी गई है। रेंट पर लगाया गया है। गैर व्यवसायिक व्यक्तियों का दुकान की आवंटन रद करने एवं दुकान की रेंट निर्धारण करने के लिए डीडीसी को लिखे हैं। जिला परिषद की बोर्ड में दुकान आवंटन, बिक्री करने, रेंट पर लगाने एवं इतने सालों से दुकान से जिला परिषद को राजस्व नहीं मिलने का सवाल उठाएंगे।

### विशाल झारखंड कम्बाइंड प्री मेडिकल एग्जाम सेकंड स्टेट टॉपर

**छतरपुर।** झारखंड कम्बाइंड प्री मेडिकल एग्जाम के सेकंड टॉपर बनें छतरपुर के विशाल कुमार। विशाल लखन साव के पुत्र हैं । प्रारंभिक शिक्षा उन्होंने मेदिनीनगर स्थित विमला पांडेय मेमोरियल स्कूल से की है। उसके बाद उहोंने कोटा से मेडिकल की तैयारी की थी। उनके बड़े भाई नीरज रिम्स में रेडियोलॉजिस्ट हैं। विशाल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और बड़े भाई नीरज को दिया है। उनका सपना है कि वे भविष्य में स्वास्थ के क्षेत्र में छतरपुर के लिए बेहतर कर पाएं। उनके इस उपलब्धि के लिए छतरपुर विकास मंच के अध्यक्ष अरविन्द गुप्ता चुनमुन ने बधाई देते हुए कहा कि राज्य स्तर पर सेकंड टॉपर बनना एक बड़ी उपलब्धि है। विशाल ने छतरपुर का मान बढ़ाया है और उन्होंने उम्मीद भी जताया कि इसका फायदा छतरपुर को जरूर मिलेगा। इनकी सफलता पर अरविन्द गुप्ता सुनील कुमार, ऋषभ, रितेश, जितेंद्र, आयुष, संतोष, सुरेंद्र, मृणाल, दीपू, छोटू, राजेन्द्र, मुन्ना, कुंदन, अजित, सोनू सहित दर्जनों लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### प्रथम प्रमुख के प्रयास से लगा ट्रांसफार्मर

**पाटन।** पाटन प्रमुख शोभा देवी के प्रयास से उताकी पंचायत के ग्राम बैदा कला के हरिजन टोला में बहुत दिनों से हरिजन टोला के लोगों अंधेरा में जीवन व्यतीत कर रहे थे। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने पाटन प्रमुख शोभा देवी को दी। इस गंभीर समस्या को देखते हुए पाटन प्रमुख ने तुरंत बिजली विभाग को सूचित कर नया ट्रांसफार्मर लगाने की प्रयास कर नया ट्रांसफार्मर लगवाया। ट्रांसफार्मर लगने के बाद हरिजन टोला के लोगों को घर में बिजली पर्याप्त मात्रा में मिलने लगी। इस नेक कार्य को लेकर प्रमुख शोभा देवी को ग्रामीणों ने आभार प्रकट किया। आभार प्रकट करने में कृष्णा राम, फुलेश्वर राम, वीरेंद्र राम,सोनू राम, विनय राम,समाजसेवी शक्ति शंकर गुप्ता इत्यादि लोग आभार व्यक्त किया।

### मुखिया व समाजसेवी ने किया उद्घाटन

**मनातू।** ग्राम पंचायत डुमरी में पानी के लिए लोग नदी नाले का उपयोग करते हैं। कहीं कुआं चापानल भी गड़ा हुआ है लेकिन हमेशा बे कामयाब रहा। इस परिस्थिति में सरकार की महत्वकांक्षी योजना नल जल जो घर-घर मिल रहा है। रंगिया पंचायत मुखिया लक्षोया देवी ने उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र को प्राथमिकता देते हुए डुमरी में पहली बार नल जल योजना की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार सरकार की महत्वकांक्षी योजना का हमारे पंचायत में शुरूआत की गई है। इससे ग्रामीणों को पानी पीने की समस्या के साथ अन्य सुविधा सिंचाई से संबंधित भी मिल सकेगी। वहीं समाजसेवी भीम सिंह ने कहा डुमरी पंचायत में लगभग 60 से 65 बोर किए जाएंगे जिससे पंचायत वासियों को भरपूर सुविधा मिल सकेगी। मौके पर मुखिया लक्षोया देवी समाजसेवी भीम सिंह अलावे काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# राजद ने बैठक कर पंचायत कमेटी का किया विस्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** राजद का पंचायत कमेटी विस्तार को लेकर खड़गपुर पंचायत के पारपहाड़ स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय परिसर में रविवार को बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से राजद के प्रदेश सचिव रवि कुमार यादव, क्रीड़ा प्रदेश प्रकोष्ठ अध्यक्ष चंदन कुमार बैठा, प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, पलामू जिला प्रधान महासचिव राजेन्द्र यादव, जिला उपाध्यक्ष रंजीत पासवान, छात्र राजद जिला अध्यक्ष आनंद यदुवंशी के नेतृत्व में सरसोत खड़गपुर, सेमरवार तथा तूरी पंचायत कमेटी का विस्तार किया गया। इससे पहले कार्यकर्ताओं ने पार्टी की मजबूती पर विशेष चर्चा की। मौके पर युवा प्रदेश महासचिव रवि कुमार यादव ने कार्यकर्ताओं से एक परिवार की तरह राजद के संगठन को मजबूत बना कर रखने का आह्वान किया। इस दौरान कई कार्यकर्ताओं को पंचायत कमेटी में स्थान दिया गया। मौके पर दीपक यादव, कमलेश यादव, विनोद बैठा, शंकर पासवान, भोला यादव, मुरारी पासवान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व लोग शामिल थे।

# आउटसोर्सिंग कंपनी मजदूरों का कर रही शोषण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में बालाजी आउटसोर्सिंग का काला गोरख धंधा को जांचने के लिए पिछले दिनों लेबर ऑफिस के वरीय पदाधिकारी पहुंचे थे। वरीय अधिकारी के पहुंचने के बाद से बालाजी कर्मचारियों में हड़कंप मच गया था। बालाजी के सुपरवाइजर लोगों को समझाते फिरते चल रहा था कि लेबर ऑफिस के पदाधिकारी जब पूछेंगे तो उनके पास बोलना है कि हम कर्मचारियों को 10 से 12 हजार वेतन मिलता है। परंतु सच यह है कि बालाजी कंपनी कर्मचारियों के साथ नाइंसाफी कर रही हैं। जिसका वेतन 12 से 15,000 है उसको मात्र 5 से 6 हजार मिल रहा है। इसकी जांच की पुष्टि लेबर विभाग के पदाधिकारी कर रहे हैं। मेदिनीनगर सदर अस्पताल में आउटसोर्सिंग बालाजी के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों का बड़े पैमाने पर आर्थिक शोषण किया जा रहा है। आउटसोर्सिंग से हो रहे कार्यो में विभागीय पदाधिकारी व ठेकेदारों की ओर से चरम स्थिति पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। साथ ही मजदूरों के नाम पर गलत बिल बनाया जा रहा है। इन गलत नीतियों का विरोध कर्मचारी करते हैं तो उन्हें हटाने की धमकी दी जाती है। उन्हें जान बूझकर परेशान करने के लिए भुगतान करने में विलंब किया जाता है। पीएफ में जमा राशि का कोई लेखा-जोखा नहीं होता है। मामला साफ है कि बालाजी आउटसोर्सिंग कंपनी के द्वारा अस्पताल में कार्यरत सभी कर्मचारियों पर शोषण किया जा रहा है। बालाजी कंपनी में कार्यरत एक कर्मी अपना दुख बयां करते हुए पत्रकार को फोन कर बताया है जो आप खुद सुन सकते हैं।

**शर्मनाक** घटना में शामिल लोगों को कड़ी सजा मिले

# सरकार की विफलता का परिणाम है मणिपुर की घटना : शेर अली

### देश धर्म, महजब या जाति से नहीं बल्कि भारतीय संविधान से चलता है : शेल अली

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** मणिपुर में हुई घटना पूरे देश को शर्मशार कर दिया है। उक्त बातें बसपा के पूर्व प्रत्याशी व वरिष्ट नेता शेर अली ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। मणिपुर की घटना सरकार व प्रशासन की घोर विफलता दर्शाती है। उन्होंने कहा की



मणिपुर में जिन दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने व अश्लील हरकत की गई है। वह देश की मानवता को शर्मसार करने के लिए काफी है। उन्होंने कहा देश धर्म, महजब यह जाति से नहीं बल्कि भारतीय संविधान से चलता है। यह घटना साबित कर दिया है। भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था है ही नहीं। मणिपुर में पिछले दो माह से खूनी खेल चल रहा था। अगर देश के प्रधानमंत्री व गृह मंत्री के साथ मणिपुर की सरकार व प्रशासन शूरू में ठोस एक्शन लेती तो यह घटना नहीं होती साथ ही अभी हाल के दिनों में जो मध्य प्रदेश में आदिवासी समाज के साथ जो हुआ, वह काफी निंदनीय घटना थी। आज भाजपा का बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा सिर्फ देश की गरीब बेटी बहनों के लिय बेकार साबित हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट से अपील करते हैं कि इस घटना का स्वयं संज्ञान लेकर इस घटना में शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाये।

## 30 को मनेगी पूरनचंद की पुण्यतिथि



**मेदिनीनगर।** पूरनचंद विचार मंच के तत्वावधान में रविवार को सीटू गुप्ता के आवास पर एक बैठक की गई। इस बैठक की अध्यक्षता रंजन कुमार सिंह (अधिवक्ता) तथा संचालन सीटू गुप्ता ने की। बैठक के मुख्य अतिथि मंच के संरक्षक प्रो. युगल किशोर प्रसाद एवं संयोजक दुर्गा प्रसाद थे। बैठक में सर्व प्रथम मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई दी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 30 जुलाई दिन रविवार को प्रातः 10:00 बजे स्थानीय पूरन चंद चौक (पंचमुहान) पर झारखंड के गॉंधी व गरीबों के मसीहा पूर्व मंत्री स्वर्गीय पूरनचंद जी की 22 वीं पुण्यतिथि मनाई जाएगी। इस दौरान सर्वप्रथम पूरनचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा,तत्पश्चात उनके प्रति उपस्थित व्यक्तियों के द्वारा उद्गार व्यक्त किया जाएगा।

## तस्वीर झूठ न बोले



छाया- भोला

जिले में गौवंशीय पशुओं की सेवा,सुरक्षा एवं संरक्षण की बातें कतिपय लोगों द्वारा तो खूब की जाती है। गायों की सेवा की खूब सीख भी दी जाती है। किन्तु शहर में घूमने वाले लावारिस पशुओं की हालत पर कोई ध्यान नहीं देता। इसकी बानगी शहर के रेड़मा ओवर ब्रीज के पास खड़ी गाय को देखी जा सकती है। इस गाय के खुर का नाखून इस कदर बड़ा हो गया है कि गाय चल फिर नहीं पा रही है। चलने फिरने में कठिनाई के कारण भोजन का जुगाड़ भी नहीं कर पा रही है। भूखे पेट काया जर्जर होती जा रही है। लोग आते जाते देखते निकल जा रहे हैं, लेकिन कोई गौ सेवक इसे छोटी सी सेवा नहीं दे पा रहा है, ताकि गाय चलने फिरने में सक्षम हो सके।

## हिंदू धार्मिक न्यास पर्षद के सदस्य का पांच दिवसीय पलामू-गढ़वा दौरा आज से

### जिलों के मंदिरों व धार्मिक न्यासों की करेंगे जांच



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास पर्षद के सदस्य संजीव कुमार तिवारी 24 से 28 जुलाई तक पलामू एवं गढ़वा जिला का भ्रमण कर धार्मिक न्यासों एवं मंदिरों का साधारण अधीक्षण एवं जांच करेंगे। यह जानकारी पर्षद के अधीक्षक अशोक कुमार राय ने दी है। उन्होंने बताया है कि पर्षद सदस्य श्री तिवारी 24 जुलाई को हुसैनाबाद, नबीनगर और मोहम्मदगंज स्थित मंदिरों एवं न्यासों का अधीक्षण एवं जांच करेंगे। इसके बाद 25 जुलाई को डालटनगंज स्थित विभिन्न मंदिरों की जांच की जायेगी। इसी तरह 26 जुलाई को श्री तिवारी गढ़वा जिले के सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल एवं कांडी में मंदिरों एवं न्यासों की जांच करेंगे। जबकि 27 एवं 28 जुलाई तक गढ़वा स्थित मंदिरों एवं न्यासों की जांच की जायेगी। इस बाबत पलामू एवं गढ़वा के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर पर्षद अधीक्षक श्री राय ने पर्षद के सदस्य श्री तिवारी को कार्यक्रम के दौरान आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया है। इसके अलावे श्री राय ने श्री तिवारी के रात्रि विश्राम के लिए गढ़वा सर्किट हाउस में दो कमरा तीन दिनों के लिए आरक्षित करने का निर्देश दिया है।

## पूर्व उपमहापौर ने किया पौधों का वितरण

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम उपमहापौर व राकेश कुमार सिंह (मंगल सिंह) और उनकी टीम द्वारा वृक्षारोपण एवं जल संचयन हेतु हॉऊसिंग कॉलोनी व उसके आस-पास के क्षेत्रों में वार्ड की सम्मानित जनता के बीच पौधा वितरण किया। आने वाले समय में यही पौधे वृक्ष बनेंगे जिससे वर्षा का जल स्त्रोत बना रहेगा और नगर निगम मेदिनीनगर में गर्मी के दिनों में जो जल की समस्या उत्पन्न हुई इस प्रकार की विकराल समस्या नहीं आयेगी। मौके अमित कुमार उर्फ रिंकू निलय कुमार, किशोर सिन्हा, सुरेंद्र विश्वकर्मा ,चंदन कुमार, अनिमेष कुमार, सहित काफी संख्या में वार्ड की सम्मानित जनता उपस्थित रही।

**NEWS इन ब्रीफ**

### भाजयुमो ने पर्यावरण संरक्षण अभियान चलाया

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू जिला अध्यक्ष ज्योति पांडेय के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पौधा वितरण कार्यक्रम चैनपुर मंडल के चांदो एवं कंकारी गाँव में चलाया गया। मौके पर श्री पांडेय ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण के संतुलन के लिए पर्यावरण का संरक्षण जरूरी है लकड़ी एक ऐसी चीज है जिसका सभी जगह उपयोग होता है हम फलदार पेड़ो के माध्यम से पर्यावरण को स्वच्छ व सुंदर तो बना सकते हैं साथ ही साथ हम अपनी आय भी बढ़ा सकते हैं हमें अपने खेतों को मेड़ों पर कीमती लकड़ी के पौधे लगाना चाहिए तभी हम अपने आने वाले कल को एक स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण दे पायेंगे। हम सबके सामूहिक प्रयास से ही यह कार्य सफल होगा। इस अवसर पर कई तरह के फलदार पौधा जैसे आम ,अमरूद ,आँवला ,जामुन, बेल, शरीफा का वितरण किया गया। मौके पर जिला महामंत्री विपुल गुप्ता, सुरेश्वर चौधरी ,सुमित पांडे , गोरख सिंह ,राजू पासवान ,बीरेंद्र सिंह ओम शर्मा, कुंदन ,बब्लू यादव आदि उपस्थित रहे।

## टाउन हॉल में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

# आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने राज्य सरकार पर साधा निशाना

**आज सरकार ने राज्य में आचरण को बदल दिया है : आजसू सुप्रीमो**

**राज्य सरकार ने ओबीसी को नेतृत्व करने से रोका**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के स्थानीय टाउन हॉल में आजसू पार्टी का प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन रविवार को किया गया । सम्मेलन में संबोधित करते हुए आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि आज सरकार ने राज्य में आचरण को बदल दिया है। सिपाही से लेकर सचिवालय तक मिल कर संसाधनों को लूट कर रुपए जमा कर रहे हैं। राज्य सरकार ने ओबीसी को नेतृत्व करने से रोका। 10 हजार पंचायत जनप्रतिनिधि ओबीसी के हैं। इसी तरह निकाय चुनाव की तैयारी थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने ट्रिपल टेस्ट करने को कहा। आज छह महीने से ट्रिपल टेस्ट लंबित है। इस कारण ओबीसी को अधिकार नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रही है, स्कूलों में शिक्षक नहीं हैं, अस्पतालों में डॉक्टर नहीं हैं। साढ़े तीन वर्ष सरकारी पदों को छोड़ कर युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित नहीं हुए हैं। 12 लाख नौजवान पलायन कर बाहर के राज्यों में गए हैं, गांव से युवा पलायन कर गए हैं। झारखंड लेबर स्टेट बन गया है। खनिज संपदाओं से भरे राज्य को सरकार ने लेबर स्टेट बना दिया है। सीएम खुद 17 से 18 विभागों को संभालते हैं। जिस नेता के आंखों में आंसू नहीं हैं, वह नेता नहीं हैं। नेता वही हैं जो जनसेवा करे। वर्तमान में सभी जी हुजूरी करने में लगे हैं। सरकार में अभी जी हुजूरी चल रही है। एक छोटा सरकार है और एक बड़ा सरकार है। सीएम गाड़ियों को गिनते हैं। राज्य में सबसे अधिक सरकार को पलामू में काम करने की जरूरत है। यहां लोगों का सरकारी तंत्र पर विश्वास कायम रखना बड़ी चुनौती है। लोगों को तैयार रहने की जरूरत है। ऐसा नेतृत्व चाहिए जो जनभावना का सम्मान करें। स्थानीय नीति और नियोजन नीति को उलझा दिया गया है। जो आरोप सीएम पर लगे हैं, उसकी लड़ाई गरीब के पैसों से लड़ी जा रही है। उन्होंने कहा कि अपनी लड़ाई के लिए सरकारी धन का इस्तेमाल नहीं करें। ओबीसी, एससी, एसटी को अधिकारों से वंचित किया गया है। इस दौरान पार्टी के देवशरण भगत, हसन अली, शिवपूजन मेहता, सतीश कुमार, इम्तियाज नजमी, बबलू गुप्ता समेत कई आजसू नेता मौजूद थे। इस दौरान कारोबारी ददन सिंह, राकेश सिंह, प्रवीण तिवारी समेत दर्जनों ने पार्टी का दामन थामा।

## वन पर आश्रित कोरवा जाति ने की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के कुमनी गांव में कोरवा और भुइयां जाति समुदाय के लोग परंपरागत रूप से वन आश्रित है। आज भी इनकी खेती की जमीन जंगल के बीच है। इन्होंने वन अधिकार कानून के तहत 67 लोगों ने दावा पत्र जमा किया है। इनकी आजीविका वन एवं खेती पर आधारित है। झारखंड मजदूर किसान यूनियन के हेमंत दास एवं एवं लुकस कोरवा ने दावा प्रपत्र जमा करने वाले लोगों के बीच बैठक का आयोजन किया। बैठक के दौरान वन अधिकार समिति कुमनी के अध्यक्ष छठ भुइयां एवं गोपाल कोरवा ने बताया कि हम लोग सभी इस गांव में बापदादा के जमाने से रहते आ रहे हैं। खेती करके अपना परिवार चलाते रहे हैं। कानून आने के बाद हमने दावा पत्र भी जमा किया है। लेकिन हमारे दावा पत्र जमा करने के बाद आधिकारिक रूप से कोई कार्रवाई की सूचना नहीं है। इसी विषय पर विषय गोपाल कोरवा ने यह भी बताया कि चैनपुर प्रखंड के वनाधिकार लाभुक गांव को भी उपायुक्त से मिलने हेतु जागरूक करेंगे। बैठक में चंपा देवी, सुनीता देवी, पन्नावा देवी, देवरतिया देवी, सुदेश्वर भुइयां, लखन भुइयां, बैजनाथ कोरवा, नेपाल कोरवा, शिवपाल कोरवा, बाबूलाल कोरवा, तपेश्वर भुइयां सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### तीसरी मुहर्रम को मजलिस जनाब का ताबूत बरामद

**हुसैनाबाद।** तीसरी मोहर्रम को हुसैनाबाद सदर इमामबाड़ा से रात्रि में बादे मजलिस जनाब- ए -हुर अस का ताबूत बरामद किया गया। इस रात की मजलिस को खिताब फरमाया आली जनाब मौलाना नाज़िम अली साहब किब्ला (खैराबादी) ने की। जबकि मर्सियाखानी की शुरूआत जनाब रजा इमाम, जनाब मोहम्मद रजा चांद, बाकर हुसैन और जनाब हसन द्वारा कि गई। वहीं जनाब मिसम अब्बास, जनाब हाशिम हुसैन और जनाब हसन ने अपने पुरदर्द नौहों से अजादारों को गमगीन किया।

## प्रथम महापौर ने किया शोरूम का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रांची रोड हुंडई शोरूम के बगल में न्यू इरा इंटीरियर और एक्सटीरियर शोरूम का रविवार को उदघाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि हमारा शहर बदल रहा है। जहां पहले लोग रांची शहर पर डिपेंडेंट थे, वहीं आज हर बेहतर चीज अपने शहर में मिल रही है। इसका श्रेय हमारे शहर के युवा व्यवसायियों एवं उद्यमियों को जाता है। मौके पर संस्था के मालिक अरविंद गुप्ता, कृष्णा प्रसाद राजीव प्रसाद तथा प्रथम उप महापौर मंगल सिंह, फिरोज उद्दीन अंसारी एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## 62वीं सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर ।** 62वीं सुब्रतो फुटबॉल टूनामेंट का प्रखंड स्तरीय मुकाबला सहोदय मध्य विद्यालय शाहपुर के प्रांगण में रविवार को आयोजित किया गया । जिसमें अंडर-17 बालक वर्ग एवं अंडर -17 बालिका वर्ग तथा अंडर- 14 बालक वर्ग के सभी विद्यालयों के बीच मैच आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में अंडर -17 बालक वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय खुरा एवं सहोदय मध्य विद्यालय शाहपुर के बीच मैच खेला गया, जिसमें सहोदय मध्य विद्यालय शाहपुर की टीम विजेता हुई। अंडर -14 बालक वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय बसरिया एवं सहोदय के खिलाड़ियों के बीच खेला गया, जिसमें उत्क्रमित उच्च विद्यालय बसरिया की टीम विजेता रही। इसी प्रकार अंडर -17का मैच उत्क्रमित उच्च विद्यालय खुरा के बालिका वर्ग एवं सहोदय मध्य विद्यालय शाहपुर बालिका वर्ग के बीच में खेला गया, जिसमें सहोदय मध्य विद्यालय शाहपुर की टीम विजेता बनी। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामा पाठक के द्वारा बॉल किक कर किया गया। मौके पर सहोदय मध्य विद्यालय के फादर विनोद केरकेट्टा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसरिया के शिक्षक सुमन,साधन सेवी अजय कुमार पांडे, साधन सेवी नीरज कुमार समेत प्रखंड के सभी शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित थे।

## मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी का गठन, इम्तेयाज अंसारी बने सदर

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 19 के कोसियार कदम चौके के पास ग्रामीणों की एक बैठक हुई। बैठक में गांव के कई लोग शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता हेसामुद्दीन अंसारी व संचालन अख्तर अंसारी तथा आलमगीर अंसारी ने बारी-बारी से किया। बैठक में इसबार मुहर्रम जुलूस को पूरे धूम-धाम व भव्य रूप से निकालने का फैसला लिया गया। मुहर्रम जुलूस के सफल आयोजन व संचालन हेतु मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी का भी गठन किया गया। सर्वसम्मति से इम्तेयाज अंसारी को कमेटी का सदर बनाया गया। जबकि खुर्सीद अंसारी को सेकेट्री,उस्मान अंसारी को खजांची व गुलाम रसूल अंसारी को सरपरस्त का पदभार सौंपा गया। वहीं कई लोगो को सदस्य में रखा गया है।

## दलित वर्ग संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गये अंशुल अभिजीत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** भारतीय दलित वर्ग संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक राजेंद्र भवन नई दिल्ली में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता रतन भगत ने एवं संचालन सुधीर मंडोलिया ने की। मौके पर दलित वर्ग संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंशुल अभिजीत व संरक्षक पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार को चुना गया। इस अवसर पर बोलते हुए भारतीय दलित वर्ग संघ के राष्ट्रीय संरक्षक पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार ने भारतीय दलित वर्ग संघ के नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज के समय में पद मिलना कांटों का ताज है। मगर कांटों का ताज सभी को नसीब नहीं होती है। बाबू जी से प्रेरणा लेकर समाज को निरंतर आगे बढ़ाना है। उक्त कार्यक्रम में पलामू से भी कई लोग गये थे। मौके पर झारखंड अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार कालिंदी, देवकीनंदन सोन,गोपी लाल भारती, सुनील, राजा रानी पूनम गणेश रवि, डोगरा सिंह ताराचंद, सूरजपाल पदमजी, डी एन प्रसाद, गायत्री मंडोलियां, रिंकू जयंत, महेश भदौरिया, केआर आर्य, असलम, अमर सिंह, रूपचंद सहित कई वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।

### विषैले जंतु के काटने से महिला गंभीर, रेफर

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के कुसुआ गांव निवासी अरूण कुमार की 32 वर्षीया पत्नी प्रियंका देवी को घर में काम करने के दौरान किसी विषैले जंतु ने काट लिया। जिससे महिला गंभीर रुप से बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में परिजनों ने इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां स्थिति को गंभीर देखते हुए प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि रविवार की सुबह घर में काम कर रही थी। उसी क्रम में किसी विषैले जंतु ने काट लिया। जिसे वह देख नहीं पाई। स्थिति खराब होने पर लोग अस्पताल ले गए थे।

**चिंतनीय** | पलामू में आवारा कुत्तों का आतंक

# एक साल में हजारों लोगों को बनाया शिकार



**रात के वक्त इनका झुंड और व्यवहार सबसे अधिक खतरनाक हो गया है**

**पलामू जिला स्वास्थ्य विभाग के पास कुत्तों से जुड़े हुए कई चौंकाने वाले आंकड़े हैं**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में आवारा कुत्तों व्यवहार बदल रहा है। कुत्ते पहले से अधिक हिंसक होते जा रहे हैं। पहले इनके झुंड में दो चार की संख्या में होती थी। अब इनकी झुंड में 10 से 20 की संख्या होती है। रात के वक्त इनका झुंड और व्यवहार सबसे अधिक खतरनाक हो गया है। ये झुंड में मनुष्य के साथ-साथ अन्य जीवों को निशाना बना रहे हैं। पलामू में पिछले एक वर्ष के दौरान कुत्तों ने हजारों से भी अधिक लोगो को निशाना बनाया है और उन्हें काटा है। कई लोग कुत्तों के कारण दुर्घटना का शिकार हुए हैं और उनकी मौत हो गई है। पलामू जिला स्वास्थ्य विभाग के पास कुत्तों से जुड़े हुए कई चौंकाने वाले आंकड़े हैं। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में हर रोज 20 से 25 की संख्या में लोग एंटी रैबीज की वैक्सीन लेने के लिए पहुंच रहे हैं। वित्तीय वर्ष मार्च 2022 से मार्च 2023 तक पलामू के सरकारी अस्पतालों 10700 से भी अधिक एंटी रैबीज वैक्सीन की खपत हुई है। निजी क्षेत्र का आंकड़ा इसमें शामिल नहीं है। पलामू के सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार का कहना है कि हाल के दिनों में कुत्तों का व्यवहार बदला है और वे हिंसक होते जा रहे हैं। उनका कहना है कि जिले के हालात को देखते हुए सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र को हाई अलर्ट पर रखा जाता है। पलामू सिविल सर्जन का कहना है कि कुत्तों को खाना खिलाना या उन्हें मारना व्यवहार को बदल रहा है। खाना खिलाने के बाद उनके स्वाभाविक रहन-सहन में बदलाव हुआ है, कई मामलों में देखा गया है कि बच्चे कुत्ते को पत्थर से मारते हैं। यही वजह है कि कुत्तों के व्यवहार में बदलाव हो रहा है।

### झुंड में कर रहे शिकार

2015-16 तक पलामू में चार से पांच हजार एंटी रैबीज वैक्सीन की खपत होती थी। धीरे-धीरे इसकी खपत बढ़ती गई है, फिलहाल इसकी खपत 10 हजार तक पहुंच गई है। झारखंड सरकार द्वारा संचालित पेट क्लीनिक में तैनात एक्सपर्ट अमरेश कुमार सिंह का कहना है कि कुत्तों का कुनबा बढ़ा है, यही वजह वे झुंड में चलने लगे हैं। उन्होंने बताया कि कुत्ता शुरू से हिंसक प्राणी रहा है, लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। पलामू के कई इलाकों में कुत्तों के कारण रात में रास्तों से गुजरना मुश्किल हो गया है। शहरी आबादी वाले इलाके में कुत्ते काफी हिंसक हो गए हैं, वो रात में बाइक एवं रिक्शा सवार लोगों को अपना निशाना बनाने की कोशिश करते हैं। 2022 में कुत्तों ने पलामू में 5 से 15 वर्ष के बीच के करीब 2700 बच्चों को काटा था। वहीं जंगल से पानी के लिए भटक रहे 8 से अधिक हिरण को निशाना बनाया था। 2023 में अब तक 12 से अधिक हिरण को कुत्ता निशाना बना चुके हैं। कई इलाकों में कुत्तों ने पालतू गाय, भैंस, बैल, बकरी का भी शिकार किया है।

### वन पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग ने 74वें वन महोत्सव का किया आयोजन

# जन्मदिन पर एक पौधा जरूर लगाएं : विधायक





**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड के चितविश्राम ग्राम स्थित राजकीय उच्च विद्यालय परिसर में वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा रविवार को 74वां वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक भानु प्रताप शाही, डीएफओ उतरी दिलीप कुमार, डीएफओ दक्षिणी शशि कुमार, एसडीओ आलोक कुमार, प्रशिक्षु आईएफएस, इबि इब्राहीम ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि हमलोगों ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में पचास लाख पौधा लगाने का काम किया। आधे से अधिक पौधे जीवित हैं जो हम लोगों के लिए खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि वन विभाग को बधाई एवं धन्यवाद देते हैं और उम्मीद करते हैं कि आने वाले समय में वन पर्यावरण में जो असंतुलन आया है उसे दूर कर पर्यावरण संतुलन का संदेश भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि हरा पेड़ पौधा नहीं काटें, टांगी लेकर जंगल में नहीं जाएं। पेड़ को परिवार की तरह मानने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह वन निशुल्क रूप से हमारे जीवन में सहयोग कर रहा है। पेड़ पौधों के बिना जीवन अधूरा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने जन्मदिन के अवसर पर एक पौधा जरूर लगाएं। गढ़वा उत्तरी डीएफओ दिलीप कुमार यादव ने सभी का वन महोत्सव में स्वागत करते हुए विस्तार से वन एवं पर्यावरण की उपयोगिता पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे धरती के बढ़ती गर्मी से हम सभी परेशान हैं और इसका एक मात्र विकल्प है पौधरोपण। उन्होंने जल संरक्षण पर जोर देते हुए किसी नदी तालाब को अतिक्रमण नहीं करने की अपील की। बल्कि नदी को सदानीरा तथा तालाब साफ सफाई कर सालों भर के लिए जल एकत्र करने की बात कही। विशिष्ट अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर आलोक कुमार ने ग्लोबल वार्मिंग क्लाइमेट चेंज की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि आज हम अनावृष्टि और अतिवृष्टि दोनों से परेशान हैं। कहीं बारिश ही नहीं हो रही तो कहीं बारिश और बाढ़ से लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। इसके लिए आज का ग्लोबल वार्मिंग जिम्मेवार है। हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर उसकी रक्षा करने की आवश्यकता है और हमने अपने जीवन में अपने प्रत्येक जन्मदिन पर एक पौधा लगाने का संकल्प लिया है।

भवनाथपुर विधायक भानू प्रताप शाही, डीएफओ उतरी दिलीप कुमार, डीएफओ दक्षिणी शशि कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार, प्रशिक्षु आईएफएस अइब्राहीम, बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, प्रमुख उर्मिला देवी, वनों के क्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार के द्वारा पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम के अंत में वन विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों के बीच हजारों पौधों का वितरण किया गया। मौके पर डीएफओ उतरी दिलीप कुमार यादव, डीएफओ दक्षिणी शशि कुमार, प्रशिक्षु आईएफएस इबि इब्राहीम, भाजपा के वरिष्ठ नेता शारदा महेश प्रताप देव, बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, प्रमुख उर्मिला देवी, रेंजर प्रमोद कुमार, फॉरेस्टर प्रमोद कुमार यादव, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रघुराज पांडेय, मुखिया सनिधा सोनी, मनोज ठाकुर, भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, भाजपा युवा मोर्चा शहरी अध्यक्ष विक्रांत सिंह, शहरी मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय, ओबीसी अध्यक्ष आनंद प्रकाश कमलापुरी, भाजपा नेत्री लवली आनंद, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, लालमोहन यादव, राकेश चौबे, ओमप्रकाश चौबे, प्रो महमूद आलम, तौवाब खान, विवेकानंद पांडेय, शिक्षक द्वारिका नाथ पांडेय, सुशील पांडेय, शिक्षक कमलेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

# राकेश झामुमो युवा मोर्चा के पंचायत अध्यक्ष बने

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

झामुमो युवा मोर्चा पंचायत कमेटी अध्यक्ष सर्वसम्मति से राकेश तुरी को बनाया गया है। बताते चलें कि चिनिया पंचायत सचिवालय में रविवार को झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव की अध्यक्षता में झामुमो युवा मोर्चा के चिनिया पंचायत के पंचायत अध्यक्ष का गठन किया गया जिसमें उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से राकेश तुरी को पंचायत युवा अध्यक्ष के लिए चयनित किया तथा सचिव विनोद यादव कोषाध्यक्ष सीमंत कुमार,चंद्रवंशी उपाध्यक्ष लाला सिंह, मीडिया प्रभारी अंजार हसन, सदस्य सरताज अंसारी, मनोज यादव, दिनेश यादव, अखिलेश कोरवा आदि को बनाया गया। इस मौके पर झामुमो नेता रामनाथ तूरी, वीरेंद्र यादव, रविंद्र सिंह, रमेश सिंह, चंदेश्वर यादव, उदय यादव, शंभू पासवान आदि उपस्थित रहे। वहीं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि झामुमो पार्टी की मजबूती के लिए कमेटी का गठन किया जा रहा है।

सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को सभी लोगों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे ताकि पार्टी को मजबूत किया जा सके। आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा स्थानीय विधायक स्वच्छता एवं पेयजल विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर की अगुवाई में चिनिया प्रखंड में चारों तरफ विकास के कार्य हो रहे हैं तथा यहां का विकास अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।



# अवैध बालू लदे ट्रैक्टर पलटने से नाबालिग चालक की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

शनिवार की रात्रि रमना-डंडई मुख्य पथ पर भागोडीह पंचायत अंतर्गत चुंदी ग्राम में पारसनाथ के घर के पास अवैध बालू लदा ट्रैक्टर दुर्घटना ग्रस्त हो गयी, जिसमें नाबालिग चालक मुकलेश चौधरी (16) पिता श्यामलाल चौधरी ग्राम जरदे पंचायत करके की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। मृतक की स्थिति देखकर लोगों का रूह कांप रही थी। दुर्घटना में युवक के सिर से गोद निकलकर बाहर जमीन पर पड़ा हुआ था, जिसे देखकर दिल दहल जा रहा था। अवैध बालू कारोबारी खूब मजे लिए और भुक्तभोगी एक गरीब मजदूर परिवार बना, माता -पिता का बुढ़ापे का एक सहारा छीन गया।

सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंचे रमना थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा, अवर निरीक्षक विवेक पंडित पुलिस बल एवं चौकीदार लालता राम ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरिक्षण हेतु गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया और दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को कब्जे में लिया। ग्रामीणों के अनुसार इस क्षेत्र में बालू उठाव बंद हैं लेकिन अवैध बालू कारोबारी रात्रि दस बजे के बाद से बेखौफ बालू उठाव और बिक्री करते हैं। रात में अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों की गति इतनी तेज होती है कि कोई सामने आ जाये तो बचना मुश्किल है और 4500-5000 रुपये प्रति ट्रैक्टर की दर ग्रामीणों को बालू बेचा जाता है। अवैध उतखनन से सरकार को राजस्व की भारी नुकसान हो रहा है और अवैध कारोबारी मालामाल हो रहे।

इस घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि घटना की रात्रि तुफानी साह उर्फ अजय साह अवैध बालू लदा ट्रैक्टर लेकर रात्रि करीब 11 बजे क्षेत्र में आया। इसके बाद पीछे से एक और ट्रैक्टर रात्रि में ही आ रहा था जो 11:58 बजे रात्रि में पारसनाथ के घर के पास मुख्य सड़क पर के किनारे बिजली पोल में टक्कर मारते हुए पलट गया। इसमें चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी।

रविवार को सुबह 8 बजे डंडई थाना क्षेत्र के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच कर बीएसपी प्रदेश सचिव मनीष कुमार सिंह, डंडई के उप प्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में मृतक के परिवार को दो लाख रुपये मुआवजा के रूप में दिये जाने का आश्वासन दिया गया। इसके बदले मृतक के पिता द्वारा अजय साव पर किसी भी प्रकार की कोई कानूनी कारवाई नहीं की जाएगी। इस संबंध में मृतक के पिता श्यामलाल चौधरी ने अनमने ढंग से कहा कि लोग निर्णय ले रहे हैं। अजय साव ने उसके पुत्र से दिनभर आरि -कुदारी करवाया और रात में ट्रैक्टर पर भेज दिया। इस संबंध में रमना थाना प्रभारी ने बताया कि गढ़वा में बयान चल रहा। आदेशानुसार आगे की कारवाई की जाएगी।

# मणिपुर हिंसा पर आदिवासियों ने निकाला प्रतिरोध मार्च




**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़**

अखिल भारतीय आदिवासी महासभा बड़गड़ प्रखंड इकाई द्वारा रविवार को मणिपुर में दो महिलाओं के साथ अनाचार एवं हो रही हिंसा के विरोध में प्रतिरोध मार्च निकाला गया। रैली गोठानी गांव से होते हुए बड़गड़ मुख्य बाजार तक आकर सभा में तब्दील हो गई। रैली में शामिल लोग सेव वुमेन्स, सेव मणिपुर, मणिपुर के कुकी समुदाय को न्याय दो, देश में नफरत फैलाना बंद करो, मणिपुर मामले में हम आपके साथ है आदि का नारा रैली में शामिल प्रखंड के दर्जनों गांव के सैकड़ों महिलाओं एवं पुरुषों के द्वारा लगाया जा रहा था। रैली में शामिल लोगों ने मणिपुर हिंसा के विरोध में केंद्र एवं मणिपुर राज्य सरकार के प्रति विरोध प्रकट करने के लिए माथे पर काली पट्टी बांध कर रैली में भाग लिया। इस मौके पर कई महिला एवं पुरुष वक्ताओं ने सभा को संबोधित किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि मणिपुर में लड़ाई रोको व शांति स्थापित करो। कहा गया कि मणिपुर में महिलाओं को नग्न कर घुमाने वाले कौन हैं उनकी पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जाए। वक्ताओं ने कहा कि मणिपुर के मामले में हम पिड़ीत महिलाओं सहित वहां के अल्पसंख्यक कुकी समुदाय के लोगों के साथ है। सभा को संबोधित किया उनमें अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के केंद्रीय सदस्य सुनील मिंज, ज्योति लकड़ा, पुनम खलखो, दोमनिका कुजूर, अहिल्या कुजूर, अर्जुन मिंज, विश्राम बाखला, सुनीता खलखो, लालमनी किस्पोट्टा, सुचिता बाड़ा, सत्यावती बाखला, प्रेम तिर्की, पाल लकड़ा, मिलियानुस केरकेट्टा, चंदन केरकेट्टा, बुद्धलाल केरकेट्टा, संजय कुजूर, साइना दिपाली कुजूर आदि के नाम शामिल हैं।

# महिला से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

थाना क्षेत्र के एक गांव में विवाहित महिला के साथ छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस ने आरोपी मुना ठाकुर पिता भरदुल ठाकुर को गिरफ्तार कर गढ़वा न्यायालय में पेश किया। घटना के बारे में पीड़ित महिला ने भवनाथपुर थाना में बीती रात्रि लिखित शिकायत करते हुए कहा है कि मैं अपने मायके में आई थी, जहां बीती संध्या घर के पास एक किराने दुकान में अपने बच्चे के लिए समान खरीद रही थी। इसी बीच एक युवक अश्लील हरकत करते हुए कॉमेंट किया जिसको मैंने इग्नोर किया परंतु दुकान से हटते ही युवक ने मुझे जबरन पकड़ कर छेड़छाड़ करते हुए बाल पकड़ कर जमीन पर पटक दिया। तब मैंने अपने घर वालों को आवाज लगाई। आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गया। भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने सूचना के आलोक में त्वरित करवाई करते हुए आरोपी मुना ठाकुर को रात्रि में ही गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय में पेश कर दिया।

## लातेहार संक्षिप्त

### जिलाध्यक्ष मनोनयन को लेकर की गयी चर्चा

**लातेहार।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की बैठक कार्यवाहक जिलाध्यक्ष रामप्यारे साहू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन झारखंड की प्रदेश कार्यसमिति बैठक 2 जुलाई को गुमला में हुई थी। उक्त बैठक में सर्वसम्मति से प्रदेश और सभी जिला कार्यसमिति को भंग कर दिया गया था। अब प्रदेश और जिला कार्यसमिति गठन करने से पहले प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू सभी जिला में जाकर संगठन से संबंधित लोगों से रायसुमारी कर रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि सभी जिलों में रायसुमारी सम्पन्न हो जाने के बाद अगस्त में प्रदेश कार्यसमिति और सभी जिलाध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि तेली समाज भाजपा को 99 प्रतिशत वोट देता है फिर भी भाजपा तेली समाज के लोगों को बंधुआ वोटर समझती है। भागीदारी नहीं देती है और मोदी के नाम पर सिर्फ ठगती रहती है। तेली समाज अब भागीदारी नहीं तो वोट नहीं की तर्ज पर जागरूक वोटर होने का परिचय देगा। सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि जिला पदाधिकारियों की बैठक प्रत्येक महीना अलग अलग प्रखंड में की जाएगी। बैठक में पलामु प्रमंडल प्रभारी संजय स्नेही, पलामु जिला से राम प्रसाद साहू और अशोक प्रसाद साहू, लातेहार जिला से आदित्य प्रसाद साहू, मुरारी प्रसाद साहू, कन्हाय प्रसाद साहू, पुरुषोत्तम साहू, चंदन साहू, बाढ़ु साव, राजू साव इत्यादि कई लोग शामिल रहे।

### शिक्षा परियोजना के सदस्यों ने मांगपत्र सौंपा



**बरवाडीह।** झारखंड शिक्षा परियोजना के शिक्षा परियोजना के कार्य सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह के आवास में मिलकर एक मांग पत्र सौंपा। विधायक ने उनकी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। मांगों में परियोजना 10 वर्ष से अधिक समय से कार्यरत कर्मियों की सेवा नियमित करने, राज्य कार्यकारिणी की 55वीं बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में कर्मियों को प्रोन्नति का लाभ देने, वेतन वृद्धि, मेडिकल समूह बीमा समेत कार्यरत कर्मियों की निधन के उपरांत 2000000 रुपये का मुआवजा एवं आश्रितों को नौकरी देना शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल में कुमार संजय सिन्हा, राम प्रसाद राम, संतोष कुमार आदि शामिल हैं।

**पहल** कब्रिस्तान की घेराबंदी के निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया विधायक भानु प्रताप शाही ने

# विधायक ने किया नल जल योजना का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही की उपस्थिति में रविवार को भाजपा के वयोवृद्ध नेता इंद्रदेव प्रसाद यादव ने मकरी पंचायत में पीएचडी के तहत 9 करोड़ 34 लाख रुपये की लागत से लगने नल जल योजना तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के तहत 25 लाख रुपये की लागत से मकरी गांव में कब्रिस्तान घेराबंदी निर्माण का शिलान्यास भूमि पूजन कर तथा नारियल फोड़कर किया।

मुस्लिम कमेटी के सदस्यों ने विधायक भानु को अंगवस्त्र व माला पहना कर स्वागत किया। मौके पर विधायक भानु प्रताप शाही ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नल जल योजना पीएम नरेंद्र मोदी का यह महत्वाकांक्षी योजना है। नल जल योजना के तहत लगने वाली जिसमें 105 जगहों पर डीप बोर कराकर पानी टंकी लगाया जाएगा, जिसकी क्षमता 5 हजार लीटर होगी व 20 घरों में कनेक्शन होगा व 8 हजार लीटर वाले में 40 घर कनेक्शन होगा। इससे कुल 2483 घरो में पानी सप्लाई किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 2014 से ही देश के यशस्वी प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबो और जरूरतमन्द लोगो को प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत, उज्वला योजना, प्रत्येक घरो में शौचालय, नल जल जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं को घर घर में पहुंचाकर समानता का अधिकार देते हुए देश में गरीबी और अमीरी के खाई को पाटने का कार्य कर रहे है। ठीक उसी तरह 2009 से ही मैं समानता के अधिकार के साथ संघर्ष कर क्षेत्र को सजाने सँवारने के लिए प्रयासरत हूं। कहा कि मकरी पंचायत के मुस्लिम भाई लोगों के चिरपरिचित मांग कब्रिस्तान की आज घेराबंदी निर्माण कार्य का शिलान्यास कर उसे पूरा करने का काम किया। उन्होंने सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर प्रहार करते हुए कहा कि मकरी के ज्यादातर मजदूर तुलसीदामर खदान में काम करते थे, लेकिन आज यहां के मजदूर बेरोजगार हो गए हैं। कहा कि 2013 में मुख्यमंत्री बनते ही हेमंत सोरेन ने घाघरा माइंस को बंद किया और इस बार जब दुबारा मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने 16 फरवरी 2020 को तुलसीदामर खदान को भी बंद कर गरीबों के घरों का चूल्हा बंद करने का काम किया है। कहा कि हेमंत सोरेन बालू को सोना बना दिया है। सभी प्रशासनिक अधिकारी को बालू पकड़ने के लिए पीछे लगा दिया है। प्रशासन का भय दिखाकर गरीबों के पैकेट से वाहन जांच, बिजली छापेमारी के नाम पर ब्लाक व अंचल कर्मियों और पुलिस प्रशासन से मोटी गाढ़ी कमाई करवा रही है। कहा कि भवनाथपुर में कॉरिडोर को खुलवाने के लिए दिन रात प्रयास किया, लेकिन मंत्री और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसे बोकारो शिप्ट कर दिया। इसे लेकर विधानसभा में आवाज को उठाने का कार्य किया। बोकारो से जल्द ही भवनाथपुर में इंड्रीस्ट्रीयल कॉरिडोर को लाने का प्रयास में लगे हुए है। कड़िया डैम का री टेंडर जल्द निकलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक प्रतिनिधी भानु गुप्ता व धन्यवाद ज्ञापन भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर यादव ने किया। इस मौके पर भाजपा नेता अनिल चौबे, पूर्व प्रमुख रीता देवी, पूर्व मुखिया अब्दुल्ला अंसारी, धनंजय साह, प्यारेमोहम्मद अंसारी, इजराईल अंसारी, निरंजन पाठक, रवि पाल, मनोज यादव, नईमुद्दीन अंसारी आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### विधिक जागरूकता शिविर में बोले एसपी-अविलंब प्राथमिकी दर्ज करायें, प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश ने कहा

# सबके सहयोग से रूकेगा बाल यौन अपराध

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से रविवार को टाउन हॉल में विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार ने इसका उदघाटन किया। इस शिविर में प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफन्सेस एक्ट (पोक्सो एक्ट) के प्रभावी क्रियान्यवयन के लिए इसके विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी।






शिविर में लोगों को संबोधित करते हुये अखिल कुमार ने कहा कि अवयस्क बालक /बालिका को यौन अपराध एवं यौन उत्पीड़न से बचाने के लिए पोक्सो एक्ट लागू किया गया है। बाल यौन अपराध काफी गंभीर मामला है। उन्होंने कहा यदि आपके आस-पड़ोस में किसी बच्चे के साथ यौन अपराध होता है तो इसकी पुलिस को सूचना देना आपकी नैतिक एवं कानूनी जिम्मेदारी है। बाल यौन अपराध की रोकथाम एवं बच्चों के लिए सुरक्षित समाज के निर्माण के लिए हम सभी को योगदान देना होगा। वहीं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा कि नाबालिग के साथ यौन अपराध के मामलों में पोक्सो एक्ट के तहत सजा के कड़े प्रावधान हैं। नाबालिग के साथ यौन अपराध की घटना होने पर अविलंब थाने में प्राथमिकी दर्ज करायें। अपराध की रोकथाम के लिए अपराधी के विरुद्ध कानूनी कारवाई अवश्य होनी चाहिए। वहीं उप विकास आयुक्त लातेहार आलोक शिकारी कच्छप ने कहा कि पोक्सो एक्ट के प्रति समाज के सभी लोग जागरूक हों एवं पोक्सो एक्ट से संबंधित अपराध होने पर अपराधी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने में सहयोग करें। स्पेशल जज पोक्सो अमित कुमार और पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय डॉ. कैलाश करमाली ने भी पोक्सो एक्ट से संबंधित जानकारी लोगों को दी। इस मौके पर डॉ एसएन चौधरी, सहायक लोक अभियोजक एके दास, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार स्वाति विजय उपाध्याय, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी दीपाली भगत, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत आदि उपस्थित रहे। अखिल कुमार ने 6 महिला स्वयं सहायता समूहों को आरएफ के तहत ऋण प्रदान किया।

### शोषितों-पीड़ितों को हक अधिकार दिलाना न्याय

**बरवाडीह।** प्रखंड कार्यालय सभागार में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा विधिक जागरूकता सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लातेहार सीजीएम मो. नासिर अब्दुल नासिर, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, एसडीपीओ दिलु लोहरा, प्रमुख सुशीला देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी समेत उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर सीजेएम ने कहा कि शोषितों-पीड़ितों को हक व अधिकार दिलाना सही न्याय है। शिविर में उपस्थित सीजीएम समेत अन्य अतिथियों ने परिसर में लगाए गए स्वास्थ्य विभाग, मनरेगा समेत अन्य विभागों के एक दर्जन से अधिक स्टालों का निरीक्षण किया। मौके पर पशु चिकित्सक डॉ प्रमोद कुमार, चिकित्सा प्रभारी आशीष रंजन, जेएसएलपीएस बीपीएम अभय कुमार, उप प्रमुख बिरेंद्र जायसवाल, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुजकुमार शरण, प्रखंड के तमाम पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

**महुआडांड़।** प्रखंड कार्यालय में रविवार को झालसा के तत्वधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा विधि सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जज मिथिलेश कुमार ने किया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग, जिला परिषद सदस्य स्तेला नगेसिया, नेतरहाट थाना के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, प्रखंड कर्मी, अंचल कर्मी स्वास्थ्य सहिया जल सहिया, समूह की महिलाएं मौजूद थे।

### कानून की जानकारी दी परिसंपत्ति का वितरण

**बालूमाथ।** प्रखंड कार्यालय सभागार में रविवार को विधिक सेवा प्राधिकार कैंप का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित ग्रामीणों को कानून की जानकारी देने के साथ इस मौके पर लोगों के बीच परिसंपत्ति का वितरण भी किया गया। इस मौके पर लातेहार एडिशनल जज संजीव झा ने ग्रामीणों को संबोधित किया। इस मौके पर बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम, बारियातु प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी, चिकित्सा प्रभारी डॉ. सुरेश कुमार, कांग्रेस नेता मो जुबेर, पप्पू चौबे, लक्ष्मण यादव, नरेश लोहरा तुलसी राम, सतेंदर यादव आदि मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालात में युवक की मौत, कुएं से शव बरामद

**35 वर्षीय रौशन पासवान अपने ससुराल नावाडीह गांव में बनवारी पासवान के घर आया हुआ था**

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**
रविवार को टंडवा थाना क्षेत्र के नावाडीह ससुराल आए युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गयी। युवक का शव कुएं से बरामद किया गया। जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। मृतक हजारीबाग जिले के कोर्रा निवासी 35 वर्षीय रौशन पासवान पिता स्व. कार्तिक पासवान अपने ससुराल नावाडीह गांव में बनवारी पासवान के घर आया हुआ था। वहीं रविवार दोपहर घर के समीप कुएं में उसका शव उतराता हुआ देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि हत्या या आत्महत्या दोनों पहलुओं की जांच करते हुए अनुसंधान करते हुए विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## सेवानिवृत्त शिक्षक की संदिग्ध हालात में मौत

**हत्या की आशंका**

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
थाना क्षेत्र के अंतर्गत धवई टोली गांव निवासी क्लेमेंट टोप्पो (73 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षक) का शव रविवार को महुआडांड़ पुलिस ने पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेजा। स्थानीय लोगों और परिवार के सदस्यों ने इस मामले में हत्या की आशंका जताई। वहीं मृतक के सिर पर धारदार हथियार के जख्म दिखाई दिये। महुआडांड़ थाना प्रभारी रतन टूडू ने कहा कि मामले की छानबीन बाद ही कुछ कहा जा सकता है। सेवा निर्मित शिक्षक क्लेमेंट को शनिवार को अपने खेत में मकई की खेती की देखभाल के लिए गए थे। इसी बीच घरवालों को सूचना मिली कि वे रक्त रजिंत



हालत में गिरे हुए हैं। मौके पर पहुंचे तो हल्की सांसें चल रही थीं। तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। हालांकि परिजन भी स्पष्ट रूप से कुछ बताने में असमर्थ हैं।

## संक्षिप्त

### बरवाडीह में पुलिस-प्रशासन की तत्परता से नाबालिग प्रेमी जोड़े के विवाह पर लगी रोक

**बरवाडीह।** प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय व थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह के तत्परता कारण शनिवार रात्रि मंगरा में नाबालिग प्रेमी जोड़े की शादी पर रोक लगाई गई। वहीं रविवार को पक्षों को थाना बुलाकर लड़की को उसके पिता के साथ छिपादोहर भेज दिया गया। वहीं लड़का विश्व कर्म कुमार एवं उसके पिता केवल राम को यह आश्वस्त किया गया कि दोनों का वैवाहिक उम्र होने पर सभी की रजामंदी से सामाजिक रीति रिवाज से विवाह करा दिया जाएगा। थाना परिसर में इस बाबत वर पक्ष एवं वधु पक्ष का लिखित बांड भी भरवाया गया, जिसमें वैवाहिक उम्र होने पर ही दोनों की शादी कराने की बात कही गई है। मौके पर लड़का लड़की के माता पिता भी मौजूद थे। जानकारी के अनुसार प्रखंड के मंगरा ग्राम के विश्वकर्म कुमार पिता केवल राम (18 वर्ष से कुछ माह कम) एवं लड़की रिंकी कुमारी (15) पिता राज मोहन राम छिपादोहर निवासी की रजामंदी पर शनिवार को मंगरा ग्राम में शादी कार्यक्रम निर्धारित किया गया था। इसमें केवल लड़की ही मंगरा ग्राम पहुंची हुई थी, जबकि उसका अन्य कोई परिजन इस शादी से रजामंद नहीं होने के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हुआ था। मंगरा में लड़का पक्ष शादी का कार्यक्रम आयोजित कर रहा था। इसकी भनक प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय और थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह को लगने पर उन्होंने शनिवार रात्रि में ही प्रेमी जोड़े के उम्र संबंधी प्रमाणपत्र की जांच करते हुए शादी पर रोक लगा दी।



### कृषक मित्रों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**टंडवा (चतरा)।** रविवार को दर्जनों कृषक मित्रों द्वारा सिमरिया विधायक किसुन दास से मिलकर सम्मानजनक मानदेय लागू कराने को लेकर एक ज्ञापन सह मांगपत्र सौंपा। ज्ञापन में राज्य सरकार को विशेष ध्यानाकृष्ट कराने हेतु विधानसभा सत्र में आवाज उठाने की मांग की गई है। कृषक मित्र उदय पांडेय ने बताया कि पिछले 12 वर्षों से अपने दायित्वों का निर्वहन सभी अनवरत करते आ रहे हैं। सरकार कृषक मित्रों से कृषि, पशुपालन, मनरेगा, सहकारिता, चुनाव कार्य, फसल बीमा योजना, भूमि सरंक्षण, धान अधिप्राप्ति हेतु किसानों का रजिस्ट्रेशन, योजना बनाओ अभियान, मिट्टी जांच, केसीसी ऋण, ई-केवाइसी, फसल राहत योजना समेत अन्य कार्य करवार रही हैं। बावजूद अबतक समुचित मानदेय निर्धारित नहीं होने के कारण कृषक मित्रों को भरण-पोषण में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। आगे बताया गया कि सरकार से कुशल श्रमिकों के अनुरूप न्यूनतम मजदूरी देने, 65 वर्ष की उम्र सीमा, कृषि विभाग के बहाली में 50 प्रतिशत आरक्षण, मृतकों के आश्रितों को नौकरी, बीमा भत्ता देने की मांग लगातार की जा रही है। मौके पर महेंद्र महतो, मोहन साहू, बसंत राणा, समेत अन्य मौजूद थे।



### अधूरे नाली निर्माण से बढ़ी ग्रामीणों की परेशानी

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत संघानी के मुस्लिम टोला से लेकर शिव मंदिर तक करीब 20 लाख की लागत से डीएमएफटी फंड से कराए जा रहे नाली निर्माण का कार्य संवेदक द्वारा अधुरा छोड़ दिए जाने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि एक माह बीत जाने के बाद भी नाली का निर्माण आधा अधूरा करके छोड़ दिया गया है। ऐसे में नाली में गंदा पानी जमाव हो जा रहा है, जिससे बीमारी फैलने का डर सता रहा है। उक्त समस्या को लेकर सिंघानी के भुइयां टोली आंगनबाड़ी के पास ग्रामीण और संवेदक की बैठक हुई। इसमें पूर्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद उर्फ राजू डॉक्टर, सेवानिवृत्त शिक्षक नारायण राम दांगी, वार्ड सदस्य संतोष रजक, सिंघानी मुखिया पति संजय दांगी, नागेश्वर दांगी, अशोक रविदास, कृष्ण कुमार सिन्हा, दीनदयाल चंद्रवंसी आदि मौजूद रहे।



### आवासीय विद्यालय नेतरहाट ने की 1 करोड़ 37 लाख रु. की बचत

**नेतरहाट।** नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्राचार्य के रूप में 19 जून को डॉ प्रसाद पासवान ने प्रभार लिया। इसके बाद उनके द्वारा पठन-पाठन सामग्री, पोशाक, खाद्य सामग्री समेत बच्चों के उपयोग की चीजों में गत वित्तीय वर्ष से लगभग 1 करोड़ 37 लाख रुपये की बचत सरकार को कराया गया। इन सभी सामग्रियों की पूर्ति के लिए टेंडर किया जाता था और संवेदकों के की ओर से इन सारी चीजों की आपूर्ति की जाती थी। उन्होंने विद्यालय के मैट्रिक एवं इंटर के रिजल्ट को राष्ट्रीय स्तर पर लाने के के लिए प्रयासरत रहने की बात कही है। वहीं जरेडा की ओर से पूरे स्कूल कैंपस में सरकारी योजना के तहत सोलर एनर्जी आपूर्ति करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इससे आने वाले दिनों में स्कूल में लाइट की कमी को दूर किया जा सकेगा।

# मणिपुर की अमानवीय घटना पर फूटा लोगों का गुस्सा

### कई संगठनों की महिलाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर किया विरोध प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
मणिपुर में महिलाओं से हुई बर्बरता के विरोध में रविवार को महुआडांड़ में विभिन्न आदिवासी संगठन के बैनर तले महिलाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन किया। संगठनों के लोगों ने महुआडांड़ के दुर्गा बाड़ी मोड से शास्त्री चौक होते बिरसा मुंडा चौक तक मानव श्रृंखला बनाकर पदयात्रा निकाली। इस विरोध प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने घटना को शर्मनाक बताते हुए देश की आधी आबादी पर इसे घातक प्रहार बताया। कहा कि देश में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा धोखा साबित हुआ है। प्रदर्शन में स्कूल कॉलेज की छात्राएं शामिल हुयीं। इधर बोहटा चौक पर नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज के केंद्रीय जन सघर्ष समिति के सचिव जेरोम जेराल्ड कुजूर ने कहा कि मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ



दुर्व्यवहार करने का शर्मनाक वीडियो वायरल होने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया। तब प्रधानमंत्री ने चुप्पी तोड़ने की औपयरिकता पूरी की। उन्होंने कहा कि 70 दिनों से मणिपुर जल रहा है। मणिपुर के सीएम को तत्काल अपना त्यागपत्र देना चाहिए। बोहटा में चौक में जेरोम जेराल्ड कुजूरकुलदीप मिंज, सुमन एक्का, गोपाल खाखा, हबील टोप्पो, अरविंद एक्का, कुलदीप बैक, अनीस लकड़ा, सुश्री लिना, तिनतियुस टोप्पो,सुसना एक्का, अशोक खलखो, फ्रेडरिक बैक, राजेश टोप्पो, लिलि बैक सहित महुआडांड़ में फादर दिलीप, अभय मिंज, किशोर, मनीना कुजूर सहित विभिन्न गांवों से आयी महिलाओं और छात्राओं ने भाग लिया।

### मणिपुर व मप्र की घटना को लेकर हुयी बैठक

**लातेहार।** आदिवासी वासा वाड़ा लातेहार एक आवश्यक बैठक की गई, जिसकी अध्यक्षता बिरसा मुंडा सरना समिति सचिव ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि मध्य प्रदेश की पेशाब कांड एवं मणिपुर में आदिवासियों महिलाओं पर अमानवीय व्यवहार के खिलाफ में माको से समाहारण्यालय गेट तक विरोध प्रदर्शन मंगलवार को किया जाएगा। बैठक में सरना समिति के सचिव बिरसा मुंडा कोषाध्यक्षरंथु उरांव, सदस्य किरानी उरांव, सुरेंद्र उरांव ,कैलाश उरांव, धनेश्वर उरांव, खेरवार समाज के केंद्रीय अध्यक्ष जानकी सिंह, सदस्य प्रदीप सिंह, अध्यक्ष लोहरा समाज के मोहन लोहरा, सरोज लोहरा, मुखिया प्रवेश उरांव, मुखिया अनीता देवी, सरना समिति के महाभारत उरांव, मीडिया प्रभारी लालमोहन सिंह इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## श्रम मंत्री सत्यानंद ने किया बिरसा योजना का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। हंटरगंज**
राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोगता रविवार को एक दिवसीय दौरे पर हंटरगंज पहुंचे। इस दौरान मंत्री ने प्रखंड मुख्यालय में मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत बिरसा योजना का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मंत्री ने कई युवक व युवतियों को विभिन्न निजी संस्थानों का ऑफर लेटर व श्रम विभाग की ओर से चयनित लाभार्थियों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। भोगता ने श्रम विभाग से जुड़ कर योजनाओं का लाभ लेने की अपील करते हुए कहा कि सरकार युवाओं को कौशल विभाग के माध्यम से हुनरमंद बना रही है। रोजगारपरक प्रशिक्षण दिला रही है। युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार




उपलब्ध कराना सरकार की प्रथमिकता है। शुभारंभ कार्यक्रम में उपविकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिप अध्यक्ष ममता कुमारी, एसडीओ मुमताज अंसारी, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, बीडीओ अभिषेक पांडेय, मंत्री प्रतिनिधि चन्द्रिका यादव, अजय राम, मुखिया सह राजद प्रखंड अध्यक्ष अशोक यादव समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

## स्टेशन हटाए जाने के विरोध में एकजुट हुए ग्रामीण

### आंदोलन चलाने के लिए कमेटी का गठन

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड के छिपादोहर गांधी मैदान प्रांगण में छिपादोहर रेलवे स्टेशन हटाने के विरोध में छिपादोहर स्टेशन के गांव के लाभान्वित ग्रामीणों की बैठक राजकुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें छिपादोहर स्टेशन को हटाए जाने के विरोध में एकजुट होकर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। इसके लिये एक कमेटी का गठन किया गया, जिसका नाम छिपादोहर जन संघर्ष समिति रखा गया, जबकि कमेटी में दिलीप कुमार सिंह को अध्यक्ष, राज कुमार सिंह, बैजनाथ सिंह, वीरेंद्र सिंह उपाध्यक्ष, राजकुमार ठाकुर सचिव, रमेश राम, चंदन ठाकुर महामंत्री, अवनीश कुमार



कोषाध्यक्ष, अमीर दास उप कोषाध्यक्ष, वीरु सिंह, गोपाल प्रसाद, ईश्वरी उरांव, शिवनंदन सिंह संरक्षक, जबकि धर्मेंद्र सिंह संयोजक, मुन्ना कुमार गुप्ता मीडिया प्रभारी, जोगेंद्र लोहरा, रंजनकुमार गुप्ता, संतोष राम, सत्येंद्र यादव, कामेश्वर उरांव श्याम, लाल सिंह, शंकर सिंह, नंद देव सिंह, बीरू सिंह, राजकुमार सिंह आदि सदस्य बनाए गए। बैठक में दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि स्टेशन का निर्माण 1924 में हुआ था। टाइगर प्रोजेक्ट का निर्माण 1975 में हुआ था, लेकिन वन विभाग टाइगर प्रोजेक्ट के नाम पर छिपादोहर स्टेशन को डायवर्ट कर दूसरी जगह बनाने की मांग कर रहा है। छिपादोहर स्टेशन को हटाया गया तो हम सभी लोग वन विभाग के विरोध में जन आंदोलन चलाएंगे। किसी भी हालत में छिपादोहर रेलवे स्टेशन को हटने नहीं देंगे। साथ ही ग्रामीणों के वन विभाग तेरी मनमानी नहीं चलेगी, वन विभाग होश में आओ, रेलवे से बैर नहीं वन विभाग तेरी खैर नहीं, जान देंगे परंतु नई रेलवे लाइन के लिए अपने जमीन नहीं देंगे आदि नारों से छिपादोहर गूंज उठा।

### पहल | डॉ. इकबाल नैयर कासमी की याद में हुआ कॅरियर काउंसिलिंग व पुरस्कार वितरण समारोह

# ‘तालीम के बगैर कामयाब जिंदगी का तसव्वुर भी नामुमकिन’

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
तालीम आज के वक्त में सबसे बड़ी ताकत है, इसके बगैर कामयाब जिंदगी का तसव्वुर भी मुमकिन नहीं है। उक्त बातें अंजुमन फरोग-ए-उर्दू झारखंड की ओर से रविवार को बालूमाथ स्थित होटल कजारिया के सभागार में डॉ. इकबाल नैयर कासमी की याद में आयोजित कॅरियर काउंसिलिंग व पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए समाजसेवी जुनैद अनवर ने बतौर विशिष्ट अतिथि कहीं। उन्होंने कहा कि आज का वक्त तालीम का है, जिसके जरिए दुनिया के किसी भी



हिस्से में पहचान कायम की जा सकती है। जुनैद अनवर ने बालूमाथ की धरती को प्रतिभासंपन्न धरती बताया। उन्होंने कहा कि आज के वक्त में गरीब और निर्धन बच्चे प्रतिभा की बदौलत क्षेत्र और राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर तेजी से स्थापित कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रामगढ़ के प्रोफेसर डॉ सरफराज आलम ने उपस्थित बच्चों को दसवीं व 12वीं के बाद के कॅरियर के चुनाव को लेकर बारीकी से चर्चा की। उन्होंने अभिभावकों से कॅरियर चुनने से पहले बच्चों की राय जानने को जरूरी करार दिया।

इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत हाफिज शालिन की ओर से तिलावत-ए-कुरानपाक से की गई। स्वागत भाषण में मौलाना अब्दुल वाजिद चतुर्वेदी व दानिश अयाज ने अंजुमन फरोग-ए-उर्दू व डॉ इकबाल नैयर कासमी की जीवनी पर प्रकाश डाला। मैट्रिक, इंटर व अन्य माध्यमों से पास हुए वैसे छात्र व छात्राओं जिनके उर्दू विषय में अच्छे मार्क्स थे, उन्हें मेडल, मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर जुमन-फरोग-ए-उर्दू के सदर डॉ. इकबाल अंसारी, सेक्रेटरी गालिब नश्तर, मो. निजामुद्दीन, वसी इमाम, डॉ. अमार रियाज, मौलाना शाहिद नवाज, डॉ. मुर्शीद आलम, हाफिज अल्फातेह, सेवानिवृत्त शिक्षक मो तैय्यब, मो अरशद शाहनवाज, जावेद अख्तर, मौलाना वसीम, हाफिज अबूतलहा, मौलाना माज, मौलाना तौफीक, मनसूर अंसारी, मसरूर आलम, मो अजमल आदि उपस्थित थे।

# आज निकलेगी विशाल कांवड़ यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

श्रावण मास के तीसरी सोमवारी पर आज भव्य भक्ति जागरण के साथ कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में शामिल शिवभक्तों की टोली लोहरदगा से 30 किमी पैदल यात्रा कर घाघरा देवाकी बाबाधाम में स्थित भगवान शिव पर जलार्पण करेंगे। कांवड़ यात्रा में लगभग 1500 से ज्यादा शिवभक्त शामिल होंगे। इसका उद्घाटन उपायुक्त डा. बाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर. रामकुमार, डीएफओ अरविंद कुमार, एस.डी.ओ. अरविंद कुमार लाल, वरीय पुलिस उपाधीक्षक अभियान दीपक पांडेय, एस.डी.पी.ओ. वशिष्ठ नारायण सिंह, डीएसपी परमेश्वर प्रसाद आदि संयुक्त रूप से करेंगे। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में गौरव आर.पी. अग्रवाल होंगे। यह कार्यक्रम कांवड़िया संघ, बरवाटोली, लोहरदगा के द्वारा किया जा रहा है। वहीं कांवड़ यात्रियों के लिए सुल्तानगंज से गंगा जल की व्यवस्था की गयी है। इसको लेकर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। कांवड़िया संघ बरवाटोली के आजीवन संरक्षक समाजसेवी सुनील अग्रवाल ने बताया कि कांवड़ियों के लिए सुल्तानगंज से गंगाजल की व्यवस्था मंदिर परिसर में की गयी है। मौके पर चंदन गोयल, रोहित साहू, गौरव अग्रवाल उर्फ लड्डू, आलोक अग्रवाल, गंगा अग्रवाल समेत अन्य मौजूद थे।




# पुलिस ने फरार आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाया

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

थाना क्षेत्र के सलगी गांव में आईपीसी की धारा 174 - ए के मामले में फरार चल रहे विजय वर्मा पिता शंकर वर्मा के घर पर पहुंचे कुडू थाना प्रभारी विश्वजित कुमार सिंह एएसआई लव कुश सिंह ने लोहरदगा एसीजीएम के न्यायालय निर्गत आदेश को घर के मेन गेट पर चिपकाया। पुलिस द्वारा चष्पा किये गए इस्तेहार में लिखा गया है कि उक्त आरोपी ने आईपीसी की धारा 174 - ए के तहत दंडनीय अपराध किया है या किए जाने का संदेह है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को वापस कर दिया गया है कि विजय वर्मा नहीं मिला है और जबकि यह मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि विजय फरार हो गया है या वारंट की तामील से बचने के लिए खुद को छुपा रहा है। न्यायालय ने आरोपी विजय वर्मा को उक्त शिकायत के लिए 26 जुलाई को सुबह 10.30 न्यायालय के समक्ष हाजिर होकर जवाब प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।



# शिविर में 85 पशुओं को लगा वैक्सीन

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत ग्राम में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन कर पशुपालक को पशु संबंधित बीमारी का विस्तृत जानकारी दिया गया। शिविर का आयोजन एच डी एफ सी बैंक एवं बाएफ संस्था तथा पशु पालन विभाग के संयुक्त पहल से किया गया। आयोजित शिविर के माध्यम से 85 पशु को डोर टू डोर जाकर वैक्सीन लगया गया। जबकि 41 पशुपालक को शिविर के दौरान पशु में होने वाली बीमारी और उससे बचाव की जानकारी पशु चिकित्सक डॉ0 रोहित कुमार द्वारा दिया गया। साथ ही लंपि बीमारी का पहचान एवं इससे बचाव संबंधित 41 पशुपालक किसान को जागरूक करते हुए निःशुल्क दवा का वितरण किया गया।



इस मौके पर बाएफ संस्था के संरक्षण कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज कुमार ने पशुपालक किसान को बताते हुए कहा कि संस्था के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में पशु बीमारी जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें एच डी एफ सी बैंक और पशुपालन विभाग का अहम योगदान मिल रहा है। जो शिविर के दौरान पशु बीमारी सहित मौसमी बीमारी के बारे में बताया जा रहा है। मौके पर पशु चिकित्सक डॉ0 रोहित कुमार,बाएफ से कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज कुमार सहित ग्रामीण पशुपालक उपस्थित थे।

## ईसाई समुदाय के लोगों ने मणिपुर में शांति व्यवस्था बहाल करने की मांग की

# मणिपुर हिंसा के विरोध में बनायी मानव श्रृंखला

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

मणिपुर में हो रही हिंसा का विरोध अब लोहरदगा में भी देखने को मिल रहा है। जिले के शहरी क्षेत्र में ईसाई समुदाय के लोगों ने हाथों में तख्ती लेकर मानव श्रृंखला बनाकर मणिपुर में शांति व्यस्था बहाल करने की मांग की। लुथरन मैदान से हजारों की संख्या में पावरगंज तक मानव श्रृंखला बनाया और पूरी तरह से मौन जुलूस निकालकर मणिपुर हिंसा का विरोध किया। वही मानव श्रृंखला बनाए लोगों ने कहा मणिपुर में जिस तरह से आदिवासियों पर हमला हो रही है यह कानून व्यवस्था पर कड़ा सवाल खड़ा कर रही है। मणिपुर की घटना से यह लगता है की वहा कानून नाम की कोई चीज ही नहीं है। रोज लोग मर रहे हैं घर जलाए जा रहे हैं बेटियों को सड़को पर नंगा घुमाई जा रही है। सरकार मणिपुर में शांति व्यस्था स्थापित करने में पूरी तरह विफल नजर आ रही हैं। केंद्र सरकार से मणिपुर में कानून व्यवस्था बहाल करने और शांति स्थापित करने की मांग की जाती है। कहीं न कहीं केंद्र सरकार भी इस हिंसा में दोषी है जो दो महीने बीत जाने के बाद भी शांति स्थापित नहीं कर पाई है।






# आदिवासी संगठनों ने मणिपुर को लेकर बैठक कर जताया आक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा कुडू और आदिवासी छात्र संघ प्रखंड समिति कुडू के संयुक्त तत्वधान में शनिवार को राजी पड़हा भवन कुडू में मणिपुर आदिवासी महिलाओं के साथ हुए दुष्कर्म का विरोध किया। वहां शांति बहाली की मांग को लेकर आदिवासी छात्र संघ प्रखंड अध्यक्ष अवधेश उरांव के नेतृत्व में समाज के सैकड़ों महिला, पुरुषों के साथ बैठक की गयी। अवधेश उरांव ने कहा कि मणिपुर में हो रहे आदिवासियों के साथ बर्बरता से समस्त आदिवासी समाज में आक्रोशित हैं। मणिपुर की सरकार के साथ साथ केंद्र की सरकार भी सोई हुयी है, न ही मीडिया कुछ बोल रहा है और न ही महिला आयोग। आज जिस देश में महिलाओं को देवी का दर्जा दिया जाता है उसी देश में महिलाओं के साथ ऐसा क्रूर व्यवहार किया गया। उक्त घटना भारत की समस्त महिलाओं का अपमान है। ऐसी घटना से समाज काफी आहत है और यह मानवता को कलंकित करने वाली घटना है। आज भारत की राष्ट्रपति आदिवासी हैं और महिलाओं के साथ ऐसी घटना घट रही है। इस बैठक में मुख्य रूप से जतरु उरांव, विजय उरांव, शनि भगत, दुर्गा उरांव, महावीर उरांव, रविंद्र उरांव, बना उरांव, सुनील मुंडा, शंकर उरांव, बिंदेश उरांव, अमित कुजूर, दुबराज उरांव, अनिल उरांव आदि लोग उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त

### आजसू प्रमुख का कुडू में हुआ जोरदार स्वागत

**कुडू।** डाल्टेनगंज में आयोजित आजसू के प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने जा रहे पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो का कुडू बस स्टैंड में ढोल नगाड़े के साथ जोरदार स्वागत हुआ। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत, केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी भी मौजूद रहे। सुबह से ही कुडू बस स्टैंड में विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत की अगुवाई में मौजूद प्रतीक्षा कर रहे पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता जमे हुए थे। जैसे ही सुदेश महतो वहां पहुंचे तो सुदेश कुमार महतो जिंदाबाद, पार्टी सुप्रीमो जिंदाबाद, स्वर्गीय कमल किशोर भगत जिंदाबाद, आजसू पार्टी जिंदाबाद जैसे नारे लगाते हुए स्वागत के लिए उमड़ पड़े। सड़क के किनारे कतार में खड़े कार्यकताओं में किसी ने फूलों की माला पहनाई तो किसी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान पार्टी प्रमुख श्री महतो ने भी बारी बारी से सभी का अभिवादन किया। मौके पर ओम प्रकाश भारती, लाल गुडडू नाथ शाहदेव, कलीम खान, अरविंद यादव, अंजू देवी, विलियम कुजूर, रामचंद्र गिरि, शाहिद अंसारी, अनीता साहू, मुन्ना अग्रवाल, साजिद कलाल, अवधेश पाठक, लाल पंचम, प्रदीप ठाकुर, सलीम पांडू, विजय उरांव, नईम खान गुड्डु,अशोक साहू, आकाश यादव, परमेश्वर महतो, विकास लाल, मुमताज अंसारी, कबीर अंसारी, सुधीर यादव, नवाज खान, जावेद खान, सरस्वती देवी, सुरजी भगताइन, हेमंती देवी सहित सैकड़ो की संख्या में आजसू कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### भाजपाइयों ने किया हाट में नुक्कड़ नाटक

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम स्थित साप्ताहिक बाजार में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा नुक्कड़ का आयोजन किया गया। सेन्हा मंडल अध्यक्ष नवीन साहु के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों व राज्य सरकार की विफलता को लेकर नुक्कड़ नाटक आयोजन कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों के बारे पर्चा वितरण किया गया। मंडल अध्यक्ष नवीन साहु ने कहा कि 2024 में जेएमएम सरकार को सबक सिखाना है। मौके पर गढ़वा जिला ओबीसी मोर्चा प्रभारी अजय पंकज, ओम गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो, पूर्व मंडल अध्यक्ष राम किशोर शुक्ला, जयप्रकाश साहू, जोध नारायण साहू के अलावे बुटी पंचायत संयोजक समीर उरांव, महामंत्री रजनीश सिंह, दिनेश साहू, प्रदीप सिंह, विनोद यादव, शंकर लोहरा उपस्थित थे।

### कैरो बिराजपुर वन में 200 पौधरोपण किया

**कैरो।** वन महोत्सव के तहत वनरक्षी अभिषेक तिर्की के अगुवाई में कैरो बिराजपुर वन में पौधा रोपण किया गया। मौके पर मुखिया बीरेंद्र महली ने कहा कि हमारे जीवन मे वनों का महत्व बहुत ज्यादा है।वन मनुष्य के सबसे अच्छे दोस्त के तरह रहें हैं जिस दिन वन नही रहेगा उस दिन हमारा जीवन भी खतरे में आ जायेगा। वन हमे शुद्ध हवा प्रदान करने के साथ-साथ जलावन की लकड़ियां,फल फूल जड़ी बूटियां उपलब्ध कराती है। वन जीव जंतुवों के लिए एक आश्रय है। आज के आधुनिक युग मे पेड़ पौधे का अँधानधुन्ध कटाई हो रही है हमे चाहिए कि वनों की संरक्षित रखने के साथ साथ नए पेड़ पौधे अवश्य लगाना चाहिए। मौके पर सीसम,गमहार, बैर आदि दो दिनों के लक्ष्य के अनुरूप लगभग 200 पौधा रोपण किया गया। मौके पर वार्ड सदस्य बसंती उरांव, वन समिति अध्यक्ष परमेश्वर उरांव एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

### मोहर्रम को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**कैरो।** थाना मुख्यालय के उतका गांव में रविवार को मोहर्रम त्योहार को लेकर कैरो थाना के एस आई ऋषिकांत कुमार शर्मा के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। मौके पर ऋषिकांत कुमार शर्मा ने कहा कि पर्व त्योहार शांति पूर्वक आपसी प्रेम सौहार्द के साथ मनाए,जुलुस में अभद्र गाने,नारे न लगाएं,किसी प्रकार का कोई अफवाह न फैलाएं, समय से उचित मार्गो से जुलूस को गुजारने में सहयोग करें, एक दूसरे के सहयोग से ही शांति पूर्वक त्योहार मनाया जा सकता है।मौके पर अख्तर अंसारी,ऐनुल अंसारी,जमील अख्तर ,मतलूब अंसारी,हासिम अंसारी,जुबेर अंसारी,जावेद अंसारी,यूसुफ अंसारी उपस्थित थे।

### पद यात्रा पौधरोपण कार्यक्रम के साथ संपन्न

**लोहरदगा।** एकल विद्यालय के अंचल अध्यक्ष सतीश जयसवाल की अध्यक्षता में पूसो गरवाली ग्राम में पद यात्रा निकाली गई। इस पदयात्रा में दक्षिण झारखंड संभाग अध्यक्ष राज कुमारी जैन, सुमन मिनोचा प्रचार प्रसार प्रभारी महिला समिति, अनुपमा राजगढ़िया रांची महिला समिति, विजय आजमानी रांची चैप्टर उपाध्यक्ष आदि उपस्थित थे। बैठक में विद्यालय के बच्चे, अभिवावक, संच प्रमुख, प्रखंड प्रमुख, अंचल कोषाध्यक्ष सत्येंद्र मिश्रा आदि उपस्थित थे। विशेष अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा से प्रसन्न होकर बच्चों को फुटबाल, चॉकलेट आदि चीजें प्रदान की। बैठक उपरांत पद यात्रा की गई एवं अभिभावकों से घर घर जाकर मिला गया। इसी क्रम में विद्यालय के आचार्य के घरों में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर विशेष अतिथियों द्वारा उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद दिया गया। अंचल अध्यक्ष की भूरी भूरी प्रसंशा करते हुए कहा कि अंचल का कार्य प्रशंसनीय बताया।

### अखंड ज्योति पाठक सम्मेलन आज

**लोहरदगा।** अखंड ज्योति संस्थान मथुरा द्वारा 24 जुलाई को दोपहर 3 बजे अखण्ड ज्योति पाठक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ, धर्मशाला रोड गुदरी बाजार में आयोजित होगा। मौके पर गायत्री परिवार ने जिलेवासियों से आग्रह किया है कि जितने भी पाठकगण जो पत्रिकाओं एवं वांग्मय पुस्तक आदि के माध्यम से गायत्री परिवार से जुड़े हैं वे सभी इस सम्मेलन में आकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाए। इस कार्यक्रम के मुख्य अथिति के रूप में शिक्षाविद मदन मोहन पांडे होंगे।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में दर्जनों ने उठाया लाभ

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

सेवा भारती के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय परिसर में लगातार 58 वें सप्ताह नशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 37 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए डॉ कुमुद अग्रवाल से शुगर, बुखार, सर्दी, खांसी, दर्द, हार्ड आदि का चेकअप कराते हुए परामर्श भी लिया। शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, सहसचिव संजय चौधरी, अंजली सर्राफ, फुलवंती देवी, अतुल सर्राफ, अशोक अग्रवाल, भोला प्रसाद जयसवाल, सुबोध प्रसाद महतो, बसंती देवी, राजेश्वरी देवी, प्रभा देवी, जुगल किशोर, कृष्णा प्रसाद केसरी, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, प्रभु साहू, रीना कुमारी, अनिल वर्मा, सुरेंद्र साव, मीना देवी, मनमोहन प्रसाद, सुनीता देवी, उदय प्रसाद कास्यंकार, महेश उरांव, बाला देवी, बबीता देवी, प्रदीप गुप्ता, तारा राय, चिंतामणि, राजकुमार साहू, प्रियंका कुमारी, मंगला देवी, रवि प्रसाद, राम प्रसाद साहू आदि मौजूद थे।



# सड़क पर खड़े हाइवा से टकराया टेंपो, चालक घायल

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु चौक के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर रविवार को पथ पर खड़ी हाइवा जेएच 01 सी एक्स 9444 में टेंपो जा टकराया। इससे टेंपो चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के पश्चात स्थानीय ग्रामीणों ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेन्हा में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के उपरांत चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया। वहीं घायल युवक की स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल से रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान भड़गांव निवासी स्व कुर्बान अंसारी के पुत्र रहीस अंसारी के रूप में किया गया। बताया जाता है कि रहीस अंसारी अपने घर से टेम्पू लेकर सेन्हा की ओर जा रहा था। उसी दौरान अरु चौक के समीप मुख्य पथ पर हाइवा वाहन में ओटो अनियंत्रित हो टकरा गया। जिसे सड़क दुर्घटना होने की बात बताई जा रही है। वहीं घटना की सूचना थाना प्रभारी अभिनव कुमार को मिलते ही उनके निर्देश पर सअनि बिरेन्द्र बाखला और सअनि एलबिना लकड़ा दलबल के साथ अस्पताल पहुंच घायल का जायजा लेते हुए घटना स्थल का तहिकात करते हुए पुलिस जांच में जुट गई।





### मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से हुआ घायल

**चैनपुर (गुमला)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के लगड़ामोड़ के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे ग्रामीणों के सहयोग से चैनपुर के एक निजी क्लिनिक में लाया गया, जहां उसका प्रथमिक इलाज कर उसे छुट्टी दे दी गयी। घायल लगड़ा मोड़ निवासी सरफराज सेख (35) है। जानकारी के अनुसार जारी थाना क्षेत्र के जारड़ा गांव निवासी असिसन सेख पिता रोसन खेस नवगाई डेम से घूम के अपने घर जरडा जा रहा था। लगड़ा मोड़ के समीप अचानक गाड़ी अनियंत्रित हो जाने से रास्ते के किनारे खड़े सरफराज सेख को धक्का लग गया, जिससे वो वहीं रोड पर गिर गया। उसके चेहरे तथा उसके पैर पर चोटें आयी हैं।

## पहल | शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में आचार्य कार्यशाला का आयोजन

# 'भारतीय संस्कृति भैया-बहनों में संप्रेषित करें आचार्य'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में एक दिवसीय संकुल स्तरीय आचार्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला चार सत्रों में संपन्न हुई।

कार्यशाला का उद्घाटन शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के विशाल सभागार में किया गया। उद्घाटन सत्र में संकुल संयोजक शशिधर लाल अग्रवाल, गणेश शास्त्री, गोरख नाथ पांडे, पूनम मिश्रा, एल.एन. तिवारी, संकुल प्रमुख सह शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास ,सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे, मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम मुखर्जी, प्रमोद कुमार, मनोहर मोदी, राजकुमार नाग, शशि कुमार गुप्ता और विमलेश तिवारी ने सामूहिक रुप से दीप प्रज्वलन कर किया। विद्या मंदिर लोहरदगा के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास ने आगत अतिथियों का परिचय कराया। सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कार्यशाला की भूमिका रखी। संकुल संयोजक सह विद्यालय अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने अपना अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ व्यवहारिक ज्ञान देना भी आवश्यक है। द्वितीय सत्र मे 8 विषयों की कार्यशाला का आयोजन विद्यालय के विभिन्न कक्षो में किया गया। तृतीय सत्र में चर्चा सत्र का आयोजन किया गया। चतुर्थ सत्र समापन सत्र में गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने कहा कि बच्चों को शारीरिक मानसिक रूप से मजबत बनाएं तथा उनमें राष्ट्रवाद सामाजिक चेतना धर्म संस्कृति की भावना जागृत करने का प्रयास करें। कृष्णा प्रसाद ने कहा एक शिक्षक की पढ़ाने की अपनी एक पद्धति होती है। अपनी पद्धति से वेबच्चों का सर्वांगीण विकास होता करते हैं। उपाध्यक्ष विनोद राय ने कहा बच्चों को जिज्ञासु बनाएं। समापन सत्र में उत्तम मुखर्जी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। विद्या मंदिर के आचार्य राजीव कुमार सिंह ने मंच संचालन किया ।वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



NEWS इन ब्रीफ

## टॉप पांच कंपनियों का मार्केट कैप 4.23 लाख करोड़ रुपए बढ़ा

नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 4,23,014.4 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ एचडीएफसी बैंक को हुआ। एचडीएफसी बैंक ने अपनी आवास वित्त मूल कंपनी एचडीएफसी का खुद में विलय पूरा किया है। एचडीएफसी बैंक बृहस्पतिवार को बाजार पूंजीकरण के लिहाज से दूसरी सबसे बड़ी कंपनी बन गया। उसने इस मामले में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को पीछे छोड़ा है। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 623.36 अंक या 0.94 प्रतिशत के लाभ में रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और बजाज फाइनेंस के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई।

## किआ इंडिया को 2023 में बिक्री में 10 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद

**नई दिल्ली।** वाहन कंपनी किआ इंडिया को चिप की बेहतर आपूर्ति और बाजार में उन्नत सेल्टोस के आने से 2023 में अपनी बिक्री में सालाना आधार पर 8-10 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। दक्षिण कोरियाई कार विनिर्माता ने 2022 में घरेलू और विदेशी बाजारों में कुल 3.4 लाख इकाइयों की बिक्री की थी। कंपनी भारतीय बाजार में कैरेंस, सोनेट और सेल्टोस मॉडल बेचती है।

### फॉर्च्यून ब्रांड से बाजार में बिक रहा था नकली सामान

# अडाणी विल्मर ने दर्ज कराई शिकायत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

खाद्य तेल की प्रमुख कंपनी अडाणी विल्मर लिमिटेड ने अपने फॉर्च्यून ब्रांड के नाम पर कथित रूप से नकली उत्पाद बेचने पर एक थोक व्यापार मंच के खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। कंपनी ने यह जानकारी शनिवार को दी।अडाणी विल्मर के प्रतिनिधियों को बाजार के नियमित सर्वेक्षण के दौरान इस कथित गड़बड़ी का पता चला। कंपनी ने बयान में कहा कि उसने बी2बी मंच पर नकली उत्पाद बेचने के आरोप में मंच के खिलाफ अपनी एजेंसी के माध्यम से गौतमबुद्ध नगर जिला के बादलपुर पुलिस थाने में प्राथमिक सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज कराई है। अडाणी विल्मर ने कहा कि पुलिस




ने आरोपी मंच के गोदाम पर छापा मारा, जिसमें भारी संख्या में फॉर्च्यून ब्रांड नाम वाले नकली उत्पाद जब्त किए गए। जब्त किए गए उत्पादों में बिना ढक्कन वाली फॉर्च्यून कच्ची घानी सरसों तेल (एक लीटर) की 126 बोतलें, 37 नकली फॉर्च्यून रिफाइंड सोयाबीन तेल (एक लीटर) और फॉर्च्यून सरसों तेल (1 लीटर) की 16 बोतलें हैं। अडाणी विल्मर के प्रवक्ता ने कहा- 'हम बाजार में नकली उत्पादों के वितरण और उनसे उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव की आशंका को लेकर बहुत चिंतित हैं। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कंपनी नकली उत्पादों के स्रोतों की पहचान करने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन से बातचीत कर रही है।'

## डीएलएफ ने पहली तिमाही में 2,040 करोड़ रुपए की संपत्तियां बेचीं

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की प्रमुख कंपनी डीएलएफ ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून, 2023) में 2,040 करोड़ रुपए की संपत्तियां बेचीं। कंपनी ने एक रिपोर्ट में बताया कि दिल्ली और गुरुग्राम स्थित उसकी संपत्तियों की भारी मांग रही। कंपनी की बिक्री बुकिंग सालाना आधार पर अस्थिर रही। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भी 2,040 करोड़ रुपए की संपत्तियां बेची थीं। डीएलएफ समूह के कार्यकारी निदेशक आकाश ओहरी ने कहा कि बिक्री बुकिंग जून तिमाही में मजबूत बनी रही। ओहरी ने कहा, ह्यपहली तिमाही में हमने कोई नई आवासीय परियोजना शुरू नहीं की है। पूरी बिक्री बुकिंग पहले से जारी परियोजनाओं में है। हम दूसरी तिमाही और चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में नई परियोजनाएं लाएंगे।

### टेस्ला के लिए सरकार नहीं लाएगी अलग नीति

# मौजूदा योजनाओं के तहत करना होगा आवेदन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार की अमेरिकी की इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली कंपनी टेस्ला को प्रोत्साहन देने के लिए कोई अलग नीति लाने की योजना नहीं है। एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि टेस्ला वाहन या आधुनिक केमिस्ट्री सेल के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत समर्थन उपायों के लिए आवेदन कर सकती है। सरकार पहले ही 18,100 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल (एसीसी) बैटरी स्टोरेज के लिए पीएलआई योजना पेश कर चुकी है। इसके अलावा वाहन, वाहन कलपुर्जों



और ड्रोन उद्योग के लिए 26,058 करोड़ रुपये की पीएलआई योजना लाई गई है। एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि 'हमने टेस्ला से कहा है कि जो नीतियां सभी के लिए पहले से हैं, वह भी उनके तहत आवेदन कर सकती है। उनका स्वागत है। आमतौर पर नीतियां सभी के लिए समान हैं। एक कंपनी के लिए सरकार अलग नीति नहीं बना सकती। ऐसे में अभी उनके साथ विशेष बर्ताव करने की कोई योजना नहीं है।' अधिकारी ने बताया कि टेस्ला को बैटरी की आपूर्ति करने वाली सबसे बड़ी आपूर्तिकर्ता पैनासोनिक के प्रतिनिधि हमसे मिले हैं। ह्यउन्होंने कहा है कि वे बैटरी बनाना चाहते हैं। हमने उन्हें पीएलआई एसीसी बैटरी के तहत आवेदन करने का सुझाव दिया है। सरकार ने पिछले सप्ताह 20 गीगावॉट घंटा (जीडब्ल्यूएच) आधुनिक केमिस्ट्री सेल विनिर्माण की पीएलआई योजना के तहत नए सिरे से बोलियां मांगी हैं। टेस्ला के प्रतिनिधियों ने पिछले महीने वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों के अधिकारियों से मिलने के लिए देश का दौरा किया था। अमेरिका की इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता ने 2021 में भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों पर आयात शुल्क में कटौती की मांग की।

## अडानी की 1.1 अरब डॉलर की तांबा परियोजना अगले साल मार्च में चालू होगी

**नई दिल्ली।** अरबपति उद्योगपति गौतम अडानी के नेतृत्व वाले समूह की गुजरात के मुंद्रा में स्थित तांबा फैक्ट्री अगले साल मार्च से परिचालन शुरू करेगी। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इससे आयात पर भारत की निर्भरता कम करने और ऊर्जा बदलाव में मदद मिलेगी। तांबे को ह्यविद्युतीकरण की धातु' के रूप में जाना जाता है, क्योंकि गहरे विद्युतीकरण के लिए तारों की जरूरत होती है। ये तार आमतौर पर तांबे से बने होते हैं। ऊर्जा बदलाव की महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों जैसे इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), चार्जिंग अवसंरचना, सौर फोटोवोल्टिक (पीवी), पवन ऊर्जा और बैटरी में तांबे की जरूरत होती है। समूह की कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) की अनुषंगी कच्छ कॉपर लिमिटेड (केसीएल) दो चरणों में प्रति वर्ष 10 लाख टन परिष्कृत तांबे के उत्पादन के लिए एक तांबा रिफाइनरी परियोजना स्थापित कर रही है।

## आईसीआईसीआई बैंक ने पहली तिमाही में 9,648 करोड़ रुपये का मिला लाभ

**चेन्नई।** निजी स्वामित्व वाले आईसीआईसीआई बैंक ने कहा कि वित्तवर्ष 24 की पहली तिमाही में उसका स्टैंडअलोन शुद्ध लाभ 39.7 प्रतिशत बढ़कर 9,648.20 करोड़ रुपये हो गया। एक नियामक फाइलिंग में आईसीआईसीआई बैंक ने कहा कि उसने 24 पहली तिमाही में 9,648.20 करोड़ रुपये (23 की पहली तिमाही में 6,904.94 करोड़ रुपये) के शुद्ध लाभ कमाया और 38,762.86 करोड़ रुपये (28,336.74 करोड़ रुपये के मुकाबले) की कुल आय अर्जित की। आईसीआईसीआई बैंक ने समीक्षाधीन अवधि के लिए पिछली समान अवधि के 1,143.82 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,292.44 करोड़ रुपये प्रदान किए थे। 30 जून को आईसीआईसीआई बैंक की सकल गैर-निष्पादित संपत्ति 31,822.39 करोड़ रुपये थी, जबकि पिछले साल 30 जून को यह 33,163.15 करोड़ रुपये थी। 30 जून को शुद्ध गैर-निष्पादित संपत्ति 5,381.77 करोड़ रुपये थी, जबकि 30 जून, 2022 को यह 6,656.15 करोड़ रुपये थी।

## तिरुपति टायर्स के निवेशक हुए मालामाल, तीन साल में 1 लाख बना 22 लाख

**नई दिल्ली।** शेयर मार्केट कमाई करने का एक बेहतरीन जरिया है। इसमें इंवेस्ट कर इंवेस्टर लाखों-करोड़ों कमा रहा हैं। हाल ही में तिरुपति टायर्स ने अपने इंवेस्टर्स को मालामाल कर दिया है। इस कंपनी के शेयर ने पिछले तीन सालों में ही अपने इंवेस्टर्स के पैसों को कई गुणा बढ़ा दिया है। इसके शेयरधारकों को 2100 फीसदी से भी अधिक का शानदार मल्टीबैगर रिटर्न मिला है। तिरुपति टायर्स के शेयर ने 1 लाख रुपये के निवेश को तीन साल में ही 22 लाख रुपये बना दिया है। तिरुपति टायर्स के शेयर आज से तीन साल पहले 21 जुलाई 2020 को जब स्टॉक मार्केट में लिस्टेड हुए थे तो इसके शेयर की कीमत सिर्फ 1.71 रुपये थे। जो कि शुक्रवार 22 जुलाई 2023 को 1.10 फीसदी से बढ़कर 38.50 रुपये के भाव तक पहुंच गए हैं। इस तरह इस शेयर ने पिछले तीन सालों में अपने निवेशकों को लगभग 2150 फीसदी का शानदार रिटर्न दिया है। विगत शुक्रवार को शेयर बाजार पर तिरुपति टायर्स लिमिटेड का प्रदर्शननिवेशकों को शानदार रिटर्न देने के साथ ही तिरुपति टायर्स के शेयर भी मल्टीबैगर की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। मल्टीबैगर स्टॉक ऐसे शेयरों को कहा जाता है, जो एक तय समयावधि में अपने इंवेस्टर्स के इंवेस्ट यानी पैसे को डबल कर दें। तिरुपति टायर्स ने तो इंवेस्टर्स के पैसों को कई गुणा बढ़ा दिया है।

## गोल्ड-ईटीएफ निवेशकों ने किया 298 करोड़ रुपये का निवेश

**नई दिल्ली।** गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड कोषों (गोल्ड-ईटीएफ) में अप्रैल-जून की तिमाही में 298 करोड़ रुपये का निवेश आया है। इससे पिछली लगातार तीन तिमाहियों के दौरान गोल्ड ईटीएफ से निकासी देखने को मिली थी। विशेषज्ञों का मानना है कि निवेशक अपनी संपत्ति का कुछ हिस्सा सुरक्षित निवेश उत्पाद में निवेश करना जारी रखेंगे। हालांकि, यदि एक साल पहले की समान अवधि से तुलना की जाए, तो गोल्ड ईटीएफ में निवेश 80 प्रतिशत घट गया है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों से पता चलता है कि समीक्षाधीन तिमाही में गोल्ड ईटीएफ का परिसंपत्ति आधार और निवेशक खातों या फोलियो की संख्या में वृद्धि हुई है। आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष (2023-24) की अप्रैल-जून तिमाही में गोल्ड-ईटीएफ में 298 करोड़ रुपये का निवेश आया है। इससे पहले मार्च तिमाही में गोल्ड ईटीएफ से 1,243 करोड़ रुपये, दिसंबर तिमाही में 320 करोड़ रुपये और सितंबर तिमाही में 165 करोड़ रुपये की निकासी देखने को मिली थी।

## विदेश

## डेनमार्क में जलाया गया कुरान व इराकी झंडा, ईरान ने की निंदा


**बगदाद।** इराकी विदेश मंत्रालय ने डेनमार्क में एक चरमपंथी समूह के सदस्यों द्वारा मुस्लिम पवित्र ग्रंथ कुरान की एक प्रति और इराकी ध्वज को जलाने की निंदा की है। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि वह इन "जघन्य घटनाओं" के घटनाक्रम पर नजर रखेगा। मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से दुनिया भर में सामाजिक शांति और सह-अस्तित्व को खतरे में डालने वाले इन अत्याचारों के खिलाफ तत्काल और जिम्मेदारी से खड़े होने का आह्वान किया। आंतरिक मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि शुरूआती घंटों में, कोपेनहेगन में इराकी दूतावास के सामने कुरान और इराकी झंडे को जलाने के विरोध में दर्जनों प्रदर्शनकारी मध्य बगदाद के तहरीर चौक पर एकत्र हुए। प्रदर्शनकारियों ने भारी किलेबंदी वाले ग्रीन जोन तक पहुंचने के लिए पास के अल-जम्होरिया पुल को पार करने की कोशिश की, जहां कुछ मुख्य सरकारी मुख्यालय और कुछ विदेशी दूतावास हैं।

# वित्त मंत्री इस्हाक डार बन सकते हैं पाकिस्तान के अंतरिम प्रधानमंत्री

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री के पद के लिए सत्तारूढ़ ह्यपाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज पार्टी' वित्त मंत्री इस्हाक डार के नाम का प्रस्ताव रखने पर विचार कर रही है। एक मीडिया रिपोर्ट में रविवार को यह बात कही गई। ह्यद एक्सप्रेस ट्रिब्यून' ने कहा कि डार का नाम ऐसे समय चर्चा में आया है जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार ने चुनाव अधिनियम 2017 में बदलाव करने पर विचार विमर्श किया ताकि आगामी कार्यवाहक व्यवस्था को इसके संवैधानिक जनादेश से परे निर्णय लेने के लिए सशक्त बनाया जा सके।

ऐसा हाल में शुरू की गई आर्थिक



योजना की निरंतरता सुनिश्चित करने और सरकार के स्वामित्व वाली संस्थाओं में विदेशी निवेश प्राप्त करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के मद्देनजर किया गया है। ह्यएक्सप्रेस ट्रिब्यून' समाचार पत्र ने सूत्रों के हवाले से बताया कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) (पीएमएल-एन) आर्थिक नीतियों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक योजना के तहत कार्यवाहक प्रधानमंत्री के लिए डार के नाम का प्रस्ताव रखने पर विचार कर रही है। हालांकि, डार की उम्मीदवारी के बारे में अंतिम निर्णय पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के परामर्श से अगले सप्ताह लिया जाएगा। पीपीपी दो मुख्य गठबंधन साझेदारों में से एक है। पीएमएल-एन के सूत्रों ने बताया कि सरकार चुनाव अधिनियम 2017 की धारा 230 में संशोधन करने पर विचार कर रही है। इस संशोधन में कार्यवाहक व्यवस्था को आर्थिक निर्णय लेने का अधिकार प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। इन संशोधनों को नेशनल असेंली में अगले सप्ताह पेश किए जाने की संभावना है, ताकि कार्यवाहक सरकार अर्थव्यवस्था में सुधार करने के लिए आवश्यक फैसले कर सके। पाकिस्तान में कैबिनेट के एक वरिष्ठ सदस्य ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां मामलों को सिर्फ रोजमर्रा के फैसले लेने की व्यवस्था पर तीन महीने के लिए नहीं छोड़ा जा सकता।

## मेक्सिको में एक व्यक्ति ने बार पर फेंका 'मोलोटोव' बम, 11 की मौत, 6 घायल

**मेक्सिको।** मेक्सिको के सोनोरा राज्य के सैन लुइस रियो कोलोराडो शहर में एक व्यक्ति ने बार में जलती हुई एक चीज फेंक दी। इस घटना में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 6 अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा है कि इस व्यक्ति को महिलाओं के साथ बदतमीजी करने के चलते बार से निकाल दिया गया था। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, मेक्सिको में अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सोनोरा अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने एक बयान में बताया कि शनिवार की सुबह, एक स्टाफ द्वारा निकाले जाने के बाद गुस्से में आकर अज्ञात व्यक्ति ने बार के दरवाजे पर एक जलती हुई चीज फेंक दी। बयान में कहा गया, ₹कई गवाहों के अनुसार, युवक बार में महिलाओं के साथ बदतमीजी कर रहा था, इसलिए उसे निकाल दिया गया था।

# अफगानिस्तान ने देश में आईएस की मौजूदगी की खबरों को निराधार बताया

**एजेंसी। काबुल**

अफगानिस्तान में तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार ने देश में इस्लामिक स्टेट (आईएस) संगठन की मौजूदगी की रिपोर्टों को निराधार करार दिया है और उन्हें पूरी तरह से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। शनिवार को एक ट्वीट में, मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल कहर बाल्खी ने कहा कि हम दोहराते हैं कि आईए (इस्लामिक अमीरात ऑफ अफगानिस्तान) किसी को भी अफगानिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने या दूसरों के खिलाफ हमारे क्षेत्र का उपयोग करने की अनुमति नहीं देगा। रिपोर्टों के हवाले से बताया कि ईरान के शीर्ष राजनयिक ने दावा किया है कि आतंकवादी समूह के गुर्गों को सीरिया, लीबिया और इराक से अफगानिस्तान में स्थानांतरित कर दिया गया है। बाल्खी ने अपनी



प्रतिक्रिया में कहा, हम ईरानी विदेश मंत्री के इस आरोप को खारिज करते हैं कि आईएस नेताओं को इराक, सीरिया और लीबिया से अफगानिस्तान में स्थानांतरित कर दिया गया है। हालांकि अफगान सुरक्षा बलों ने कई संबद्ध आईएस कार्यकर्ताओं को मार डाला है और गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन चरमपंथी सशस्त्र समूह ने लगभग पिछले दो वर्षों में राजधानी काबुल में मस्जिदों, होटल और विदेश मंत्रालय के कर्मचारियों पर कई घातक हमलों की जिम्मेदारी ली है।

परेशानी

### कर्ज में डूबा पाक इंटरनेशनल एयरलाइंस

# हालत खराब : एक दिन का भी नहीं बचा बजट

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की प्रमुख एयरलाइन, पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) की माली हालत बेहद खराब हो गई है। खबरों के मुताबिक, उसे एक दिन के संचालन के लिए भी राष्ट्रीय कोष से धन की आवश्यकता है। द न्यूज इंटरनेशनल के अनुसार, पीआईए का कुल संचित घाटा 600 बिलियन पाकिस्तानी रुपये से अधिक हो गया है। जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान सरकार पीआईए के लिए एक समयबद्ध पुनर्गठन की योजना तैयार कर रही है। पीआईए का निजीकरण ही एक मात्र विकल्प : द न्यूज इंटरनेशनल ने एक शीर्ष अधिकारी के हवाले से कहा कि पीआईए की वित्तीय स्थिति इतनी खराब है कि वह सऊदी अरब को 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के नेविगेशन शुल्क का भुगतान नहीं कर सकती है। जिसकी वजह से एक समय पर सऊदी अरब ने पीआईए को 30 जून, 2023 के बाद अपना संचालन जारी रखने से रोक दिया था। अधिकारी ने आश्चर्य जताया कि




घाटे में चल रही पीआईए कब तक काम करती रहेगी।बढ़ेगी बोइंग-777 विमान की संख्या : उन्होंने कहा कि सबसे पहली और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि घाटे को रोका जाये। उन्होंने कहा कि तय समय सीमा के अंदर एक पुनर्गठन योजना बनाने की जरूरत है। इसके साथ ही सरकार को पीआईए के निजीकरण के बारे में भी सोचना होगा। द न्यूज इंटरनेशनल ने शनिवार को शीर्ष आधिकारिक सूत्रों के हवाले से बताया कि अब पीआईए एक विमान को पट्टे पर लेकर बोइंग-777 को अपने बेड़े में शामिल करने की योजना लेकर आई है, जिसके बाद विमानों की संख्या 11 हो जाएगी। हालांकि, पीआईए की समग्र वित्तीय स्थिति इतनी खराब है कि उसके पास समयबद्ध पुनर्गठन योजना बनाने और फिर पीआईए को तीन से चार कंपनियों में विभाजित करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं बचा है।जून में पाक पीएम ने बनाई थी समिति : इसी साल जून के महीने में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) के पुनर्गठन और पुनर्जीवित करने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया था। वित्त मंत्री इशाक डार की अध्यक्षता वाली समिति को संघीय मंत्रिमंडल के समक्ष अपने प्रस्ताव और सिफारिशें पेश करनी है।2023 के शुरूआती तीन महीनों में 38 अरब रुपये का नुकसान : इससे पहले की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि बीमार पीआईए को इस साल के पहले तीन महीनों में 38 अरब रुपये का नुकसान हुआ, जो 2022 की इसी अवधि की तुलना में 171 प्रतिशत अधिक है। चालू वर्ष के पहले तीन महीनों के दौरान, पीआईए केवल 61 अरब पाकिस्तानी रुपये कमाने में सफल रहा था।

## ट्विटर से चिड़िया को उड़ाने की तैयारी में एलन मस्क

**वाशिंगटन।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर' का लोगो चिड़िया' बहुत जल्द उड़' जायेगी और नये लोगो में ह्यएक्स' शामिल हो सकता है। ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने रविवार को ट्वीट करके कहा कि इस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का लोगो बदल जायेगा। मस्क ने कहा,जल्द ही हम ट्विटर ब्रांड और धीरे-धीरे सभी पक्षियों को अलविदा कह देंगे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यसभी पक्षियों' को अलविदा कहते हुए अपना लोगो बदल देगा।" उन्होंने ट्वीट किया,ह्यह्यअगर आज रात एक अच्छा ह्यएक्स' लोगो पोस्ट किया जाता है, तो हम कल इसे दुनिया भर में लाइव कर देंगे।" वह ट्विटर को खरीदने के बाद एक के बाद एक नए बदलाव कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने कहा ट्विटर पर डायरेक्ट मैसेज (डीएम) करने के लिए भी पैसे देने होंगे। अरबपति उद्यमी ने बाद में लिखा कि वह चाहते हैं कि नया लोगो हम सभी की उन खामियों को मूर्त रूप दे जो हमें अद्वितीय बनाती हैं।" उन्होंने अक्टूबर 2022 के अंत में, ट्विटर के 44 अरब डॉलर के अधिग्रहण को अंतिम रूप दिया।

# इजराइल के नेतन्याहू अस्पताल में भर्ती, लगाया जाएगा पेसमेकर

**एजेंसी। तेल अवीव**

इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को पेसमेकर लगाने की आपातकालीन प्रक्रिया के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नेतन्याहू के कार्यालय ने रविवार को कहा कि 73 वर्षीय नेता को बेहोश कर दिया जाएगा और एक शीर्ष उप, न्याय मंत्री यारिव लेविन, उनके साथ रहेंगे। एक संक्षिप्त वीडियो बयान में, नेतन्याहू ने यह बताया कि बहुत अच्छा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल से छुट्टी मिलते ही वह अपने काम पर वापस लौट आयेंगे। बता दें कि सोमवार को उनकी विवादास्पद न्यायिक ओवरहाल योजना पर एक प्रमुख संसदीय वोटिंग होनी है जिसकी प्रक्रिया रविवार को शुरू हो जायेगी। नेतन्याहू के अस्पताल में भर्ती होने की घोषणा आधी रात के बाद जारी की गई। इजरायली प्रधान मंत्री कार्यालय ने कहा कि नेतन्याहू तेल हाशोमर में शीबा मेडिकल सेंटर में आपातकालीन प्रक्रिया से गुजरेंगे। इससे पहले उन्हें 15 जुलाई को रात



भर अस्पताल में रहना पड़ा था।पेसमेकर प्रक्रिया के लिए शीबा में उनकी भर्ती से लोग यह अंदाजा लगा रहे हैं कि उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं कुछ ज्यादा ही गंभीर हैं। वीडियो में, नेतन्याहू ने कहा कि पिछले हफ्ते अस्पताल में भर्ती होने के बाद वह एक मॉनिटर से लैस थे और जब शनिवार की देर रात अलार्म बजा, तो इसका मतलब था कि उन्हें तुरंत पेसमेकर की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मैं ठीक महसूस कर रहा हूं लेकिन मुझे अपने डॉक्टरों की बात सुननी होगी।बता दें कि पेसमेकर का उपयोग तब किया जाता है जब किसी मरीज का दिल बहुत धीमी गति से धड़क रहा हो। इसका उपयोग हृदय विफलता के इलाज के लिए भी किया जा सकता है। हृदय को विद्युत पल्स भेजकर, उपकरण किसी व्यक्ति के दिल की धड़कन को सामान्य लय में बढ़ाता है या बनाए रखता है, जिससे हृदय को सामान्य दर पर शरीर में रक्त पंप करने की शक्ति मिलती है। नेतन्याहू ने कहा कि उनके डॉक्टरों ने उन्हें आश्वासन दिया है कि उनके न्यायिक ओवरहाल विधेयक पर होने वाली वोटिंग से पहले उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल जायेगी।करीब एक सप्ताह पहले नेतन्याहू को डीहाईड्रेशन के कारण अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था। बता दें कि इजरायली पीएम कानून में सुधार लाने वाले अपने महत्वाकांक्षी विधेयक को लेकर काफी चर्चा में हैं। पिछले सात महीने से इजरायल के नागरिक समाज और विपक्ष के नेता न्यायिक ओवरहाल से जुड़े उनके प्रस्तावित विधेयकों का विरोध कर रहे हैं। शनिवार को भी इजरायल के कई शहरों में न्यायिक परिवर्तनों के खिलाफ अब तक के सबसे बड़े विरोध प्रदर्शन देखे गए।

**'जीवन में जब कभी भी अंधेरा दिखने लगे तो हारने से पहले खुद को एक बात हमेशा बोलना कि एक और कोशिश करके देखता हूं।' - अज्ञात**



# सीएम की नाराजगी का मतलब

***मुख्यमंत्री*** हेमन्त सोरेन ने पिछले दिनों विधि-व्यवस्था के संधारण को लेकर राज्य के वरीय पुलिस अधिकारियों को तलब किया। मुख्यमंत्री ने वर्तमान समय में राज्य के भीतर हो रही छोटी-बड़ी आपराधिक घटनाओं को लेकर कड़ी नाराजगी जताई। मुख्यमंत्री ने अगले 15 दिन के अंदर राज्य में विधि-व्यवस्था संधारण की स्थिति में सुधार लाने का निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिया। यही कारण है कि पलामू में बढ़ते अपराध से पुलिस महकमा अलर्ट हो गया है। आईजी ने सभी एसपी को क्राइम कंट्रोल को यह आदेश दिया है कि लंबित मामलों का साप्ताहिक रिव्यूव कर अपराधियों पर अंकुश लगायें। ऐसा नही होने की स्थिति में लापरवाह पुलिस पर गिरेगी गाज । पलामू समेत राज्य के कई हिस्सों में अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ गया है। लूट, छिनतई व हत्या जैसी अपराधिक घटनाओं ने पुलिस महकमे की चिंता बढ़ा दी है। जेल में बंद कई अपराधी रंगदारी मांग कर लोगों का जीना मुहाल कर दिये हैं। वहीं पुलिस के पदाधिकारी अपराध के एक मामले का उदभेदन कर अपराधियों को सलाखों के पीछे डाल रहे हैं, तब तक बेखौफ अपराधी दूसरी किसी अपराधिक घटना को अंजाम देकर पुलिस के सामने चुनौती खड़ी कर रहे हैं। अभी पलामू में पुलिस ने सड़क लूट, छिनतई व जानलेवा हमला जैसे पांच मामलों का उदभेदन करते हुए पांच अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया था कि दूसरी तरफ शहर के भीड़भाड़ वाले पॉस इलाके में अपराधियों ने रेलकर्मी की पत्नी से एक लाख दस हजार रुपए की दिनदहाड़े छिनतई कर पुलिस को न सिर्फ चुनौती दे डाली बल्कि पुलिस डाल -डाल तो चोर पात -पात की कहावत को चरितार्थ कर दिया। गुजरे कुछ माह में आपराधिक घटनाओं पर नजर डालें तो पुलिस कई मामलों के उदभेदन और अपराधियों को पकड़ने में जरूर सफल हुई है, किन्तु अपराध को रोकना तो दूर अंकुश लगाने में भी पुलिस सफल नहीं हुई है। जानकारों का कहना है कि पेट्रोलिंग में निकलने वाले अधिकांश पुलिसकर्मियों का अधिक ध्यान अवैध वसूली पर होता है। हद तो यह है कि रात तो रात दिन में भी पुलिसवाले शहर के स्टेण्ड या चौक चौराहों पर वसूली करते दिख जाते हैं। उन्हें यह भी अहसास नहीं रहता की सैकड़ो निगाहें उनकी इस गलत करतूत को निहारती है। ऐसी स्थिति में अपराधी भी पुलिस की कर्मठता को कमजोर समझ बैठते हैं और उनमे कोई डर नहीं रह जाता। जिले के थानों का भी हाल ठीक नहीं ही कही जा सकती। खैर, इधर बढ़ते अपराध पर लगाम लगाने की भी पुलिसिया तैयारी तेज हो गई है। बड़े कांडो में शमिल अपराधियों को सजा दिलाने के लिए पुलिस पूरी तत्परता से जुटी हुई है। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि राज्य के अन्य हिस्सों में भी पुलिस की सक्रियता बढ़ानी चाहिए। तभी अपराध पर अंकुश लग पायेगा। सीएम का यह कहना कि पुलिस अपनी कार्यशैली में सुधार करते हुए अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाये। अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित पुलिस अधिकारी बख्शे नहीं जायेंगे। अब सवाल उठता है कि अगर पुलिस सक्रिय रहती तो सीएम को यह बात कहने की क्या जरूरत थी। ऐसी स्थिति में सहज ढ़ंग से समझा जा सकता है कि पुलिस महकमें की कमी की वजह से राज्य में अपराध में बढ़े हैं। किसी भी राज्य के विकास में अपराध अवरोध का काम करते हैं। साथ ही राज्य की छवि भी अन्य जगहों पर खराब मानी जाती है। ऐसे में अपराध पर नियंत्रण बहुत जरूरी है। यही कारण है कि सीएम हेमंत सोरेन हाल के दिनों में इस गंभीर विषय पर पुलिस महकमें से नाराज चल रहे हैं।

**पलामू समेत राज्य के कई हिस्सों में अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ गया है। लूट, छिनतई व हत्या जैसी अपराधिक घटनाओं ने पुलिस महकमे की चिंता बढ़ा दी है। जेल में बंद कई अपराधी रंगदारी मांग कर लोगों का जीना मुहाल कर दिये हैं।**

# जनसंख्या विस्फोट का अभिप्राय, दुश्वारियां व नेमतें





गिरीश्वर मिश्र

***आजकल*** जनसंख्या का आधिक्य या विस्फोट चर्चा का विषय बना हुआ है। यह निश्चय ही एक अवांछनीय स्थिति होती है जब धरती की धारण शक्ति या क्षमता की अपेक्षा उस पर रहने वाले मनुष्यों की संख्या बढ़ जाती है। आज तकनीकी प्रगति ने जीवन की प्रत्याशा को बढ़ाने में विशेष मदद की है। मानव इतिहास में जन्म और मृत्यु दर एक दूसरे को संतुलित करते रहे हैं और ऐसी जनसंख्या वृद्धि हो जो टिकाऊ हो। आज के दौर में विकासशील देश विकसित देशों की तुलना में जनसंख्या की वृद्धि से अधिक प्रभावित हो रहे हैं। विकसित श्रेणी में आने वाले देशों में थोड़ी-थोड़ी जनसंख्या के साथ यूरोप और अमेरिका के क्षेत्रों में ऐसे अनेक देश हैं जो आर्थिक, शैक्षिक और तकनीकी विकास की सीढ़ी पर ऊंचे पायदान पर पहुंचे हुए हैं। उदाहरण के लिए इजरायल जैसे छोटे से देश को लें जो एक नया देश बना और देखते-देखते अपनी पुरानी भाषा हिब्रू के साथ ज्ञान-विज्ञान में उपलब्धि के शिखर पर है। उसकी आबादी एक करोड़ के करीब है। जनसंख्या की दृष्टि से स्वीडेन एक करोड़, जर्मनी नौ करोड़, फ्रांस सात करोड़, रूस चौदह करोड़, जापान बारह करोड़ के आसपास हैं। वस्तुतः अनेक विकसित देश हैं जहां से हमें और अन्य देशों को आयात करना पड़ता है। प्रौद्योगिकी, साजो-सामान और अन्न आदि खरीदने पड़ते हैं। दूसरी ओर जनसंख्या की दृष्टि से भारी भरकम देशों की स्थिति अक्सर खराब होती है। हालांकि छोटी जनसंख्या वाले खस्ताहाल देश भी हैं और अधिक जनसंख्या को संभाल कर चीन जैसे देश प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। आज की कटु वास्तविकता यही है कि यदि किसी देश की जनसंख्या में ज्यादातर लोग अयोग्य और अकुशल की श्रेणी में में हैं तो यह जन समुदाय एक दुरूह भार जैसा हो जायेगा और देश की खुशहाली और समग्र स्वास्थ्य पर उसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। वहां कुंठा, कलह और भ्रष्टाचार अधिक होगा। हर कदम पर परेशानी होगी, समाज में अस्थिरता होगी और जीवन की गुणवत्ता के साथ समझता होता रहेगा। इस तरह किसी देश की जनसंख्या का बल एक दुधारी तलवार जैसा होता है। उसका लाभ लेते हुए यदि प्रगति हो सकती है तो उसका भार ढोते हुए किसी देश की दुर्गति भी हो सकती है। पिछले साल तक चीन विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश था। इस तथ्य के बावजूद यह भी गौर किया जाना मुनासिब है कि चीन आर्थिक समृद्धि में बढ़त की दृष्टि से विश्व में एक विलक्षण उदाहरण साबित हुआ है। उसकी कायापलट करने वाली उपलब्धि बेहद चौंकाने वाली है। यह सब पिछले कुछ दशकों में चीन द्वारा अपनाई गई की नीति पर चलने का परिणाम है। गौरतलब है कि चीन में लोकतंत्र की जगह साम्यवादी सरकार है और वहाँ के सरकारी निर्णयों को लागू करने की रीति-नीति पर किसी तरह की असहमति को कोई स्थान नहीं है। वहां पर बड़ी कड़ाई से 'एक परिवार एक बच्चा' वाली जनसंख्या-नीति पर ठोस अमल किया गया और जनसंख्या वृद्धि पर कठोरता से काबू पाया गया । साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य के मोर्चों पर भी बढ़त हासिल की गई । प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में चीन की प्रगति सर्वविदित है और आर्थिक दृष्टि से उसकी मजबूती और पकड़ भी अविश्वसनीय रूप से बढ़ी है। अमेरिका समेत दुनिया के हर देश के बाजार में चीन में बने सामानों की धूम मची हुई है। ऐतिहासिक रूप से देखें तो भारत वर्ष जनसंख्या की दृष्टि से अनियंत्रित गति से आगे बढ रहा था। जून 2023 में आये ताजे आंकड़ों के हिसाब से आज भारत एशिया के ही अपने पड़ोसी देश चीन से आगे बढ़ चुका है जो अभी-अभी तक सबसे आगे चल रहा था। भारतवर्ष में स्वतंत्रता मिलने के बाद जनसंख्या नियंत्रण के लिए परिवार-नियोजन की नीति तो बनी जरूर और उसके तहत कई प्रयोग भी हुए शुरू हुए पर उनमें देश को सिर्फ आंशिक सफलता ही मिल सकी । संजय गांधी के दौर में इसे लेकर कड़ाई करना सरकार को महंगा पड़ा था। तब से सख्ती के साथ कुछ करने की हिम्मत किसी ने नहीं दिखाई। आज भारत की कुल अनुमानित जनसंख्या 142 करोड़ पहुंच चुकी है। पूरे भारत में उत्तर प्रदेश सबसे ज्यादा जनसंख्या बहुल प्रदेश है। देश की कुल आबादी का लगभग सत्तर प्रतिशत गावों में रहता है। अनुमानतः जनसंख्या का घनत्व 480.5 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है और साक्षरता लगभग 74 प्रतिशत है। जनसंख्या में पुरुषों का प्रतिनिधित्व 51.6 प्रतिशत है । चूंकि धरती तो सीमित है बढ़ती जनसंख्या के साथ प्रति व्यक्ति उपलब्ध भूमि घटती जा रही है। आज उसे खेती से इतर दूसरे कामों जैसे- उद्योग धंधे, में लगाया जा रहा है। इस बीच देश में स्वास्थ्य सुविधाओं और आर्थिक अवसरों को बढ़ाने की दिशा में भी प्रयास किया गया। ऐसे ही शिक्षा की स्थिति में भी कुछ सुधार हुआ है ।संचार और सूचना क्रांति ने लोगों के दृष्टिकोण को बदला है। आर्थिक नीतियों को लेकर लगातार कदम उठाये गये और आधार संरचना और व्यापार व्यवसाय के कायदे कानूनों में भी व्यापक सुधार लाया गया। विदेशी निवेश भी बढ़ा है । इन सब प्रयासों के सम्मिलित प्रभाव के चलते देश की औद्योगिक दृष्टि से परिस्थितियाँ सकारात्मक रूप से बदली हैं। यह देश के लिए निश्चित रूप से गौरव की बात है कि वैश्विक स्तर पर आज हमारी साख बढ़ी है और अब भारत विश्व की पाँचवीं आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है। आज अनेक क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की उपस्थिति उल्लेखनीय रूप से दर्ज हो रही है फिर भी शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, पेय जल की व्यवस्था जैसी चुनौतियां आ रही हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के हिसाब से भारतीय समाज एक बृद्धावस्था की ओर उन्मुख समाज होता जा रहा है। आज इसकी 7 प्रतिशत जनसंख्या 65 वर्ष की आयु के ऊपर के लोगों की है। केरल में बुजुर्गों की जनसंख्या 12 प्रतिशत है। देश की जन्मदर भी घटी है। देश की जनसंख्या सन 1971 से 1981 तक 2.2 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से बढ़ रही थी। 2001 से 2011 के बीच यह घट कर 1.5 प्रतिशत हो गई। अनुमान है कि 2064 में भारत की कुल जनसंख्या 170 करोड़ हो जायेगी।

**अमेरिका समेत दुनिया के हर देश के बाजार में चीन में बने सामानों की धूम मची हुई है। ऐतिहासिक रूप से देखें तो भारत वर्ष जनसंख्या की दृष्टि से अनियंत्रित गति से आगे बढ रहा था।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने कथा शिव पुराण की*

***रामचरितमानस*** में तुलसीदास ने जिन्हें 'अशिव वेषधारी' और 'नाना वाहन नाना भेष' वाले गणों का अधिपति कहा है, वे शिव जन-सुलभ तथा आडम्बर विहीन वेष को ही धारण करने वाले हैं। वे 'नीलकंठ' कहलाते हैं। क्योंकि समुद्र मंथन के समय जब देवगण एवं असुरगण अद्भुत और बहुमूल्य रत्नों को हस्तगत करने के लिए मरे जा रहे थे, तब कालकूट विष के बाहर निकलने से सभी पीछे हट गये। उसे ग्रहण करने के लिए कोई तैयार नहीं हुआ। तब शिव ने ही उस महाविनाशक विष को अपने कंठ में धारण कर लिया। तभी से शिव नीलकंठ कहलायें। क्योंकि विष के प्रभाव से उनका कंठ नीला पड़ गया था। ऐसे परोपकारी और अपरिग्रही शिव का चरित्र वर्णित करने के लिए ही इस पुराण की रचना की गई है। यह पुराण पूर्णतः भक्ति ग्रन्थ है इस पुराण में कलियुग के पापकर्म से ग्रसित व्यक्ति को 'मुक्ति' के लिए शिव-भक्ति का मार्ग सुझाया गया है। मनुष्य को निष्काम भाव से अपने समस्त कर्म शिव को अर्पित कर देने चाहिए। वेदों और उपनिषदों में 'प्रणव - ॐ' के जप को मुक्ति का आधार बताया गया है। प्रणव के अतिरिक्त 'गायत्री मन्त्र' के जप को भी शान्ति और मोक्षकारक कहा गया है। भगवान नारायण जब जल में शयन कर रहे थे तभी उनकी नाभि से एक सुन्दर एवं विशाल कमल प्रकट हुआ। उस कमल में ब्रह्मा जी उत्पन्न हुये। माया के वश में होने के कारण ब्रह्मा जी अपनी उत्पत्ति के कारण को नहीं जान सके। चारों ओर उन्हें जल ही जल दिखायी पड़ा तब आकाशवाणी हुयी, ''तपस्या करो''। बारह वर्षों तक तपस्या करने के पश्चात भगवान विष्णु ने चतुर्भुज रूप में उन्हें दर्शन दिये और कहा मैंनें तुम्हें सत्व गुण से निर्माण किया है लेकिन मायावश ब्रह्मा जी विष्णुजी के स्वरूप को न जानकर उनसे युद्ध करने लगे।

*(क्रमशः)*

# राजनीतिक चंदे की पारदर्शी व्यवस्था बनाना जरुरी



ललित गर्ग

***वर्ष 2024*** के आम चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं, राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे का मुद्दा एक बार फिर गरमा रहा है। लोकतंत्र की एक बड़ी विसंगति या कहे समस्या उस धन को लेकर है, जो चुपचाप, बिना किसी लिखा-पढ़ी के दलों, नेताओं और उम्मीदवारों को पहुंचाया जाता है, यानी वह काला धन, जिससे देश के बड़े राजनीतिक आयोजन चलते हैं राजनैतिक रैलियां, सभाएं, चुनाव प्रचार होता है। उम्मीदवारों के साथ-साथ मतदाताओं को लुभाने एवं उन्हें प्रलोभन देने में इस धन का उपयोग होता है। जब से चुनावी बॉन्ड से राजनीतिक दलों को चंदा देने का प्रचलन शुरू हुआ है, राजनीतिक दलों को इससे मिलने वाली राशि में काफी इजाफा हुआ है। देश के सात राष्ट्रीय और चौबीस क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की ओर से सार्वजनिक किये गये आमदनी के ब्योरे से यह खुलासा हुआ है। एडीआर द्वारा किये गये इस ब्योरे के विश्लेषण से पता चला है कि वर्ष 2017-18 में जब से चुनावी बॉन्ड योजना शुरू हुई, तब से अब तक राजनीतिक दलों को प्राप्त चंदे की कुल रकम 16,347 करोड़ रुपए में 55.9 फीसदी हिस्सा चुनावी बॉन्ड का है। कारपोरेट चंदे का हिस्सा महज 28.7 फीसदी और अन्य स्रोतों से प्राप्त रकम मात्र 16.03 फीसदी है। किसी भी कीमत पर चुनाव जीतना आज राजनीति का सामान्य लक्षण हो गया है। अगर कोई चुनाव जीत जाता है तो उसने चाहे जितने गलत और चाहे जितने क्षुद्र तरीके अपनाये हों, चाहे जिन हथकंडों का सहारा लिया हो, उसे कुछ भी गलत नजर नहीं आता, उसे कोई अपराध-बोध नहीं सताता, वह मान कर चलता है कि उसके गुनाहों पर परदा पड़ गया है। जबकि लोकतंत्र तभी फूलता-फलता है जब चुनाव ईमानदार, स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी हों। दोहरा राजनीति चरित्र लोकतंत्र के लिये सबसे घातक है और ऐसे ही चरित्र की निष्पत्ति है राजनीतिक चंदे का एक नया स्वरूप चुनावी बॉन्ड। चंदा देने वाले कॉरपोरेट ऐसे धारक बॉन्ड खरीद सकते हैं और बिना पहचान बताये राजनीतिक दलों को चंदे के रूप में दे सकते हैं। चुनावी बॉन्ड आरबीआई जारी करता है। राजनीतिक पार्टियों को दान देने वाला बैंक से बॉन्ड खरीद सकेगा और दान देने वाला किसी भी पार्टी को बॉन्ड दे सकेगा। राजनीति चंदे पर नियंत्रण एवं उसकी पारदर्शिता कैसे संभव होगी? समस्या और गहरी होती हुई दिखाई दे रही है। गौरतलब है कि वर्ष 2017 में वित्त अधिनियम में बदलाव कर कंपनियों के लिए तीन साल के कुल लाभ का 7.5 फीसदी चुनावी चंदा देने की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई थी। उसके बाद कॉरपोरेट चंदे में कमी और चुनावी बॉन्ड से चंदे में बढ़ोतरी का ट्रेंड दिख रहा है। चुनावी चंदा 748 फीसदी (2017-18 से 2021-22 तक) बढ़ा है तो कॉरपोरेट चंदा मात्र 48 फीसदी। इस ट्रेंड से इतना तो कहा ही जा सकता है कि कॉरपोरेट चंदे की रकम अब बॉन्ड की ओर शिफ्ट हो रही है। जाहिर है, नियम में बदलाव से कंपनियों को अपनी सफेद कमाई का हिस्सा चुनावी चंदे में खर्च करने की अनिवार्यता समाप्त हो गई है। इन्हें पारदर्शिता की कमी के चलते चुनावी बॉन्ड से राजनीतिक दलों को उपकृत करना मुफीद लगने लगा है। उद्योग जगत के सहयोग के बिना चुनावी बॉन्ड के हिस्से में इतनी बड़ी रकम आना संभव नहीं है। तथ्य यह भी है कि चुनावी बॉन्ड से किसने किस दल को कितनी रकम दी है, इसका खुलासा करने का प्रावधान है ही नहीं। पिछले छह साल में चुनावी बॉन्ड से भाजपा को 5271.97 करोड़ रुपए (52 फीसदी), कांग्रेस को 952.29 करोड़ रुपए (61.54) और तृणमूल कांग्रेस को 767.88 करोड़ रुपए (93.27 फीसदी) रकम हासिल होना दानदाताओं की सहूलियत को ही दर्शाता है।


**उद्योग जगत के सहयोग के बिना चुनावी बॉन्ड के हिस्से में इतनी बड़ी रकम आना संभव नहीं है। तथ्य यह भी है कि चुनावी बॉन्ड से किसने किस दल को कितनी रकम दी है।**

**राजनीति**

## फोटो की दुनिया



## फेसबुक वॉल से




# मणिपुर की 'घटना' से आहत देश



ऋतुपर्ण दवे

***मणिपुर*** में जो हुआ, बेहद शर्मनाक है। उससे भी शर्मनाक पुलिस संरक्षण में जा रही पीड़िता को भीड़ द्वारा छुड़ा लेना...। और उससे भी शर्मनाक अपराधियों की करतूत का विरोध करने का साहस दिखाने वाले निर्वस्त्र पीड़िता के पिता और भाई की भी हत्या...। और सबसे ज्यादा शर्मनाक एफआईआर लिखे जाने में हुई देरी। देश गुस्से में है। होना भी चाहिए। अगर इंसानों का सभ्य समाज जिंदा है तो जिंदा दिखना भी चाहिए। माना कि चार मई की घटना की सच्चाई का 21 सेकेंड का वीडियो इंटरनेट बंदी के चलते मणिपुर की बाहरी दुनिया को जल्द पता नहीं चल पाया। लेकिन स्थानीय पुलिस को 19 जुलाई तक पता नहीं चलना कई लिहाज से दुखद व शर्मनाक है। व्यवस्था को शर्म आनी चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश को खुद आगे आकर दखल देना पड़ा। प्रधानमंत्री खुद इसे कहते हैं कि मणिपुर की घटना से उनका हृदय पीड़ा में है। शर्मसार करने वाली घटना है। पापी कौन हैं। कितने हैं। वो अपनी जगह है लेकिन बेइज्जती पूरे देश की हुई है। 140 करोड़ देशवासियों को शर्मसार होना पड़ा है। सवाल महज तीन महिलाओं की आबरू का नहीं है। पीड़िता का बयान बहुत दर्दनाक है। दुखद यह भी है कि आरोपितों में से एक पीड़िता के भाई का दोस्त था। सच में मणिपुर में नफरत की दीवार इंसानियत और रिश्तों को तार-तार करने की हद पार कर चुकी है। इनमें एक पीड़ित महिला के पति भारतीय सेना में सूबेदार होकर रिटायर हुए हैं। वो कारगिल की लड़ाई लड़ चुके हैं। भारी मन से कहते हैं कि उन्होंने बड़ी-बड़ी लड़ाई लड़ीं। अब उन्हें उनका घर भयावह युद्ध के मैदान से ज्यादा खतरनाक लगने लगा है। मणिपुर में पिछले 83-84 दिनों से हिंसा जारी है। राजधानी इंफाल बीचों बीच बसा प्रदेश का 10 प्रतिशत हिस्सा है। इसमें 57 प्रतिशत आबादी रहती है। बाकी 90 प्रतिशत पहाड़ी इलाके हैं। इनमें 43 प्रतिशत लोग रहते हैं। इंफाल घाटी मैतेई बहुल है। यहां ज्यादातर हिंदू हैं तथा आबादी के लिहाज से 53 प्रतिशत है। मणिपुर के 60 में से 40 विधायक इसी समुदाय के हैं। दूसरी ओर पहाड़ों में 33 मान्य जनजातियां आबाद हैं जो नगा और कुकी हैं। दोनों खासतौर पर ईसाई हैं। 8-8 प्रतिशत आबादी मुस्लिम और सनमही समुदाय की है। संविधान का अनुच्छेद 371-सी पहाड़ी जनजातियों को वो विशेष दर्जा और सुविधाएं देता है, जो मैतेई को नहीं मिलते। इसी लैंड रिफॉर्म एक्ट के कारण मैतेई पहाड़ों में जमीन नहीं खरीद सकते जबकि जनजातीय के पहाड़ों से घाटी में आकर बसने पर कोई रोक नहीं है। बस इसी कारण दोनों में मतभेद हुए जो वक्त के साथ बढ़ते चले गये। कुकी और मैतेई के बीच बढ़ती दूरियों की वजह भले ही कुछ भी हो लेकिन यदि इसके समाधान की कोशिश होतीं तो शायद मणिपुर में हिंसा के शोल नहीं भड़कते। मजबूत राजनीतिक इच्छा शक्ति से इस मसले का हल संभव है। यह वही मणिपुर है जहां महिलाओं को पुरुषों से ज्यादा अधिकार प्राप्त हैं। एशिया का सबसे बड़ा महिला बाजार एमा मार्केट राजधानी इंफाल की शोभा बढ़ाता है। अंग्रेजों के विरोध आंदोलन का खासा इतिहास भी है। शराबबंदी पर मणिपुरी महिलाओं की जागरुकता बड़ी मिशाल है। उग्रवाद के उफान के वक्त भी महिलाओं के साथ ऐसी शर्मनाक घटनाएं नहीं हुईं। मणिपुर पुलिस का रविवार तड़के आया एक ट्वीट महत्वपूर्ण है। इसमें पहाड़ी और घाटी दोनों जिलों के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 126 नाके और जांच चौकियां बनाने और हिंसा के संबंध में 413 लोगों को हिरासत में लेने की बात लिखी है।

**व्यवस्था को शर्म आनी चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश को खुद आगे आकर दखल देना पड़ा। प्रधानमंत्री खुद इसे कहते हैं कि मणिपुर की घटना से उनका हृदय पीड़ा में है।**

**घटना**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# अथ वाजीकरणम। तत्र वाजीकरणगुण

**वाजीकरणमन्विच्छेत्सततं विषयी पुमान्।**
**पुष्टिस्तुष्टिरपत्यं च गुणवत्तत्र संस्थितम्।।**

अर्थात विषयों में रत रहने वाले पुरुष को वाजीकरण औषधियों का सेवन करते रहना चाहिए। वाजीकरण औषधियों का सेवन करते रहने से विषय-भोग से क्षीण हुए शरीर की पुष्टि होती है, मन प्रसन्न रहता है तथा गुणवान् सन्तान की प्राप्ति होती है।

**वाजीवातिबलों येन यात्यप्रतिहतोऽगंनाः।**
**तद्वाजी करणं विद्धि देहस्योर्जस्करं परम्।।**

जिन औषधियों के प्रतिदिन सेवन करने से अश्व के समान बलशाली होकर मनुष्य शक्ति आदि से अप्रतिहत होकर अर्थात क्षीण न होकर अनेक रमणियों के साथ सम्भोग कर सके उन औषधियों को वाजीकरण कहते हैं। वाजीकरण आषधियां शरीर के ओज को अत्यन्त बढ़ाती है।

इसी सन्दर्भ में एक योग निर्माण का प्रक्रिया प्रस्तुत है-



**वैद्य ब्रजेश कुमार दुबे**
**पतंजली आरोग्य केन्द्र रेड़मा**
**डालटनगंज पलामू झारखण्ड**
**मो. - 7903216488, 9334716688**

### मदनमोदकः-

**त्रैलोक्यविजयापतत्रं धृतेनाभर्जितं कियत्।**
**त्रिकुटु त्रिफला मुस्ता कुष्ठ सैन्धवधान्यकम्।।**
**शटी तालीशपतत्रं च कटफलमं नागकेशरम्।**
**अजमोदा यमानी च यष्टि मधुकमेव च।।**
**मेथी जीरकयुग्मं च सबीजं अर्जितं तथा।**
**यावन्त्येतानि चूर्णानि तावदेव तदौषधम्।।**
**तावत्येव सिता ग्राह्या यावत्याडऽयाति बन्धनम्।**
**घृतेन मधुना मुक्तं कर्पूरेणापि वासयेत्।।**
**स्थापमेद् घृतभाण्डे च श्रीमन्मदनमोदकम्।**
**भक्षयेत्प्रातरूत्थाय वातश्लेव्य विनाशनम्।।**
**आमवातविकारध्नं संग्रहग्रहणीहरम्।**
**सदा निषेवये द्धीमान रुच्यमग्नि विवर्धनम्।।**
**एतत्कामविवृद्धयथ नारेदेन प्रकीतितम्।**
**तेन स्त्रीणां सहस्राणि रेमे स यदुनन्दनः।।**

भांग के पत्ते लेकर उन्हें कड़ाही में घृत डालकर मन्द-मन्द अग्नि द्वारा भून लेवें। फिर सोंठ का चूर्ण, मरिच का चूर्ण, पिप्पली का चूर्ण, सैन्धवलवण, धनिये का चूर्ण कचूर का चूर्ण, तालीश पत्र चूर्ण, कायफलचूर्ण, नागकेशर का चूर्ण, अजमोद चूर्ण, अजवाइन चूर्ण, मुलेठी चूर्ण, महुए की छाल या पुष्पों का चूर्ण, मेथी चूर्ण, भुने हुए श्वेत और श्याह जीरे का चूर्ण इन सबको समान मात्रा में लेकर चूर्णो के बराबर बीजों के सहित घृत में भूनी हुई भांग मिलाकर सबको सरल में महीन पीस लें। फिर इस चूर्ण में उतनी ही शर्करा मिलावें जितनी से लड्डू ठीक बंध कर मीठे हो जायें, तदनन्तर घृत और शहद छोड़कर अच्छी प्रकार घोटकर त्रिसुगन्धि अर्थात दालचीनी, छोटी इलायची और कपूर इनसे सवासित करके छोटे-छोटे लड्डू बना लें। इन्हें घृत से चिकने हुए मिट्टी के भाण्डु (मृतवान) में रखें। ये हो मदनमोदक लड्डू है। इन्हें प्रातः का उठकर शौच स्नान सन्ध्यादिकर्म से निवृत्त होकर सेवन करें तथा ऊपर से गौ का धारोष्ण दुग्ध पीना हितकर है। ये मदनमोदक वात और कफ के विकार, कास, शलवलीपलित, आमवात और संगृहणी आदि रोगों को नष्ट करते हैं। बुद्धिमान इन्हें सदा सेवन करें। ये मोदक रूचिकर तथा पाचकाग्नि को बढ़ानेवाले हैं। श्री नारद मुनि ने इन मोदकों को कामदेव की वृद्धि के निमित बताया है तथा इन्हीं मादकों के सेवन करने से यदुनन्दन श्री कृष्ण जी ने हजारों स्त्रीयों के साथ रमण किया है।

# कई रोगों से बचाव करता है करोंदा

पोषक तत्वों से भरपूर होता है करोंदा। यह इम्युनिटी बढ़ा कर कई रोगों से बचाव कर सकता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाते हैं। यह मेंटल हेल्थ के लिए भी बढ़िया है। इसे किसी भी तरह से भोजन में शामिल किया जा सकता है।

**विटामिन सी का भंडार है करौंदा :** इसमें विटामिन सी, विटामिन बी और आयरन अधिक मात्रा में होते हैं। इससे फ्री रेडिकल्स से छुटकारा पाने और एनीमिया को ठीक करने में मदद मिलती है। करौंदे में बहुत सारे एंटीऑक्सिडेंट होते हैं, जैसे फ्लेवोनोइड्स, एल्कलॉइड्स, टैनिन, कैरिसोन और ट्राइटरपेनोइड्स। इनमें एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीपायरेटिक, कार्डियोटोनिक और दर्द निवारक गुण होते हैं।



**पाचन में सुधार करता है करौंदा :** इसमें पेक्टिन होता है। इसलिए यह पाचन में सुधार करता है। घुलनशील फाइबर पाचन तंत्र को बेहतर तरीके से काम करने में मदद करता है। इससे अधिक भूख लगती है। यह पेट भरा होने का भी एहसास दिलाता है।

**हृदय स्वास्थ्य के लिए है अनुकूल :** करौंदा का जूस पीना दिल के लिए अच्छा होता है। सप्ताह में दो या तीन बार अपने हृदय की मांसपेशियों को मजबूत करने, दिल के दौरे और उच्च रक्तचाप जैसी हृदय रोगों के जोखिम को कम करने के लिए एक ग्लास फलों का रस पिएं। इससे ब्लड सकुर्लेशन बढ़िया होता है।

**बुखार भी कम कर सकता है :** इसमें बहुत सारा विटामिन सी होता है। करौंदा का उपयोग लंबे समय से बुखार के इलाज के लिए किया जाता रहा है। एंटीऑक्सीडेंट संक्रमण से लड़ने और बुखार को कम करनेमें मदद करता है। बुखार होने पर पके या सूखे फल खाने से बहुत मदद मिलती है।

**मेंटल हेल्थ के लिए भी है फायदेमंद :** नियमित रूप से करौंदा खाने से मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। मैग्नीशियम, विटामिन और ट्रिप्टोफैन सभी मिलकर न्यूरोट्रांसमीटरसेरोटोनिन के उत्पादन को बढ़ावा देते हैं। यह समग्र रूप से मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है।

**सूजन को कम करता है :** कई अध्ययन बताते हैं कि करौंदा सूजन को प्रभावी ढंग से कम कर सकता है। फल सूजन-रोधी है, इसलिए इसे खाने से शरीर को हानिकारक पदार्थ बनाने से रोकने में मदद मिल सकती है। यह टोक्सिंस को शरीर से बाहर निकाल देता है। यह ब्लड को भी शुद्ध करता है।

## काव्य कोना

### विश्वास आधार है

विश्वास!
न संशय न शंका
ना ही कोई आशंका
विश्वास, बस विश्वास!
विश्वास आधार है।
बीते हुए-जिए हुए
पल का-क्षण का
भोगे हुए,
अंश का - समय का
एकलव्य निष्ठा की
भीष्म प्रतिज्ञा की।
विश्वास!
न संशय न शंका
ना ही कोई आशंका
विश्वास, बस विश्वास!
विश्वास आधार है
किये हुए,
महाप्रयाण का- जीवन संघर्ष का
हर विजय की
चाणक्य नीति की
सहनशीलता की- सम्मान का
जीवन के हर क्षण का
चाहे सफलता हो कि असफलता
विश्वास आधार है।


❖ नाग मणि

# खाना खाने के बाद 100 कदम चलना सेहत के लिए फायदेमंद

आयुर्वेद के अनुसार, प्रत्येक भोजन के बाद 100 कदम जरूर चलना चाहिए। यह प्रक्रिया मूल रूप से शतपावली कहलाती है। इससे न सिर्फ पाचन तंत्र मजबूत होता है, बल्कि वजन भी घटता है। एक्टिव, फिट और हेल्दी रहने के लिए भोजन पर ध्यान देना जरूरी है। आहार में आप क्या ले रही हैं, इस पर आपका स्वास्थ्य निर्भर करता है। यह जानना भी बेहद जरूरी है कि भोजन के बाद आप क्या करती हैं। आयुर्वेद के अनुसार भोजन के बाद थोड़ा चलना जरूरी है। इसे 'शतापावली' कहा जाता है। आयुर्वेद विशेषज्ञ के अनुसार, यह एक आयुर्वेदिक अवधारणा है, जो व्यक्ति को खाने के बाद टहलने के लिए प्रोत्साहित करती है।

**पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद :** आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. नीतू भट्ट कहती हैं, शतपावली मुख्य रूप से एक मराठी शब्द है। इसका अर्थ सौ कदम (शत-सौ, पावली-कदम) होता है। यह मुख्य रूप से प्रत्येक भोजन के बाद 100 कदम चलने के रूप में परिभाषित किया गया है। यह आदत प्राचीन काल में प्रचलित थी। यह पाचन के लिए बहुत प्रभावी साबित रहा है। प्रत्येक भोजन के बाद 100 कदम चलने से शरीर में अच्छी पाचन आदतों का विकास होता है। शरीर को फिट रखने और पाचन प्रक्रिया को दुरुस्त करने के लिए तेज कदमों से चलना सबसे फायदेमंद तरीका है।

**किस तरह फायदा पहुंचाती है शतपावली प्रक्रिया :** खाने के बाद 100 कदम चलने से शतपावली पाचन प्रक्रिया में सहायता करता है। यह ब्लड शुगर लेवल को बेहतर ढंग से नियंत्रित करता है। यह कैलोरी जलाने को बढ़ावा देता है। यह शरीर में ट्राइग्लिसराइड के स्तर को प्रबंधित करता है। यह खाए गए भोजन को बेहतर तरीके से पाचन तंत्र में आगे बढ़ाने में मदद करता है। किसी भी भोजन के बाद थोड़ी देर टहलने से रक्त शर्करा के स्तर को कम किया जा सकता है। यह टाइप 2 मधुमेह जैसी जटिलताओं को दूर करने में मदद कर सकता है।



**कफ दोष घटाता है :** डॉ. नीतू बताती हैं, जहां भोजन के बाद 100 कदम चलने को प्रोत्साहित किया जाता है, वहीं भोजन के बाद आयुर्वेद कुछ अन्य आदतों का पालन करने की भी बात कहता है। खाना खाने के तुरंत बाद पानी पीने से पाचन क्रिया कम हो जाती है। खाना खाने के तुरंत बाद पानी पीने से व्यक्ति मोटापे का भी शिकार हो सकता है। यदि प्यास लगे, तो भोजन के बीच में पानी पीना चाहिए। भोजन के तुरंत बाद सोने से शरीर में जल तत्व यानी कफ दोष बढ़ जाता है। वहीं फैट यानी मेद भी शरीर में बढ़ जाता है। यह शरीर के मेटाबॉलिज्म को धीमा कर देता है। इसके कारण भोजन ठीक से पच नहीं पाता है।

**लंबी दूरी तक चलना हो सकता है हानिकारक :** यदि आप भोजन के तुरंत बाद लंबी दूरी तक चलती हैं, तो वह भी स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह हो सकता है। लंबी दूरी तक चलने के साथ-साथ तैरना, यात्रा करना और भोजन के बाद व्यायाम करना और भारी काम करना जैसे काम भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। ये सारी गतिविधियां वात बढ़ाने वाली हो सकती हैं। ये पाचन में गड़बड़ी की संभावना को बढ़ा सकती हैं। इससे सूजन, भोजन से पोषक तत्वों के अवशोषण में दिक्कत हो सकती है। पाचन में समस्या एसिडिटी और गैस की भी वजह हो सकती है। भोजन के बाद टहलने को हमेशा प्रोत्साहित किया जाता है। लेकिन कभी भी तेज गति से न चलें, क्योंकि इससे शरीर में दोष बढ़ सकते हैं।

**भोजन के तुरंत बाद सोना हो सकता है नुकसानदेह :** भोजन के तुरंत बाद सोने से शरीर का मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है। इसके कारण भोजन ठीक से पच नहीं पाता है। आयुर्वेद भोजन के बाद 100 कदम चलने और फिर इसके बाद वामकुक्षी यानी बाईं ओर सोने की सलाह देता है। यह पाचन प्रक्रिया में मदद करता है। पाचन में मदद करने और मोटापे से बचने के लिए भोजन के बीच में पानी पीना चाहिए। खाना खाने से पहले या बाद में नहीं।

❖ स्मिता सिंह

# सोशल मीडिया की यारी




**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',**
**मो. नं. 73 8657 8657**
**(हिंदी अकादमी, मुंबई से सम्मानित नवयुवा व्यंग्यकार)**

**वाट्सप :** हेलो ब्रो! और क्या चल रहा है?

**फेसबुक :** क्या बताऊं दोस्तो! एक से बढ़कर एक नग्न तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए जा रहे हैं। लोगों में गजब होड़ लगा है। पहले मैं-पहले मैं की तर्ज पर चेंपने का गजब उत्साह है। न जाने कहां-कहां से तस्वीरें और वीडियो उठा लाते हैं कि पूछो ही मत। कभी-कभी तो बड़े-बड़े समाचार पत्र और टीवी चैनल मेरे पास ये चित्र और वीडियो उधार मांगकर ले जाते हैं। दिन दुनी रात चौगुनी नंगई में वृद्धि होती जा रही है। पिछले कुछ समय से मुझे पसीना पोंछने तक की फुर्सत नहीं है।

**इंस्टाग्राम :** दोस्तो! मैं तो इस मामले में खुशकिस्मत हूं। मैं तो ऊंचे लोगों की पसंद हूं। देश-दुनिया जाए भाड़ में मुझ पर पाउट बना-बनाकर हसीनाएं अपनी खूबसूरती बिखेरती हैं। सेलेब्रेटी रसोई में एक से बढ़कर एक व्यंजन बनाकर होड़ लेते हैं। मेरे यहां गरीबों, मरीजों, भुखमरों की कोई जगह नहीं है। मैं ऊंचे लोगों की ऊंची पसंद हूं। इसलिए मेरे पास नंगई को एंजॉय किया जाता है।



**ट्विटर :** मेरा तो पूछो ही मत। मैं तो अपनी पुरानी बातों को डिलिट करने में लगा हूं। कोई पेट्रोल की बात तो कोई रसोई गैस की बात कोई विकास की बात तो कोई कुछ डिलिट करने में लगा है। मैं तो गढ़े मुर्दे खोदकर निकालने का बहाना हो गया हूं। ऊपर से किसे ब्लू टिक दूं किसे न दूं, समझ में नहीं आ रहा है। इस टिक के चक्कर में मेरा टिकना दुश्वास हो गया है।

**वाट्सप :** तुम लोगों की हालत गनीमत मुझसे अच्छी है। मेरा तो पूछो ही मत। मुझ पर तो लोग शेर आया, शेर आया जैसी झूठी अफवाहों का खेला चल रहा है। आज बड़ी आसानी से सिरिया की कोई तस्वीर भेज कर उसे देश में हुए रेल दुर्घटना से जोड़ दिया जाता है। कभी और कहीं की फोटो भेज कर कहा जाता है इस बच्ची के दिल में छेद है और इसके प्रत्येक शेयर पर इसके ऑपरेशन के लिए कुछ खास रकम मिलेगी, बता दिया जाता है। किसी हैकर द्वारा कोई लिंक आसानी से मुझ पर टरका दिया दिया जाता है और कहा जाता है इस लिंक पर जाने पर आपके मोबाइल नेटवर्क पर प्रधानमंत्री जी खुद रिचार्ज करके देंगे। कभी बड़ी हस्तियों को इंटरनेट पर झूठी खबर फैला कर मार तक दिया जाता है। इतना ही नहीं, कई बार सोशल मीडिया में ऐसी तस्वीरें चक्कर काटती नजर आती है, जिसमें यह बताया जाता है कि किसी का बच्चा या फिर प्रमाण पत्र गुम हो गए हैं। आगे चलकर पता चलता है कि बच्चा तो कभी का मिल गया, लेकिन जब-जब वह स्कूल के लिए बैग लेकर निकलता है तब-तब उसे यह कहकर घर लौटा दिया जाता है कि गुम हुआ बच्चा यही है। शायद वह बच्चा अब कभी स्कूल न जा पाए! लेकिन इतना है कि देश में सभी व्यस्त हैं, खाली कोई नहीं बैठा है।

## सूडोकु नवताल- 6770

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 4 | 7 | | | | 8 | 3 | | 9 |
| | | 8 | 7 | 3 | | 1 | 2 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 1 | | 7 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 1 | | 8 | 7 | | 4 | 9 | |
| | 2 | 4 | | 6 | 5 | 7 | | |
| 7 | | 1 | 3 | | | | 5 | 8 |
| | | | 1 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6769 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |

## दैनिक पंचांग

**24 जुलाई को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 07.16 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | कन्या | 09.28 बजे से |
| मंगल | सिंह में | तुला | 11.39 बजे से |
| बुध | कर्क में | वृश्चिक | 13.54 ब.से |
| गुरु | मेष में | धनु | 16.10 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मकर | 18.15 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कुंभ | 20.01 बजे से |
| राहु | मेष में | मीन | 21.34 बजे से |
| केतु | तुला में | मेष | 23.05 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | वृष | 00.45 बजे से |
| | | मिथुन | 02.43 बजे से |
| | | कर्क | 04.56 बजे से |

**सोमवार** 2023 वर्ष का 205 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** श्रावण **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** षष्ठी 13.43 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** हस्त 22.12 बजे को समाप्त।
**योग** शिव 14.51 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 13.43 बजे तदनन्तर गर 02.31 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 06.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 19° 58'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871684
**जूलियन दिन** 2460149.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** मोहर्रम **तारीख** 05
**विशेष** श्रावण अधिक प्रथम सोमवार व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7832

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | | ■ | 9 | |
| | ■ | ■ | | ■ | 10 | 11 | ■ | |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | | | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | ■ |
| 15 | | | 16 | | ■ | 17 | | 18 |
| | ■ | 19 | | ■ | 20 | ■ | ■ | |
| 21 | 22 | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-4
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी -2)
8. पासे फेंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2,3
15. चोरी करना-2,3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफन करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

**ऊपर से नीचे**

1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़ -4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

### शब्द पहेली -7831 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | ल | वा | र | ■ | वि | ■ | ■ |
| ■ | क | ■ | द | ■ | अ | ग | ज | क |
| क | ग | र | ■ | क | प | ट | ■ | हा |
| ■ | र | ज | त | ■ | ना | ■ | आं | सु |
| अ | ■ | क | मी | ना | प | न | ■ | नी |
| चा | बी | ■ | ज | ■ | न | ज | ला | ■ |
| न | ■ | स | वा | ल | ■ | र | ज | त |
| क | र | ब | ला | ■ | आ | ■ | वा | ■ |
| ■ | ■ | ल | ■ | अ | स | बा | ब | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**वृष राशि :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**मिथुन राशि :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कर्क राशि :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**सिंह राशि :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**कन्या राशि :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुला राशि :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृश्चिक राशि :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

**धनु राशि :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**मकर राशि :** आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**कुंभ राशि :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा।

**मीन राशि :** व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## पीएम 26 को कर सकते हैं प्रगति मैदान के आईटीपीओ कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रगति मैदान में जी20 नेताओं की बैठकों की मेजबानी करने के लिए पुनर्विकसित आईटीपीओ कॉम्प्लेक्स के 26 जुलाई को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन किए जाने की संभावना है। भारत की अध्यक्षता में जी20 नेताओं का शिखर सम्मेलन 9 और 10 सितंबर को होने वाला है। लगभग 123 एकड़ में फैला प्रगति मैदान परिसर भारत का सबसे बड़ा एमआईसीई गंतव्य है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यह दुनिया के शीर्ष 10 प्रदर्शनी और सम्मेलन परिसरों में अपना स्थान पाता है, जो जर्मनी में हनोवर प्रदर्शनी केंद्र और शंघाई में राष्ट्रीय प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर (एनईसीसी) जैसे विशाल नामों को टक्कर देता है। कन्वेंशन सेंटर के लेवल 3 में 7,000 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता है और यह वैश्विक स्तर पर मेगा सम्मेलन, अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन और सांस्कृतिक समारोहों की मेजबानी के लिए एक उपयुक्त स्थान है। प्रदर्शनी हॉल उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए सात नवीन स्थान प्रदान करता है। ये अत्याधुनिक हॉल कंपनियों को अपने दर्शकों के साथ जुड़ने के लिए एक आदर्श मंच प्रदान करते हैं।

# 'महिलाओं के खिलाफ अपराध कम करना राज्यों की जिम्मेदारी'

### अनुराग ठाकुर ने 8 वें-9 वें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो पुरस्कार प्रदान किए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को कहा कि महिलाओं पर कोई भी अत्याचार बहुत दर्दनाक है और उनके खिलाफ अपराध को कम करना राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। ठाकुर ने यहां एक कार्यक्रम में संवाददाताओं से कहा, महिलाओं पर कोई भी अत्याचार दुखद है, चाहे वह कोई भी राज्य हो। महिलाओं के खिलाफ अपराध को कम करना राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सरकार के अलावा समाज का भी कर्तव्य है कि वह इस दिशा में काम करे। मंत्री, जिन्होंने शनिवार को महिलाओं के खिलाफ अपराध की हालिया कथित घटनाओं पर कांग्रेस के नेतृत्व वाली राजस्थान सरकार और ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार सहित गैर-भाजपा शासित राज्यों की आलोचना की, विपक्ष पर हमला करते हुए आगे कहा, इन (ऐसी घटनाओं) पर सदन (संसद) में चर्चा होनी चाहिए। सभी दलों को भाग लेना चाहिए। मैं एक बार फिर विपक्ष से अपील करता हूं कि वे चर्चा से न भागें, और ऐसे संवेदनशील मुद्दों का राजनीतिकरण न करें। इससे पहले बीजेपी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा था, मणिपुर की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रधानमंत्री (नरेंद्र मोदी) ने इसकी निंदा की है और (दोषियों के खिलाफ) सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। हम इस पर संसद के दोनों सदनों में चर्चा चाहते हैं, क्योंकि यह हमारे लिए गंभीर मामला है। शुक्रवार को बीजेपी ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में हाल ही में संपन्न पंचायत चुनाव में उसके एक उम्मीदवार के साथ भी मणिपुर जैसी वीभत्स घटना हुई थी।



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को आठवें और नौवें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो पुरस्कार प्रदान किए। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन नई दिल्ली में दो दिवसीय क्षेत्रीय सामुदायिक रेडियो सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि सामुदायिक रेडियो स्टेशन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनभागीदारी से जन आंदोलन की दृष्टि को यथार्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।


यह रेडियो स्टेशन आकाशवाणी की भूमिका और प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए आपदा की स्थिति में अपने श्रोताओं को जानकार बनाए रखते हैं। भारत में रेडियो की पहुंच का उल्लेख करते हुए मंत्री ने कहा कि देश का 80 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र और 90 प्रतिशत से अधिक आबादी रेडियो द्वारा कवर की गई है। सरकार इस पहुंच को और अधिक विस्तार दे रही है। तीसरे बैच के तहत 284 शहरों में 808 चैनलों की नीलामी इस दिशा में एक बड़ा कदम है।

राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो पुरस्कार अपने क्षेत्र में जनहित में सराहनीय कार्य करने वालों को दिया जाता है। यह पुरस्कार आज 23 जुलाई को राष्ट्रीय प्रसारण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किए गए। नौवें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो पुरस्कारों के लिए 4 श्रेणियों में 12 पुरस्कार दिए गए। पुरस्कार विजेता सामुदायिक रेडियो स्टेशन हरियाणा, बिहार, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, तमिलनाडु, राजस्थान और त्रिपुरा राज्य में स्थित है।

# एनआईए ने तीन सूचीबद्ध आतंकियों समेत 9 के खिलाफ चार्जशीट दायर की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गैंगस्टर-आतंकवादी सांठगांठ मामले में प्रतिबंधित आतंकी संगठन, बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) और खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) से जुड़े तीन कुख्यात 'सूचीबद्ध आतंकवादियों' सहित 9 के खिलाफ चार्जशीट दायर की है। एनआईए ने रविवार को यह जानकारी दी। भारत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने और खुद के नेटवर्क बनाने के लिए बीकेआई के हरविंदर सिंह संधू उर्फ रिंदा, केटीएफ के अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डाला और बीकेआई के लखबीर सिंह संधू उर्फ लांदा हैं। यह तीनों विदेश में हैं।एनआईए ने कहा कि उनके पाकिस्तान और अन्य देशों में ड्रग तस्करों और खालिस्तानी गुर्गों के साथ करीबी संपर्क हैं। विदेशों में स्थित गुर्गों के इस नेटवर्क के जरिए वे भारत में आतंकवादी गतिविधियों, जबरन वसूली और हथियारों तथा ड्रग्स की सीमा पार से तस्करी को अंजाम देने के लिए भारत में अपने सहयोगियों की भर्ती कर रहे हैं। उनके उत्तर भारत में सक्रिय प्रमुख गिरोहों से भी संबंध हैं, जिनमें स्थानीय गैंगस्टर, संगठित आपराधिक सिंडिकेट और नेटवर्क शामिल हैं।



अधिकारी ने कहा कि उनकी जांच से बीकेआई और केटीएफ के लिए फंड जुटाने की एक जटिल व्यवस्था का भी पता चला है। फंड को भारत स्थित सहयोगियों को अनौपचारिक चैनलों के साथ-साथ लेयरिंग और फंड प्रावधान के साथ औपचारिक चैनलों के माध्यम से भेजा जा रहा था। एमटीएसएस या अन्य साधनों का उपयोग इस तरह से किया जा रहा था कि धन भेजने वाले या प्राप्तकर्ता की पहचान पूरी तरह से छिप जाए। एनआईए बीकेआई और केटीएफ से जुड़े 16 अन्य फरार और गिरफ्तार आरोपियों के लिंक की भी जांच कर रही है। एक पूर्व गैंगस्टर, हरविंदर सिंह संधू उर्फ रिंदा अब एक प्रमुख बीकेआई सदस्य और खालिस्तानी संचालक है। वर्ष 2018-19 में वह अवैध रूप से पाकिस्तान भाग गया और वर्तमान में आईएसआई के संरक्षण में वहां रह रहा है, और भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने में शामिल है। रिंदा पाकिस्तान से भारतीय क्षेत्र में हथियार, गोला-बारूद विस्फोटक और ड्रग्स की तस्करी, बीकेआई कार्यकताओं की भर्ती, हत्याएं, पंजाब एवं महाराष्ट्र राज्यों में जबरन वसूली के माध्यम से बीकेआई के लिए फंड जुटाने जैसे विभिन्न अपराधों में शामिल है। वह मई 2022 में पंजाब पुलिस इंटेलिजेंस मुख्यालय पर आरपीजी हमले सहित कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल रहा है, और भारत सरकार द्वारा 2023 में उसे 'व्यक्तिगत आतंकवादी' घोषित किया गया था।

आरोपी अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डाला भारत का कुख्यात गैंगस्टर था जो कनाडा चला गया। कनाडा में डाला हरदीप सिंह निज्जर के संपर्क में आया, जो प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन केटीएफ का प्रमुख था।

दोनों केटीएफ के लिए फंड जुटाने और पंजाब में व्यापारियों तथा विशेष समुदायों के नेताओं की लक्षित हत्या को अंजाम देने के लिए युवाओं की भर्ती एवं आतंकवादी गिरोह बनाने में लगे हुए थे। डाला को भारत सरकार द्वारा 2023 में 'व्यक्तिगत आतंकवादी' घोषित किया गया है। लखबीर सिंह संधू उर्फ लांदा शुरू में आपराधिक और गैंगस्टर संबंधी गतिविधियों में शामिल था। 2017 में वह कनाडा चला गया और वहीं से अपनी गतिविधियां जारी रखीं। वह बीकेआई आतंकवादी हरविंदर सिंह संधू उर्फ रिंदा के संपर्क में आया और रिंदा और बीकेआई के लिए काम करना शुरू कर दिया। लांदा कई आतंकी घटनाओं में मुख्य आरोपी रहा है।

एनआईए द्वारा आरोपित अन्य विदेशी आधारित बीकेआई नोड्स में अमेरिका में स्थित हरजोत सिंह शामिल हैं। जबकि कश्मीर सिंह गलवद्दी, नाभा जेलब्रेक मामले का फरार आरोपी है और इस समय उसके नेपाल में होने का संदेह है। इनके अलावा लांदा का भाई तरसेम सिंह इस समय दुबई में रह रहा है। गुरजंत सिंह वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया में रह रहा है और केटीएफ के विदेश स्थित नोड्स में से एक है जिसके खिलाफ चार्जशीट दायर की गई है। एनआईए द्वारा चार्जशीट में शामिल अन्य आरोपियों में दीपक रंगा और लकी खोखर उर्फ डेनिस शामिल हैं, जिन्हें भारत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए विदेशी स्थित आकाओं द्वारा भर्ती किया गया था।

# जामिया मिलिया इस्लामिया में होगा मेडिकल कॉलेज, केंद्र ने दी अनुमति

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जामिया मिलिया इस्लामिया को मेडिकल कॉलेज शुरू करने की अनुमति दे दी गई है। देश के प्रसिद्ध केंद्रीय विश्वविद्यालयों में शुमार दिल्ली का जामिया विश्वविद्यालय बीते कई वर्षों से मेडिकल कॉलेज की मांग कर रहा था। गौरतलब है कि दिल्ली में स्थित अन्य केंद्रीय विश्वविद्यालयों जैसे जेएनयू और दिल्ली यूनिवर्सिटी तक में फिलहाल मेडिकल कॉलेज नहीं है। रविवार को जामिया मिलिया इस्लामिया का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह के दौरान जामिया विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर नजमा अख्तर ने घोषणा की कि केंद्र सरकार ने जामिया में मेडिकल कॉलेज शुरू करने की अनुमति दे दी है। वाइस चांसलर द्वारा की गई इस घोषणा के दौरान मंच पर उपराष्ट्रपति और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मौजूद थे। विश्वविद्यालय का कहना है कि यह मेडिकल कॉलेज न केवल दक्षिण दिल्ली में रहने वाले लोगों के लिए बेहद जरूरी है, बल्कि यूपी और हरियाणा के आसपास के शहरों में रहने वाले लोगों के लिए भी बहुत उपयोगी होगा। स्वतंत्रता संग्राम और



असहयोग आंदोलन से जन्मी संस्था जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने अपनी स्थापना के 102 साल पूरे कर लिए हैं। अपनी गौरवमयी यात्रा पूरी करने के बाद अब जामिया मिलिया इस्लामिया शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम हासिल करना चाहता है। इसके लिए जामिया ने केंद्र सरकार से जामिया परिसर के भीतर ही एक मेडिकल कॉलेज शुरू करने की मांग की थी, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। जामिया विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि कि जामिया में मेडिकल कॉलेज की शुरूआत होने पर यहां एमबीबीएस जैसे महत्वपूर्ण मेडिकल कोर्सेज भी शुरू हो सकेंगे। जामिया मिल्लिया इस्लामिया की कुलपति प्रो. नजमा अख्तर ने इस वर्ष की शुरूआत में राष्ट्रपति भवन में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के दौरान भी कुलपति ने मेडिकल कॉलेज की स्थापना की मंजूरी प्राप्त करने के लिए राष्ट्रपति की सहायता मांगी थी। राष्ट्रपति से हुई इस मुलाकात से पहले भी विश्वविद्यालय केंद्र सरकार से मेडिकल कॉलेज के लिए मंजूरी देने की अपील कर चुका था। प्रो. अख्तर ने राष्ट्रपति से जनजातीय छात्रों के लिए एक छात्रावास स्थापित करने में मदद मांगी है। विश्वविद्यालय जनजातीय अध्ययन एवं विकास विभाग और जनजातीय छात्रों के लिए एक छात्रावास स्थापित करना चाहता है और इसके लिए मदद की आवश्यकता है। शैक्षणिक कार्यक्रमों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए जामिया विश्वविद्यालय प्रशासन ने विश्वविद्यालय में अतिरिक्त शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों के लिए भी अनुरोध किया था।

# शराब के लिए मां और बाप ने छह महीने के बच्चे को बेचा, गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने रविवार को उत्तर 24 परगना जिले के पानीहाटी के रहने वाले एक दंपति को शराब खरीदने के लिए अपने छह महीने के बच्चे को बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया। पुलिस ने बच्चे के दादा को भी गिरफ्तार किया है। माना जा रहा है कि उन्होंने इस सौदे में बिचौलिए की भूमिका निभाई थी। पुलिस पूरे मामले में बाल तस्करी रैकेट की संलिप्तता से इनकार नहीं कर रही है। हालांकि वह अभी तक बच्चे को बरामद नहीं कर पाई है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान जयदेब चौधरी (पिता), साथी चौधरी (मां) और कनाई चौधरी (दादा) के रूप में की गई है। फिलहाल उनसे उस व्यक्ति के बारे में पूछताछ की जा रही है।

## पिछले दो महीने में पीएम की सात देशों की यात्रा पर खर्च हुए 1.79 करोड़

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मई और जुलाई के बीच पीएम मोदी की सात देशों की विदेश यात्राओं पर पिछले 1.79 करोड़ रुपये खर्च किए, जिसमें अमेरिका और फ्रांस की हाई प्रोफाइल यात्राएं भी शामिल हैं। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, 19 मई से 15 जुलाई के बीच पीएम ने सात देशों - जापान, पापुआ न्यू गिनी, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, मिस्र, फ्रांस और यूएई का दौरा किया। इन पर कुल मिलाकर 1,79,38,717 करोड़ रुपये का खर्च आया। पीएम की यात्राओं पर होने वाला खर्च केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जाता है जबकि अन्य कैबिनेट मंत्रियों की यात्राओं पर होने वाला खर्च संबंधित मंत्रालय के कोष से किया जाता है।

**विरासत** | **वियतनाम को सौंपा गया नौसेना का युद्धपोत 'कृपाण'**

# नौसेना के पूर्वी बेड़े का रहा है अभिन्न अंग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्र के लिए 32 साल की शानदार सेवा पूरी करने के बाद, भारतीय नौसेना के जहाज 'कृपाण' को भारतीय नौसेना से सेवामुक्त कर दिया गया है। 'कृपाण' को वियतनाम के कैम रैन में वियतनाम पीपुल्स नेवी (वीपीएन) को सौंप दिया गया है। लगभग 12 अधिकारियों और 100 नाविकों द्वारा संचालित यह जहाज 90 मीटर लंबा और 10.45 मीटर चौड़ा है। इसकी अधिकतम मालवाहक क्षमता 1450 टन है। जहाज को संपूर्ण हथियारों से लैस वियतनाम पीपुल्स नेवी को सौंप दिया गया है। आईएनएस कृपाण को सेवामुक्त करने और वीपीएन को सौंपने के समारोह की अध्यक्षता नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि



कुमार और वीपीएन के डिप्टी कमांडर-इन-चीफ और चीफ ऑफ स्टाफ रियर एडमिरल फाम मान्ह हंग ने की। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, 1991 में भारतीय सेना में कमीशन होने के बाद से ही आइएनएस कृपाण, भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े का एक अभिन्न अंग रहा है और पिछले 32 वर्षों में इसने कई ऑपरेशनों में भाग लिया है। इस अवसर पर एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा, भारतीय नौसेना के सबसे बेहतरीन और सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले युद्धपोतों में से एक कृपाण को सम्मानित वियतनाम पीपुल्स नेवी को सौंपने के समारोह का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। भारतीय नौसेना की ओर से, यहां उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत करना मेरे लिए गौरव की बात है। वियतनाम पीपुल्स नेवी को कृपाण का हस्तांतरण भारत के वसुधैव कुटुंबकम एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के जी20 नीति के अनुरूप है। भारतीय नौसेना से वियतनाम पीपुल्स नेवी को आईएनएस कृपाण का स्थानांतरण हिंद महासागर क्षेत्र में भारतीय नौसेना की 'पसंदीदा सुरक्षा भागीदार' होने का प्रतीक है और यह निश्चित रूप से दोनों नौसेनाओं के बीच मौजूदा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए उत्प्रेरक का काम करेगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि जहाज को सौंपने का समारोह भारत और वियतनाम के बीच गहरी दोस्ती और सामरिक साझेदारी का प्रतीक है। यह पहला अवसर है जब भारत किसी मित्र विदेशी देश को पूर्ण-परिचालित युद्धपोत उपहार स्वरूप सौंप रहा है।




## अमिताभ ने किया खुलासा, आखिर डिएगो कॉमिक-कॉन में क्यों नहीं हुए शामिल



**मेगास्टार** अमिताभ बच्चन ने आखिरकार खुलासा कर दिया है कि वह साइंस फिक्शन ड्रामा 'कल्कि 2898 एडी' को प्रदर्शित करने को लेकर सैन डिएगो कॉमिक-कॉन 2023 में क्यों नहीं शामिल हुए। उन्होंने साझा किया कि फिल्म निमार्ता नाग अश्विन चाहते थे कि वह भी साथ आएं लेकिन काम और चिकित्सा प्रतिबंधों ने मुझे उनसे दूर रखा। अमिताभ ने अपने ब्लॉग पर लिखा, ''सैन डिएगो प्रोजेक्ट फिल्म निमार्ताओं और उन सभी लोगों के लिए एक महान क्षण है जो इसके पहले लुक को जारी करने के लिए वहां गए थे। मुझे नागी सर ने साथ आने के लिए बहुत प्रेरित किया था। लेकिन काम और चिकित्सा प्रतिबंधों ने मुझे ऐसे कई अवसरों से दूर रखा है। सिने आइकन ने साझा किया कि पहला लुक बहुत अच्छा था। अमिताभ ने फिल्म के शीर्षक में 'एडी' का मतलब भी समझाया। सैन डिएगो कॉमिक-कॉन 2023 में कमल हासन, प्रभास और राणा दग्गुबाती ने भाग लिया।

## 'कालकूट' के लिए एसिड अटैक सर्वाइवर के मेकअप में खुद को देख रो पड़ीं श्वेता त्रिपाठी



**एक्ट्रेस** श्वेता त्रिपाठी ने बताया कि 'कालकूट' के लिए पहली बार एसिड अटैक का मेकअप करवाते वक्त वह इमोशनल हो गई। मेकअप टेस्ट के दौरान एक्ट्रेस ने एसिड अटैक सर्वाइवर के दर्द को दिल से महसूस कर पायी, जिसके चलते उनकी आंखों में आंसू आ गये। उस पल श्वेता यह सोचने से खुद को नहीं रोक सकी कि जिन लड़कियों पर एसिड अटैक होता है, वह वास्तविक जीवन में किन परेशानियों का सामना करती हैं। उनको हर पल कैसा महसूस होता होगा। घटना के बारे में बात करते हुए, श्वेता कहती हैं: जैसे-जैसे मैंने एक एसिड अटैक सर्वाइवर की भूमिका निभाई है। किरदार और नैरेटिव की गंभीरता हर गुजरते पल के साथ और अधिक बारीकी से समझ आती गई है। मेकअप टेस्ट के दौरान, खुद को सर्वाइवर के रूप में देखकर मैं उनके दर्द को दिल से महसूस कर पाई। भावनाएं मुझ पर हावी हो गईं, और आंसू खुलकर बहने लगे। यह उनकी कहानियों के साथ न्याय करने और उनके अनुभवों को सामने लाने की हमारी ज़िम्मेदारी की याद दिलाता है। उन्होंने समर्थन और धैर्य के लिए अपनी टीम को धन्यवाद दिया। श्वेता ने आगे कहा, मैं पूरी टीम के अटूट धैर्य, समर्थन और मुझ पर विश्वास के लिए उनकी दिल से सराहना करना चाहूंगी।

## हर किसी को अपने फैसले लेने की आजादी : काजोल

**रविवार** को पेरेंट्स डे के मौके पर काजोल ने अपने बच्चों युग और नीसा के बारे में बात की।



उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि अपने बच्चों को समय-समय पर अकेले रहने देना महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे उन्हें जिम्मेदार वयस्क बनने में मदद मिलेगी। काजोल ने कहा, ''मेरा हमेशा से मानना रहा है कि हर किसी को अपने फैसले लेने की आजादी होनी चाहिए। अपने बच्चों के साथ, मेरा यह मानना है कि समय-समय पर उन्हें उनके साथ रहने देना चहिए, क्योंकि इससे उन्हें जिम्मेदार वयस्क बनने में मदद मिलेगी।

## खुलकर बात करना किसी भी सफल रिश्ते की आधारशिला है : मोहित दग्गा

**एक्टर** मोहित दग्गा वर्तमान में लोकप्रिय टीवी शो 'दूसरी मां' में अशोक की भूमिका निभाते हुए नजर



आ रहे हैं। रविवार को पेरेंट्स डे के अवसर पर एक्टर ने शेयर किया कि उनके लिए बच्चों के साथ बातें करने से बढ़कर कुछ नहीं है। मोहित दग्गा 'भास्कर भारती', 'ऐसे करो ना विदा', 'बैरी पिया', 'एक मुट्ठी आसमान' और 'तेरा यार हूं मैं' में अपने काम के लिए जाने जाते हैं। एक्टर ने कहा कि अपनी बेटी के लिए सकारात्मक प्रभाव और रोल मॉडल बनने का प्रयास करते हुए पालन-पोषण की जटिलताओं से निपटना एक माता-पिता के रूप में उनके लिए कठिन चुनौतियां पेश करता है, लेकिन उन्हें अपनी बेटी के साथ इस यात्रा में बहुत संतुष्टि मिलती है। उन्होंने कहा, घर पर, मैं सम्मान, ईमानदारी, दयालुता और सहिष्णुता जैसे संबंधित माहौल को बढ़ावा देता हूं। मेरा विश्वास है कि खुलकर बात करना किसी भी सफल रिश्ते की आधारशिला है। ऐसे में, मैं माता-पिता की भूमिका निभाने से पहले बेटी अश्विका के साथ दोस्ती स्थापित करने का प्रयास करता हूं।

### हुसैन ने अपने दीन को बचाने के लिए सब कुछ कुर्बान कर दिया

# गर्व से कहो हम हुसैनी हैं : मौलाना हसन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इमामे हुसैन का जिक्र इसलिए करें कि कम से कम जमाने से यह कह सके कि हम हुसैनी हैं। वो हुसैन जिसने कर्बला में अपने नाना के दीन (मजहब इस्लाम) को बचाने के लिए अपना सब कुछ कुर्बान कर दिया। वो हुसैन जिसने अपनी जान देकर नमाज को बचाया। वो हुसैन जिसने अपनी जान देकर दीन इस्लाम को बचाया। वो हुसैन जिसने अपने 72 साथियों को लेकर हजारों लश्कर पर भारी पड़ गया। वो हुसैन जिसने अल्लाह की रजा के लिए सजदे की हालत में शहीद हो गए। इसलिए गर्व से कहो हम हुसैनी हैं। उक्त बातें ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन सह मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीब उल हसन रिजवी ने कही। वह रविवार को चौथी मोहर्रम के अवसर पर शहर के मकबूल समाजसेवी शाहरुख रिजवी के कांके आवास पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। मौलाना तहजीब ने आगे कहा कि पूरी कायनात जिसकी नाज बरदारी करे उसे मोहम्मद कहा जाता है और जिसकी मोहम्मद नाज बरदारी करें उसे इमाम हुसैन कहा जाता है। आज जरूरत है दुनिया को बताने के लिए की मआविया के बेटे का किरदार क्या था और अबू तालिब के पोते का किरदार किया था। हम यह कहते हैं कि कोई भी मुसलमान हजरत इमाम हुसैन की अजमत का इनकार नहीं कर सकता। अगर वह करता है तो मुसलमान नहीं हो सकता। मौलाना ने आगे कहा के हमारा इख्तेलाफ कोई भी मुसलमान से नहीं। उससे है जो यजीदी नजरिया के हैं। जो यजीदी वाले काम करते हैं।



**मुहर्रम पर मुख्य कार्यक्रम**

27 जुलाई 2023 दिन गुरुवार को मस्जिद जाफरिया होते हुए विक्रांत चौक, चर्च रोड, डॉक्टर फातेहुल्लाह रोड होते हुए वापस मस्जिद जाफरिया पहुंचेगी। 28 जुलाई दिन शुक्रवार को अनवर आर्केड से विश्वास मंदिर, अंजुमन पलाजा, डॉक्टर फातेहुल्लाह रोड होते हुए मस्जिद में सम्पन्न होगी। अनवर आर्केड में मजलिस 9 बजे होगी। 29 जुलाई 23 को यानी 10 मुहर्रम को मस्जिद जाफरिया से दोपहर 1:30 बजे निकलेगी। जो चर्च रोड, मंदिर पुरानी उर्दू जुन तपाला रोड, डेली मार्केट, टैक्सी स्टैंड, अंजुमन पलाजा, फातेहुल्ला रोड, विक्रांत चौक, कर्बला चौक स्तिथ कर्बला पहुंच कर संपन्न होगी। डेली मार्केट, अंजुमन पलाजा, कर्बला चौक में खूनी व जंजीरी मातम होगा। कार्यक्रम की जानकारी सैयद फराज अब्बास ने दी है।

### रिम्स से फरार हुई महिला पकड़ी गयी

**रांची।** गोली लगने से घायल लातेहार की रहने वाली महिला को रिम्स के पुराना इमरजेंसी के पास से शनिवार देर रात पकड़ा गया। इसके बाद उसे रिम्स के हृदय रोग विभाग के पांचवें तल्ले में भर्ती कराया गया है। गोली लगने के बाद महिला को रिम्स में भर्ती कराया गया था। लेकिन शनिवार देर शाम वह वहां से फरार हो गयी थी, जिसके बाद पुलिस की परेशानी बढ़ा दी। पुलिस ने अपने स्तर से काफी खोजबीन में जुटी हुई थी, जिसका सुराग नहीं मिल पा रहा था। उल्लेखनीय है कि लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र स्थित बरियातू की रहने वाली विनीता कुमारी को शुक्रवार देर रात रिम्स के ईएनटी यूनिट में भर्ती कराया गया था। महिला को रांची के कटहल मोड़ के पास अपराधियों ने गोली मारी थी। हालांकि महिला के नाक को छूते हुए गोली निकल गयी थी। इससे महिला घायल हो गयी थी, जिसके बाद उसे रिम्स में भर्ती कराया गया था।

# बिजनेसमैन अरुण सिन्हा को इंटरनेशनल बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड से किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सूबे के सफल युवा व्यवसायी अरुण कुमार सिन्हा को वियतनाम में इंटरनेशनल बिजनेस एक्सीलेंस अवॉर्ड से सुनील शेट्टी, भारतीय फिल्म अभिनेता के द्वारा सम्मानित किया गया। शुक्रवार शाम वियतनाम में रेडियो ऑरेंज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सिन्हा को सम्मानित किया गया। रेडियो ऑरेंज की निदेशक इनु मजूमदार के नेतृत्व में वियतनाम में शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर बॉलीवुड के नामचीन अदाकार सुनील शेट्टी मौजूद थे। इस दौरान आकर्षक रंगारम कार्यक्रम की भी प्रस्तुति की गई। जिससे कार्यक्रम में उपस्थित तमाम लोग मंत्रमुग्ध हो उठे। बता दें कि इंटरनेशनल एक्सीलेंस




अवार्ड से देश भर से कुल 30 सफल बिजनेसमैन को सम्मानित किया गया। जिसमें झारखंड से कुल 9 लोगों को सम्मान मिला। बताया गया कि रेडियो ऑरेंज हर साल विदेश में यह सम्मान समारोह आयोजित करता है जिसमें देशभर के नामचीन बिजनेसमैन को सम्मानित किया जाता है। अरुण की सफलता को भी आयोजन समिति के लोगों ने परखा और इन्हे आमंत्रित कर वहां सम्मानित किया। बता दें कि अरुण कुमार सिन्हा राइडर सिक्योरिटी कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर हैं।

# सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेने सड़कों पर उतरे एसएसपी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एसएसपी किशोर कौशल ने शनिवार देर रात जिले की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेने खुद सड़कों पर उतरे। इस दौरान एसएसपी ने कई थानेदारों फटकार भी लगायी। एसएसपी ने रात में अभियान चलाकर गुप्त तरीके से थाना, पीसीआर और थाना की पैट्रोलिंग की गतिविधियों की जानकारी ली है। वहीं कई इलाके में रात में घूम रहे लोगों से भी पूछताछ की। वहीं दूसरी ओर सिटी एसपी शुभांशु जैन रात में सिविल ड्रेस में राजधानी की सड़कों पर निकले और रात भर शहर कई थानों का निरीक्षण किया। इसके अलावा कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए रातू रोड में देर रात अड्डेबाजी कर रहे लोगों को खदेड़ा। साथ ही अपने क्षेत्र का निरीक्षण किया। हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा ने अपने इलाके अरगोड़ा, डोरंडा, धुर्वा, तुपुदाना और पुंदाग एरिया में रात भर अभियान चलाया है। इसमें कई मामलों में फरार अपराधियों गिरफ्तारी के लिए कई क्षेत्र में छापेमारी की। उल्लेखनीय है कि राज्य में लॉ एंड ऑर्डर को लेकर बीते शुक्रवार को हुई उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नाराजगी जतायी थी। इसके बाद से पुलिस एक्टिव नजर आ रही है।

### झारखंड आदिवासी महोत्सव 9-10 अगस्त को

# मुख्यमंत्री के सचिव ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व आदिवासी दिवस पर 9-10 अगस्त को जेल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान सह संग्रहालय में झारखंड आदिवासी महोत्सव का आयोजन होगा। मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे ने रविवार को संबंधित अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि झारखंड के समृद्ध जनजातीय जीवन दर्शन की खूबसूरती को देश-दुनिया में अलग पहचान दिलाने के लिए पिछले वर्ष विश्व आदिवासी दिवस पर पहली बार झारखंड आदिवासी महोत्सव का आयोजन हुआ था। इस वर्ष झारखंड आदिवासी महोत्सव को और भी वृहद स्तर पर भव्य तरीके से मनाया जाएगा।

**झारखंड आदिवासी महोत्सव के कार्यक्रम** : ट्राईबल रिसर्च इंस्टीट्यूट के तत्वावधान में सेमिनार, पैनल डिस्कशन, ट्राईबल फिल्म फेस्टिवल, ट्राइबल फूड्स फेस्टिवल और पेंटिंग एग्जीबिशन का आयोजन होगा। इसमें देशभर के ख्याति प्राप्त आदिवासी साहित्यकार, विशेषज्ञ, इतिहासकार आदि शामिल होंगे। कल्चरल प्रोग्राम के तहत गीत, नृत्य, इंस्ट्रुमेंटल परफॉर्मेंस, नेशनल और इंटरनेशनल बैंड के कार्यक्रम होंगे। इन कार्यक्रमों में विभिन्न राज्यों के



जनजातीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा यूथ आईकॉन भी आमंत्रित किए जाएंगे। महोत्सव में हॉकी, फुटबॉल, एथलेटिक और तीरंदाजी की प्रतियोगिताएं भी होंगी। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार राशि देकर पुरस्कृत किया जाएगा महोत्सव में ट्राइबल सेलिब्रिटीज भी आमंत्रित किए जाएंगे। इनमें फेमिना मिस इंडिया रिया तिर्की, क्वीन ऑफ इंटरनेशनल टूरिज्म एंजल मेरिना तिर्की, अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर मेरीकॉम, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की और अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज कोमालिका बारी को आमंत्रित किया जाएगा।

### अग्रवाल युवा सभा ने आमरेश्वर धाम, खूंटी में की पूजा अर्चना




**रांची।** अग्रवाल युवा सभा, रांची ने रविवार को खूंटी स्थित आम्रेश्वर धाम यात्रा का आयोजन किया। जिसमें सभी भक्त रांची के विभिन्न क्षेत्रों से एकत्रित होकर आम्रेश्वर धाम पहुंचे और भगवान शिव की पूजा, अर्चना, आराधना की। भगवान शिव को जल, दूध, चंदन, बेलपत्र, शमी पत्र, पुष्प आदी के साथ अभिषेक कर भक्तों ने उनकी पूजा अर्चना की। कार्यक्रम संयोजक हरीश अग्रवाल, विवेक लोहिया एवं नीरज अग्रवाल ने संपूर्ण व्यवस्था को बहुत सुसज्जित ढंग से सजाया। भगवान शिव की इस यात्रा में अग्रवाल युवासभा के अध्यक्ष सौरव बजाज, सचिव रोहित सरावगी, एवं कई सदस्यों ने अपने परिवार एवं इष्ट मित्रों के संग भगवान की आराधना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। यह सारी जानकारी मीडिया प्रभारी रौनक झुनझुनवाला एवं अमित बजाज ने दी।

### श्री श्याम मन्दिर में शिव लिंग के महारुद्राभिषेक का विधि विधान से किया गया आयोजन



**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में विगत शनिवार को श्रावण अधिकमास के पावन अवसर पर मन्दिर में विराजमान शिव लिंग के महारुद्राभिषेक का विधि विधान से भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर भोले बाबा के सभागृह को मनभावन स्वरूप प्रदान किया गया तथा पूरे शिव परिवार का भव्य श्रृंगार किया गया। प्रारम्भ में मण्डल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला ने स्पत्निक संकल्प पूजन कराया तथा इस रूद्राभिषेक का कार्य कार्यक्रम प्रधान आचार्य पंडित श्याम सुंदर भारद्वाराज के दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष शिव भक्ति में लीन हो मन्दिर परिसर में उत्साहित थे । क्रमवार मण्डल के सभी सदस्य एवम उपस्थित भक्तजन ने रूद्राभिषेक में भाग लिया तथा उपस्थित भक्तजनों द्वारा ॐ नमः शिवाय के जाप से पूरा मन्दिर परिसर शिव मय हो उठा। रूद्राभिषेक के सम्पन्न होने पर भोले बाबा का महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में धीरज बंका, राजेश सारस्वत, विवेक ढांढनीयां, प्रदीप अग्रवाल, विकाश पाडिया, अजय साबू , महेश सारस्वत, जीतेश अग्रवाल, नितेश लाखोटिया, राजेश सारस्वत का सहयोग रहा।

# सांसद ने दीदी मां साध्वी ऋतंभरा का लिया आशीर्वाद, सितंबर में आयेंगी रांची

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सांसद संजय सेठ वात्सल्य ग्राम वृंदावन जाकर दीदी मां साध्वी ऋतंभरा का आशीर्वाद प्राप्त किया और सितंबर माह में रांची आने का निमंत्रण दिया जिसे दीदी मां ने सहस स्वीकार करते हुए रांची आने की बात कही दीदी मा साध्वी ऋतंभरा मानव कल्याण के लिए भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में काम कर रही है जिसके कई उदाहरण है पूरे विश्व में अनाथ बच्चों एवं असहाय लोगों के लिए वात्सल्य ग्राम की स्थापना की गई है जहां ऐसे लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, एवं वहां रहने की पूरी व्यवस्था की गई है। वात्सल्य ग्राम में गोकुलम की स्थापना की गई है जहां पर निराश्रित बच्चे बच्चियों को डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, एवं



स्वाबलंबी, बनाया जा रहा सांसद सेठ ने कहा वात्सल्य ग्राम में अनाथ बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए स्कूल की स्थापना की गई है । चिकित्सा के क्षेत्र में भी नि सहाय लोग को मुफ्त में इलाज की व्यवस्था सहित कई तरह के उपकरण उपक्रम मुहैया कराए जाते हैं। गौ माता की सेवा के लिए हजारों गाय गोकुल में है। ऐसे दीदी मां जो दिन-रात मानव कल्याण की सेवा में लगी रहती हैं मानव जीवन के कल्याण कैसे हो ऐसे महान दीदी मां के चरण रांची के मानव कल्याण के लिए रांची की पावन धरती पर उनका आगमन रांची वासियों के लिए सौभाग्य होगा जिनका मार्गदर्शन हम सबको मिल पाएगा।

### सीईटी ने मनाया 42वां स्थापना दिवस

**रांची।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के इन हाउस इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी परामर्शदाता सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) ने 42वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम का आयोजन इस्पात भवन के ऑडिटोरियम में किया गया। इस अवसर पर सीईटी परिवार के उत्साह और मनमोहक प्रस्तुतियों ने मन मोह लिया। सीईटी के कार्यपालक निदेशक प्रभारी जगदीश अरोड़ा, आशीष चक्रवर्ती कार्यपालक निदेशक (सुरक्षा एवं मानव संसाधन), एस के वर्मा कार्यपालक निदेशक सीईटी, वेदप्रकाश कार्यपालक निदेशक (डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन), संदीप कुमार कार्यपालक निदेशक (आर.डी.सी.आई.एस) और काजल दास भूतपूर्व कार्यपालक निदेशक सीईटी इस महोत्सव में शामिल हुए। रंग-बिरंगे सांस्कृतिक उत्सव के आयोजन ने दर्शकों को पूरे कार्यक्रम के दौरान सम्मोहित किए रखा।

# भारतमाला प्रोजेक्ट में जमीन भी गई और मुआवजा भी नहीं मिला

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत चाडू पंचायत के एक दर्जन किसानों की जमीन अधिग्रहित होने के बाद भी मुआवजा नहीं मिल रहा है। इस भूखंड में फर्जी वंशावली बनाकर दूसरे लोग भी दावा पेश कर रहे हैं। किसानों ने ओरमांझी के सीओ पर मामले को उलझाने का आरोप लगाया है। दावेदार कैला महतो, भगडू महतो, ललक महतो, हर्षनाथ महतो, नकुल महतो, हीरालाल महतो, आनंद महतो, रामदयाल महतो, कपिल महतो और जगन्नाथ महतो सहित लगभग एक दर्जन किसानों की कुल तीन एकड़ जमीन भू-अर्जन विभाग ने अधिग्रहित की थी। जिसका मुआवजा सभी को कुल मिलाकर लगभग 90 लाख रुपये मिलना है। किसानों ने बताया कि इस जमीन पर 70 साल से उनके पूर्वज खेतीबारी करते आ रहे हैं। खतियान गणेश महतो के नाम पर है। लेकिन जमीन को भारत माला प्रोजेक्ट के तहत अधिकृत करने का समय आया तो वनलोटवा निवासी तुलसी यादव, वंशी यादव, मुंशी यादव और राजू यादव नकली वंशावली तैयार कर खतियानी मालिक गणेश महतो का नकली वंशज बनकर जमीन पर अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं।

**क्या कहना ने सीओ का**

इस संबंध में ओरमांझी सीओ विजय केरकेट्टा ने बताया कि मामले को उलझाया नहीं गया है। इस जमीन के दो दावेदार सामने आ रहे थे। मामला विवादित होने के कारण एलए कोर्ट भेज दिया गया है। उनकी अधिकृत जमीन पर प्रोजेक्ट का काम होगा। असली दावेदार के लिए कोर्ट के फैसले का इंतजार करना होगा।

### श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का हुआ वितरण



**रांची।** रविवार को 98 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन संस्था के सदस्य एवं गुरु महाराज के परम भक्तिभावी शिष्य रांची निवासी नितिन मुरारका के जन्मदिवस के सुअवसर उनकी माता जी सावित्री देवी मुरारका और उनके परिवार के सौजन्य से कि गई। रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एम आरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वावधान में गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के 51 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में रविवार को रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर के प्रांगण में संस्था के अन्नापूर्णा भंडारे के संयोजक ओमप्रकाश सरावगी सह योगजक पवन पोद्दार पुर्णमल सर्राफ समिति की सावित्री देवी मुरारका, अमिता जालान, रीधि जालान के द्वारा वहां के जरूरतमंद के बीच 98 वाँ निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया। आज संस्था के सदस्यों ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान एवं गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद अर्पित कर वहां उपस्थित 5 पुजारियों को भोजन खिलाकर दक्षिणा देकर मंदिर परिसर में आये हुए महिलाओं और पुरूष श्रद्धालुओं को चंदन का तिलक करने भजन संकीर्तन कर श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण शुरू किया गया। आज के भंडारे में संस्था ने भोजन के प्रसाद में विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनों में कचोडी, पुडी, खीर, आलु, दाल, चना, टमाटर मिश्रित सब्जी एवं भेजिटेबल पुलाव का वितरण किया। मंदिर परिसर में आये हुए लगभग 1300 श्रद्धालुओ के बीच (बॉम्बे बेफर्स) के प्रोपराइटर विशाल जी जालान के सौजन्य से वितरण किया। प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा प्रत्येक रविवार को दोपहर 12:30 बजे से पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन मंदिर के प्रांगण में संस्था के द्वारा किसी ना किसी के सौजन्य की जाती है। आज के अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, ओम प्रकाश सरावगी, निर्मल छावनिका, पवन पौदार(ताउ), विशाल जालान, ज्ञान प्रकाश शर्मा, चन्द्रदिप साहु, धीरज कुमार गुप्ता, परमेश्वर साहु, महेश वर्मा, बसंत वर्मा महिला समिति की सावित्री मुरारका, रिधि जालान, अमिता जालान एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

**आस्था**

### चिन्मय मिशन में श्रीमद्भागवत कथा की हुई शुरुआत

# शोभा यात्रा के माध्यम से व्यास पीठ में हुई प्रतिस्थापना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चिन्मय मिशन, रांची के तत्वावधान में रविवार से श्रीमद्भागवत कथा का प्रारंभ यजमानों द्वारा भागवत जी को परंपरागत विधि से शोभा यात्रा के माध्यम से व्यास पीठ में प्रतिस्थापना कर हुआ। नरसिंह मन्दिर में पूजा कर परंपरागत परिधान में महिलाओं और पुरुषों द्वारा कलश लेकर भक्ति भाव के साथ कथा स्थल चिन्मय मिशन में भागवत जी लिये गए। प्रथम दिन स्वामी जी ने बताया कि मानवीय जीवन में बिना समझे वस्तुओं को महत्व देते हैं एवं उनका आश्रय लेते हैं। जीवन में आश्रय लेने वाली चीज क्या है, इसका पता लगता है सत्संग से, संत चरणों के पास बैठने से, शास्त्र के अध्ययन से। महाभारत काल में देखा गया कि सभी पात्रों ने अपने किसी न किसी गुण का आश्रय लिया हुआ था । शकुनि ने छल का ही आश्रय






लिया। शास्त्र कहते हैं कि आश्रय की शुद्धि होनी चाहिए, हम सब का व्यक्तित्व इदम के साथ खड़ा होता है। अहं इदं, इदं मम - यह हमारा नैसर्गिक व्यवहार है। वैसे तो गृहस्थ आश्रम तीनों आश्रमों का पोषक है। किन्तु कुछ गृहस्थ - त्रस्त रहते हैं फिर अस्त हो जाते हैं। सभी आश्रमों में सुख के लिए भक्ति, ज्ञान व वैराग्य की आवश्यकता है । निरन्तर विवेक वर्धन की आवश्यकता है। विवेक व वैराग्य बहुत बड़ी चीज है जो भक्ति से प्राप्त होती है । जैसे मां अपने पुत्र को स्वच्छ करती है , भगवान हमें वैराग्य प्रदान करते हैं। स्वामी जी ने कहा कि ब्राह्मण दीन नहीं हो सकता है , वह गरीब हो सकता है। प्रायः यह कहा जाता है कि सत्य कड़वा होता है , किन्तु ऐसा नहीं है , हमें सत्य बोलना नहीं आता है। शौनक ऋषि नैमिषारण्य में रहते हैं और यहां पर भागवत कथा चल रही है? भागवत के अन्दर भागवत है । यहां कई कथा एक साथ चल रही है । इसी में एक कथा परिक्षित जी और शुकदेव महाराज जी की है। इसमें धुंधूकारी की मुक्ति के लिए भागवत कथा सुनने कहा गया । स्वामी जी ने कहा कि कथा में निश्चल वृत्ति होनी चाहिए । इस कथा के 5 मुख्य यजमान हैं - आर एस अग्रवाल, पवन मंत्री , राजीव रंजन , श्रवण जाजोदिया एवं बैजनाथ सिंह। मुख्य संयोजक वी के गढ़यान है एवं इन्हें सहयोग करने के लिए मिशन के कई श्रद्धालु गण श्याम टोरका, विजय सरायका, अशोक मंगल, राजेश कौशिक, प्रेम आर्य , बसंत शर्मा एवं अन्य लोग शामिल हैं। बताया गया कि पूजने के लिए बनारस से लिए पंडित जी एवं संगीतकार भी संकीर्तन में सहयोग करने आए हैं। स्वामी जी की प्रवचन शैली को सभी श्रोताओं ने सराहा, कथा 29 जुलाई तक चलेगी।

### धर्म परिवर्तन रोकने के लिए विधेयक लाए हेमंत सरकार : बाबूलाल



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार विधानसभा के मानसून सत्र में मॉब लिंचिंग विधेयक को फिर से लाने की तैयारी में है। कैबिनेट से पास किए जाने के बाद इसी सत्र में इसे लाया जाना है। मरांडी ने सोशल मीडिया पर कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मॉब लिंचिंग पर फिर एक बार विधेयक लाने जा रहे हैं, जिसे पिछली बार राज्यपाल ने लौटा दिया था। बाबूलाल ने सवाल पूछते कहा है कि आखिर मुख्यमंत्री इस विधेयक के लिए इतना व्याकुल क्यों हैं। यदि उनके मन में तनिक भी ईमानदारी है तो धर्म परिवर्तन रोकने को भी विधेयक लाना चाहिये। लव जिहाद से पूरा झारखंड खासकर संथालपरगना और संताल समुदाय तबाह हो रहा है। सरकार में दम है तो इस पर विधेयक लाए।

# असम को भारतीय कुश्ती महासंघ की सदस्यता मिली



**एजेंसी। गुवाहाटी**

असम कुश्ती संघ (एडब्ल्यूए), जिसके लिए राज्य निकाय ने पहले राष्ट्रीय महासंघ के चुनाव को स्थगित करने के लिए अदालत में याचिका दायर की थी, को शनिवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की सदस्यता दे दी गई। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की तदर्थ कुश्ती समिति ने एडब्ल्यूए को बताया कि उसके सदस्यता आवेदन को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दे दी गई है। कुश्ती के लिए आईओए की तदर्थ समिति के सदस्य भूपेंदर सिंह बाजवा ने एडब्ल्यूए अध्यक्ष को लिखे पत्र में कहा, आपके आवेदन पर विचार करने के बाद, डब्ल्यूएफआई की तदर्थ समिति में निहित शक्तियों के माध्यम से, आपको तत्काल प्रभाव से भारतीय कुश्ती महासंघ की सदस्यता प्रदान की जाती है। पत्र में आगे उल्लेख किया गया है, यह निर्णय असम कुश्ती संघ द्वारा माननीय गुवाहाटी उच्च न्यायालय में केस संख्या डब्ल्यूपीसी (सी) / 3757/2023 में दायर मामले के परिणाम के अधीन है।

एडब्ल्यूए के अध्यक्ष रतुल शर्मा ने कहा कि राज्य संगठन ने पहले ही सदस्यता के लिए सभी आवश्यकताओं को पूरा कर लिया है, जिसमें आवश्यक सदस्यता शुल्क का भुगतान भी शामिल है, और राष्ट्रीय संगठन को अपने प्रतिनिधियों के नाम भी सौंप दिए हैं। उन्होंने कहा, हम (आईओए) तदर्थ समिति के फैसले की सराहना करते हैं क्योंकि यह हमारे राज्य के पहलवानों के साथ वर्षों से हो रहे बड़े अन्याय को सुधारता है। डब्ल्यूएफआई चुनाव में भाग लेने के लिए एडब्ल्यूए की याचिका के बाद गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने 25 जून को 11 जुलाई को होने वाले चुनावों पर रोक लगा दी थी। 15 नवंबर 2014 को राष्ट्रीय महासंघ की कार्यकारी समिति की सिफारिश के बावजूद, राज्य संघ का यह तर्क कि वह मतदान के अधिकार के साथ डब्ल्यूएफआई का संबद्ध सदस्य बनने का हकदार था, खारिज कर दिया गया। निर्वाचक मंडल के लिए नाम जमा करने की अंतिम तिथि 25 जून थी। हाईकोर्ट ने 17 जुलाई को एक बार फिर मामले की सुनवाई की और चुनाव प्रक्रिया पर स्थगन आदेश बरकरार रखते हुए सुनवाई की अगली तारीख 28 जुलाई तय की। लेकिन 18 जुलाई को आंध्र प्रदेश एमेच्योर रेसलिंग एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने गुवाहाटी हाई कोर्ट के फैसले को निलंबित कर डब्ल्यूएफआई चुनावों का रास्ता साफ कर दिया।

## बल्लेबाज लाहिरू तिरिमाने ने लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास



**एजेंसी। कोलंबो**

श्रीलंका के बल्लेबाज लाहिरू तिरिमाने ने तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। 33 वर्षीय खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर अपने फैसले की जानकारी दी, जिससे उनके करियर का अंत हो गया, जिसमें उन्होंने 2010 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद श्रीलंका के लिए 44 टेस्ट, 127 एकदिवसीय और 26 टी20 में भाग लिया। तिरिमाने ने फेसबुक पर पोस्ट किया, पिछले कुछ वर्षों से अपने देश का प्रतिनिधित्व करना बेहद सम्मान की बात है। इस खेल ने मुझे पिछले कुछ वर्षों में बहुत कुछ दिया है। लेकिन बहुत सारी मिश्रित भावनाओं के साथ, मैं तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा करने के लिए यहां हूं। एक खिलाड़ी के रूप में मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है, मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है।

## NEWS इन ब्रीफ

### रवि दहिया एशियन गेम्स में नहीं ले पाएंगे भाग



**नई दिल्ली।** ओलंपिक में रजत पदक विजेता स्टार पहलवान रवि दहिया आगामी एशियन गेम्स 2023 में भाग नहीं ले पाएंगे। रविवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में चल रहे एशियन गेम्स ट्रायल्स में दहिया 57 किग्रा भार वर्ग में महाराष्ट्र के पहलवान आतिश टोडकर से हारकर बाहर हो गए। पहलवान आतिश ने ओलंपियन दहिया को 20-8 से मात दी। दहिया ने टोडकर के खिलाफ कुछ अंक बनाए, लेकिन टोडकर ने आखिर में उन्हें चित कर दिया। टोडकर ने दहिया को लगातार चकमा दिया। दहिया के पास टोडकर के दांव का कोई जवाब नहीं था। टोडकर ने शानदार खेल दिखाया और उलटफेर करते हुए शीर्ष पहलवान के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज की।

### पाक के हमजा खान ने विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप जीती



**मेलबर्न/इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के स्क्वैश खिलाड़ी हमजा खान ने आज यहां टूर्नामेंट में मिस्र के मोहम्मद जकारिया को हराकर विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप-2023 जीत ली। हमजा 1986 के बाद पाकिस्तान के पहले चैंपियन बने। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में आयोजित टूर्नामेंट में हमजा ने जकारिया को 3-1 से हराया। पाकिस्तान के खेल विशेषज्ञों का कहना है कि आखिरी बार 2008 में पाकिस्तान के आमिर एटलस ने फाइनल में जगह बनाई थी और पाकिस्तान की ओर से आखिरी विजेता 1986 में जानशेर खान थे। पाकिस्तान में हमजा को बधाई देने का तांता लग गया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 37 साल बाद पाकिस्तान खिताब वापस लाने के लिए स्क्वैश खिलाड़ी हमजा खान को बधाई दी है।

# पाक ने जीता इमर्जिंग एशिया कप 2023

## भारत ए को फाइनल में 128 रनों से हराया



**एजेंसी। कोलंबो**

पाकिस्तान ए ने इमर्जिंग एशिया कप 2023 के फाइनल मुकाबले में भारत ए को 128 रनों से हरा दिया। पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए 8 विकेट खोकर 352 रन बनाए थे। तैय्यब ताहिर ने पाकिस्तान के लिए शतकीय पारी खेली। उन्होंने पहले 67 गेंदों में शतक पूरा किया फिर 71 गेंदों में 108 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी में 12 चौके व 4 दनदनाते छक्के शामिल रहे। उनकी पारी को 45वें ओवर में हैंगरगेकर ने खत्म किया, लेकिन तब तक वह अपना काम कर चुके थे। जवाब में खेलने उतरी भारतीय टीम 224 रन ही बना सकी और मैच 128 रन से गंवा दिया।

इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पाकिस्तान की ओपनर जोड़ी सैम अयूब (59) व साहिबजादा फरहान (65) ने शानदार शुरूआत देते हुए पहले विकेट के लिए 17.2 ओवर में 121 रनों की विशाल साझेदारी की। तीसरे नंबर पर आए ओमेर युसूफ ने भी 35 रनों की पारी खेली। इनके अलावा मुबासिर खान ने भी 35 रनों का सहयोग दिया। भारत के लिए रियान पराग व हैंगरगेकर ने 2-2 विकेट लिए, जबकि हर्शित राणा, मानव सुथार व निशांत संधू को 1-1 विकेट मिला।

जवाब में खेलने उतरी भारत ए टीम ने साईं सुदर्शन और अभिषेक शर्मा के कारण बढ़िया शुरूआत की थी। 9वें ओवर साईं सुदर्शन 29 रन बनाकर आऊट हो गए। हालांकि उनका आऊट होना विवादों से भरा रहा क्योंकि टीवी स्क्रीन पर नो बॉल लग रही थी। बहरहाल, निकिन जोस के 11रन बनाकर आऊट होने के बाद भारतीय कप्तान यश धुल ने अभिषेक के साथ पारी आगे बढ़ाई। अभिषेक ने 51 गेंदों पर पांच चौके और एक छक्के की मदद से 61 रन बनाए।

अभिषेक का विकेट गिरते ही भारतीय पारी लड़खड़ा गई। यश धुल 39, निशांत सिधु 10, ध्रुव 9, रियान पराग 14, हर्षित राणा 13 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। आखिर में हेंगरगेकर ने कुछ शॉट लगाए लेकिन लक्ष्य बड़ा होने के कारण टीम इंडिया लक्ष्य तक पहुंच नहीं पाई।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारत:** बी साई सुदर्शन, अभिषेक शर्मा, निकिन जोस, यश ढुल (कप्तान), रियान पराग, निशांत सिंधु, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), मानव सुथार, युवराजसिंह डोडिया, हर्षित राणा, राजवर्धन हंगरगेकर।

**पाकिस्तान:** सईम अयूब, साहिबजादा फरहान, ओमैर यूसुफ, तैयब ताहिर, कासिम अकरम, मोहम्मद हारिस (कप्तान, विकेटकीपर), मुबासिर खान, मेहरान मुमताज, मोहम्मद वसीम, अरशद इकबाल, सुफियान मुकीम।

## स्वीडन ने दक्षिण अफ्रीका को 2-1 से हराया



**एजेंसी। वेलिंगटन**

अमांडा इलेस्टेड के 89वें मिनट में किये गये गोल से स्वीडन ने रविवार को यहां महिला फुटबॉल विश्व कप के ग्रुप जी के शुरूआती मैच में दक्षिण अफ्रीका पर 2-1 से जीत हासिल की। इससे दक्षिण अफ्रीका की टूर्नामेंट में पहला बड़ा उलटफेर करने की उम्मीदों पर पानी फिर गया। दक्षिण अफ्रीका ने हिल्दाह मिगाला के 48वें मिनट में किये गये गोल से बढ़त बना ली थी जिससे स्वीडन की टीम दबाव में आ गयी थी। लेकिन स्वीडन ने 64वें मिनट में फ्राइडोलिना रोल्फो के गोल से 1-1 से बराबरी हासिल की। मैच खत्म होने में महज एक मिनट का समय बचा था कि अमांडा ने कॉर्नर पर हेडर से गोल कर स्वीडन को जीत दिलायी।

## सात्विक-चिराग की भारतीय जोड़ी ने कोरिया ओपन का जीता खिताब




**येओसु (कोरिया) :** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी ने रविवार को यहां पुरुष युगल फाइनल में फजर अल्फियान और मोहम्मद रियान आर्दियांतो की इंडोनेशियाई शीर्ष वरीय जोड़ी पर 17-21 21-13 21-14 की जीत से कोरिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट खिताब जीत लिया। भारतीय जोड़ी एक गेम से पिछड़ रही थी लेकिन उसने शानदार वापसी करते हुए एक और खिताब अपनी झोली में डाला।

### कोच पारस म्हाम्ब्रे ने की आलोचना

## वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने शॉट खेलने तक का प्रयास नहीं किया



**एजेंसी। पोर्ट ऑफ स्पेन**

भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने दूसरे टेस्ट मैच के लिए उपयोग की जा रही पिच को बल्लेबाजी के लिए बेहद धीमी करार देते हुए शॉट खेलने का प्रयास तक नहीं करने के लिए वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों की आलोचना की। वेस्टइंडीज दो मैचों की श्रृंखला में अभी 0-1 से पीछे है। उसने दूसरे टेस्ट में भारत के 438 रन के जवाब में तीसरे दिन रन बनाने के लिए कोई विशेष प्रयास नहीं किए।

कैरेबियाई टीम ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक पांच विकेट पर 229 रन बनाए थे और वह भारत से 209 रन पीछे है। म्हाम्ब्रे ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, पिच बेहद धीमी और बल्लेबाजी के लिए बहुत आसान है। दिन का खेल समाप्त होने तक यह थोड़ा टर्न लेने लग गई थी। वेस्टइंडीज ने बल्लेबाजी में बेहद रक्षात्मक रवैया अपनाया। जब बल्लेबाज शॉट खेलने का प्रयास करता है तो विकेट लेने का भी मौका होता है लेकिन उन्होंने ऐसी कोशिश ही नहीं की।

उन्होंने कहा, हमारे गेंदबाजों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्हें जो भी मौके मिले उन्होंने उसका फायदा उठाया। मुंबई के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, पिच जीवंत होनी चाहिए। बल्लेबाजों और गेंदबाजों के लिए संतुलन होना चाहिए। डोमिनिका की पिच में टर्न था लेकिन हमने परिस्थितियों का बेहतर इस्तेमाल किया। इस पिच पर हालांकि 20 विकेट लेना मुश्किल होगा।

भारतीय गेंदबाजी कोच ने अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे हैं तेज गेंदबाज मुकेश कुमार के प्रदर्शन पर संतोष जताया जिन्होंने किर्क मैकेंजी के रूप में अपना पहला विकेट लिया। म्हाम्ब्रे ने कहा, पहले सत्र में पहली गेंद करने के बाद उसने जो प्रगति दिखाई उससे मैं काफी खुश हूं। दूसरे सत्र में उसने गेंद को कुछ मूव किया। यह वास्तव में अच्छा प्रयास था।

## भारत के 438 रन के जवाब में वेस्टइंडीज का स्कोर 5 विकेट पर 229 रन




**एजेंसी। पोर्ट ऑफ स्पेन**

भारत के पहली पारी के 438 रन के जवाब में वेस्टइंडीज में दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन शनिवार को अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 229 रन बनाए। बारिश के बार-बार व्यवधान के बावजूद भारतीय गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। इससे भारत अभी पहली पारी में 209 रन से आगे है। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय एलिक अथानाज (37) ने जेसन होल्डर (11) क्रीज पर थे। पिच से गेंदबाजों को खास मदद नहीं मिल रही थी लेकिन रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और मोहम्मद सिराज ने इसके बावजूद सफलता हासिल की और मैच में भारत का पलड़ा भारी रखा।

अश्विन ने खूबसूरत ऑफ ब्रेक पर वेस्टइंडीज के कप्तान क्रेग ब्रेथवेट का विकेट लिया जिन्होंने वेस्टइंडीज की तरफ से सर्वाधिक 75 रन बनाए। भारत की तरफ से रविंद्र जडेजा ने 36 रन देकर दो जबकि अश्विन, सिराज और मुकेश कुमार ने एक-एक विकेट लिया है। भारत अब खेल के चौथे दिन वेस्टइंडीज की पारी को जल्दी से समेटने का प्रयास करेगा जिससे कि मैच में उसकी पकड़ मजबूत बनी रहे।

### एकदिवसीय मैच ‘अंपायरिंग मानकों’ पर भड़कीं हरमनप्रीत कौर, बोलीं

# हमें इस मैच से बहुत कुछ सीखने को मिला



**एजेंसी। ढाका**

भारत और बंगलादेश के बीच तीसरा महिला एकदिवसीय मैच शनिवार को रोमांचक टाई पर समाप्त होने के बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने अंपायरिंग के मानकों की जमकर आलोचना की। हरमनप्रीत ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि इस मैच से हमें बहुत कुछ सीखने को मिला है। क्रिकेट के अलावा भी जिस तरह की अंपायरिंग हो रही थी, हम बहुत हैरान थे। अगली बार जब हम बंगलादेश आयेंगे तो ध्यान रखेंगे कि हमें इस प्रकार की अंपायरिंग से निपटना होगा और उसके अनुसार खुद को तैयार करना होगा। बंगलादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 225 रन बनाये। भारत के 226 रन के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान तीन विवादास्पद फैसले दिये गये। यास्तिका भाटिया सुल्ताना खातून की गेंद पर पगबाधा दिये जाने से हैरान रह गयीं, जबकि गेंद उनके पिछले पैर पर काफी ऊंची लगी थी। हैरान यास्तिका पवेलियन लौटने से पहले अपनी क्रीज में कुछ देर खड़ी रहीं। भारत की निराशा तब आसमान छू गयी जब कप्तान हरमनप्रीत को पगबाधा आउट दिया गया, जबकि उनके अनुसार गेंद उनकी बाजू से लगी थी। हरमनप्रीत ने कहा, ₹बंगलादेश ने अच्छी और स्थिति के अनुसार बल्लेबाजी की। उन्होंने लगातार सिंगल लिये जो महत्वपूर्ण थे। बीच में हमने कुछ रन लुटाए, लेकिन जब हम बल्लेबाजी कर रहे थे तो हमने खेल पर बहुत अच्छी तरह से नियंत्रण किया, लेकिन जैसा कि मैंने पहले बताया था कि कुछ खराब अंपायरिंग निर्णय लिये गये और हम अंपायरों द्वारा दिये गये कुछ फैसलों से वास्तव में निराश हैं। भारत के जख्मों पर नमक तब छिड़का गया जब दोनों टीमों के स्कोर बराबर थे और एक गेंद को कट करने की कोशिश करते समय मेघना सिंह को विकेट के पीछे कैच आउट करार दिया गया।

### हमें बेहतर अंपायरिंग की उम्मीद थी : मंधाना

**मीरपुर।** कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना ने शनिवार को यहां तीसरे महिला वनडे में बांग्लादेशी अंपायर मोहम्मद कामरूज्जमान और तनवीर अहमद की अंपायरिंग की आलोचना की। दोनों टीमों ने 225 रन का समान स्कोर बनाया जिससे मुकाबला टाई रहा और श्रृंखला 1-1 से बराबर रही। जब मंधाना से अंपायरिंग के संबंध में सवाल पूछा गया तो उन्होंने जवाब दिया, आपको क्या लगता है? उन्होंने कहा, किसी भी मैच में कभी कभार होता है कि आप इस तरह ..(की अंपायरिंग) से खुश नहीं होते विशेषकर तब जब इस बार श्रृंखला में डीआरएस भी नहीं है। मंधाना ने कहा, हमें बेहतर अंपायरिंग के स्तर की उम्मीद थी। कुछ फैसलों में बेहतर अंपायरिंग का स्तर चाहिए था क्योंकि कुछ फैसलों में यह साफ दिख रहा था। उन्होंने कहा, मुझे भरोसा है कि आईसीसी, बांग्लादेश बोर्ड और भारतीय बोर्ड निश्चित रूप से इस पर चर्चा करेगा, और शायद फिर तटस्थ अंपायरिंग प्रणाली आ जाये ताकि हम फिर इस तरह की चर्चा नहीं करें।

